सुप्रभात
रांची, सोमवार
02.10.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ




khabarmantra.net | आश्विन, कृष्ण पक्ष, तृतीया संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 82

12 सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति : चंद्रयान 3 की तरह बन रहा पूजा पंडाल

## न्यूज डायरी

### हाफिज सईद का साथी कराची में मारा गया

नयी दिल्ली। मुंबई हमले का मास्टर माइंड लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी) सरगना हाफिज सईद का करीबी मुफ्ती कैसर फारूक की कराची में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार कर हत्या कर दी। हाल में ही लश्कर से जुड़े एक अन्य मौलवी मौलाना जिया उर रहमान की भी कराची में हत्या कर दी थी। इससे पहले, आइएसआइ से जुड़ा खालिस्तान कमांडो फोर्स का परमजीत सिंह पंजवार भी मारा गया था। भारत का मोस्ट वॉन्टेड आतंकी हाफिज सईद के पुत्र का भी पिछले दिनों अपहरण कर लिया गया है।

### स्वच्छ वातावरण में ही अच्छा सेहत : राज्यपाल

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन सादगी और स्वच्छता का प्रतीक था। स्वच्छता का तात्पर्य बाहरी स्वच्छता के साथ आंतरिक स्वच्छता से भी है। महात्मा गांधी का मानना था कि स्वस्थ समाज के लिए स्वच्छ वातावरण आवश्यक है। यह संदेश जन-जन तक पहुंचे, इसके लिए प्रधानमंत्री ने इस अभियान का शुभारंभ किया है। राज्यपाल रविवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित स्वच्छता ही सेवा, एक तारीख-एक घंटा श्रमदान कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### संसदीय संघ सम्मेलन में भाग लेने स्पीकर रवाना

रांची। झारखंड विधान सभा के अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के 66वां सम्मेलन में प्रतिनिधि के रूप में भाग लेने रविवार को दिल्ली से पश्चिम अफ्रीका के घाना गणराज्य के लिए रवाना हुए। अध्यक्ष के प्रतिनिधि मंडल में सीपी सिं एवं । निरल पुरती भी शामिल हैं। यह 06 अक्टूबर तक अकरा में निर्धारित है। श्री महतो वहां अपना व्याख्यान भी प्रस्तुत करेंगे।

### दुमका में करंट लगने से एक मजदूर की मौत

दुमका। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मुड़ाबहाल में रविवार को करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार लडरू राय (60) एक दुकान में काम कर रहा था। उसी दौरान यह हादसा हुआ। परिजनों के अनुरोध पर पुलिस ने बगैर पोस्टमार्टम के शव को सौंप दिया।

### निर्बल की रक्षा का कर्तव्य ही हिंदू धर्मः राहुल गांधी

नयी दिल्ली। राहुल गांधी ने एक समाचार पत्र के लिए लिखे एक लेख में हिंदू होने को 'एक ऐसे व्यक्ति के रूप में वर्णित किया है जो अपने डर पर काबू पाने का साहस रखता है ताकि वह जीवन के महासागर का अवलोकन कर सके। जीवन की अपनी परिभाषा से शुरुआत करते हुए, सांसद ने लेख में कहा है कि हिंदू होना 'खुशी, प्यार और भय के विशाल महासागर में गोते लगाने जैसा है। ऐसा सागर जो सागर प्रेम, संबंध और खुशी को जन्म दे सकता है, वहीं मृत्यु, भूख, हानि, दर्द, तुच्छता और विफलता का भय भी है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 54,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# झारखंड में आफत की वर्षा

## रांची में एक बहा, कई घरों में घुसा पानी, सड़कें तालाब बनीं

- जामताड़ा में ठनका से चार की मौत, बोकारो में दीवार गिरी, बच्ची की मौत
- तमाम डैम, नदी-नाले उफान पर, जनजीवन अस्त-व्यस्त



खबर मन्त्र टीम

रांची। राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में लगातार हो रही मूसलधार बारिश कहर बन कर टूटी। सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शनिवार रात से शुरू हुई भारी बारिश रविवार को भी जारी रही। रांची के लालपुर स्थित सरईटांड में नाले में एक युवक पानी की तेज धार में बह गया। युवक की जान चली गयी। देव प्रसाद नामक यह युवक नगर निगम के वेंडर मार्केट में काम करता था। शहर के कई निचले इलाकों के घरों में पानी घुस गया। रांची के ही टैगोरहिल के पास बारिश में एक पेड़ गिर गया, जिसमें एक व्यक्ति दब कर घायल हो गया। मोरहाबादी स्थित रतन हाइट्स की एक और बाउंड्री रविवार को गिर गई। वहीं जामताड़ा के नारायणपुर थाना के चंदाडीह लखनपुर गांव में भारी बारिश के बीच वज्रपात से एक महिला व तीन बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गयी। सभी एक ही परिवार के थे और तंबू लगाकर रह रहे थे। भारी बारिश के कारण बोकारो के चास थाना क्षेत्र के धोबनी गांव में मिट्टी की दीवार गिरने से चार वर्षीय बच्ची की दबकर मौत हो गयी। गिरिडीह में लगातार बारिश के कारण नौलखा डैम का कलवर्ट बह गया। कई एकड़ में लगी कफसलें बरबाद हो गयीं। कुछ जिलों को छोड़ कर पूरे राज्य में भारी बारिश ने तबाही बचा दी है। बोकारो तेनुघाट बांध में पानी का दबाव अधिक हो जाने के कारण दो रेडियल गेट खोलने पड़ गये। वहीं मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में और तेज बारिश के आसार हैं। कई स्थानों पर इसे ले कर अलर्ट जारी किया गया है। पांच के बाद से थोड़ी की उम्मीद है।

**तीन साल पहले भी बह गया था एक युवक :** लालपुर थाना क्षेत्र के सरईटांड के पास पुल पास नाले के तेज बहाव में एक युवक बह गया। तीन थानों की पुलिस शव की खोज में लगी है। रविवार को तेज बारिश के समय ही वह अपने बड़े भाई के साथ वापस घर लौट था। इसी दौरान वह पानी की तेज धार की वजह से नाले में ही बह गया। देव प्रसाद राम नामक वह युवक नगर निगम में कार्यरत था। (शेष पेज 11 पर)

### ठनका से एक ही परिवार के चार की गयी जान

जामताड़ा के नारायणपुर थाना के चंदाडीह लखनपुर गांव में एक तंबू पर वज्रपात से तीन बच्चों और एक महिला की मौत हो गयी। इसमें कई लोग झुलस भी गये हैं। भारी बारिश के दौरान आकाशीय बिजली इनके तंबू पर गिरी जिससे चारों की मौत हो गयी। वज्रपात के बाद आनन फानन इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर ले जाया गया, जहां चार को मृत घोषित कर दिया। यह परिवार बंगाल का निवासी था। मृतकों में महिला नेचा चौधरी, पुत्र अंकित चौधरी(11) बेटा गगन चौधरी (5) और 10 माह की नवजात इच्छा कुमारी शामिल है।

### नौलखा डैम का कलवर्ट बहा

मूसलधार बारिश के दौरान रविवार सुबह राजधनवार के चर्चित नौलखा डैम का कलवर्ट बह गया। कलवर्ट ढह जाने से डैम से काफी रफ्तार में पानी निकलने लगा, जिससे डैम का मेड़ भी क्षतिग्रस्त हो गया। डैम के नीचे बुधुवाडीह, ठेका टांड, राजाटोला और बेल्दराडीह आदि में दर्जनों एकड़ में लगी फसल पानी में डूब गयी। कुछ घरों में पानी घुस गया।

### एशियाई खेलों में भारत का स्वर्णिम प्रदर्शन




गोला फेंक में तूर ने जीता गोल्ड

# एक दिन में तीन गोल्ड समेत 15 पदक जीते

एजेंसी

हांगझोऊ। चीन में चल रहे एशियाई खेलों के आठवें दिन रविवार को भारत ने कमाल कर दिया। एक दिन 15 पदक जीते। इनमें तीन स्वर्ण, सात रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। इतने पदकों के साथ भारत ने 13 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। खेलों के इतिहास में यह पहला अवसर है जब भारत ने इतने पदक एक ही दिन में जीत लिये। इससे पहले 2010 में भारत को एक दिन में 11 पदक मिले थे। रविवार को भारत के कुल पदकों की संख्या 53 हो गयी है। इनमें 13 स्वर्ण, 21 रजत और 19 कांस्य पदक शामिल हैं। भारत के तजिंदरपाल सिंह तूर ने गोला फेंक में कमाल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण जीता। वहीं अविनाश साबले ने 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है।

**तूर का लगातार दूसरा गोल्ड :** तजिंदरपाल सिंह तूर लगातार दूसरे एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने में सफल हुए हैं। तजिंदर ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में भी पहला स्थान हासिल किया था। तजिंदर तूर ने 20.36 मीटर के थ्रो में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। (शेष पेज 11 पर)

### अविनाश साबले ने रचा इतिहास

भारत के अविनाश साबले ने एशियाई खेलों में पुरूषों की 3000 मीटर स्टीपलचेस में स्वर्ण पदक जीत लिया है। वह एशियन गेम्स के इतिहास में 3000 मीटर स्टीपलचेज में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष एथलीट भी बन गये। इसी के साथ ही एशियन गेम्स 2023 में एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड) में भारत का ये पहला गोल्ड मेडल भी है। साबले ने 8:19:50 समय के साथ पहला स्थान हासिल किया।

# मोदी ने उठाया झाड़ू, स्वच्छता अभियान में किया श्रमदान

### पीएम की अपील पर झारखंड समेत देशभर में स्वच्छता श्रमदान

एजेंसी



नयी दिल्ली। पीएम मोदी की राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान की अपील पर झारखंड समेत देश भर में नेताओं से लेकर छात्रों तक, सभी क्षेत्रों के लोगों ने रविवार को एक घंटे के श्रमदान में हिस्सा लिया। खुद, प्रधानमंत्री ने भी हाथ में झाड़ू थामकर एक पार्क में सफाई की। उन्होंने फिटनेस और वर्कआउट की पारंपरिक व देसी शैलियों को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्धि हासिल करने वाले अंकित बैयानपुरिया के साथ एक पार्क में श्रमदान करने से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया मंच एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, स्वच्छता से परे, हमने फिटनेस और बेहतर स्वास्थ पर भी ध्यान केंद्रित किया। 'मन की बात' में मोदी ने सभी नागरिकों से एक अक्टूबर को 'स्वच्छता के लिए एक घंटे का श्रमदान' करने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर यह 'स्वच्छांजलि' होगी। उनके आह्वान पर स्वच्छता अभियान में गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, जारखंड में बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, अर्जुन मुंडा,सीपी सिंह, झामुमो सांसद महुआ माझी समेत तमाम बड़े नेताओं ने बढ़ चढ़कर इसमें हिस्सा लिया। (शेष पेज 11 पर)

### कल हाइकोर्ट में मेंशन हो सकती है सीएम की याचिका

रांची। इडी ने सीएम हेमंत सोरेन को पांचवा समन जारी कर चार अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। हालांकि सीएम इससे पूर्व ही ईडी के समन के खिलाफ 23 सितंबर को हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर चुके हैं लेकिन अब तक सुनवाई के लिए इसे कोर्ट के समक्ष मेंशन नहीं किया गया है। ऐसे में संभावना है कि तीन को सीएम की याचिका को सुनवाई के लिए कोर्ट के समक्ष मेंशन किया जा सकता है, जिससे सुनवाई की तिथि निर्धारित हो सके। चार को इडी के बुलावे मामले में हाइकोर्ट में केस के लंबित रहने की बात सीएम फिर समय की मांग कर सकते हैं। पहले सीएम ने सुप्रीम कोर्ट में इडी समन के खिलाफ दायर दी थी, जिसे शीर्ष कोर्ट की सलाह पर वापस ले कर हाइकोर्ट दायर की गयी है। सीएम ने अपनी याचिका में कहा है कि इडी एवं इसके अधिकारी या कर्मी को समन के आधार पर उन पर कार्रवाई से रोका जाये।

झारखंडी अस्मिता से समझौता नहीं, फिर सुप्रीमो चुने जाने पर बोले सुदेश

# सरना धर्म कोड और वृहद झारखंड की लड़ाई तेज करेंगे

**आजसू महाधिवेशन संपन्न**

- रोजगार के क्षेत्र में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण
- व्यवस्था परिवर्तन आंदोलन शुरू करेगी पार्टी



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के तीन दिवसीय महाधिवेशन के समापन सत्र में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी किसी भी राजनीतिक परिदृश्य एवं समीकरण में झारखंडी अस्मिता एवं पहचान तथा पिछड़ों, अल्पसंख्यकों एवं दलितों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगी। रोजगार के क्षेत्र में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण, सरना धर्म कोड व वृहद झारखंड की लड़ाई तेज करेंगे। इससे पूर्व श्री महतो को सर्वसम्मति से एक बार फिर पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष चुना गया।

उमाकांत रजक ने सभा के समक्ष सुदेश महतो के नाम का पशताव रखा। सभी ने ध्वनिमत से इसका समर्थन किया। डोमन सिंह मुंडा चुनाव पर्यवेक्षक थे। रविवार को अंतिम दिन भारी बारिश में भी हजारों कार्यकर्ता डटे रहे।

**सुशासन में आम सहमति, जवाबदेही जरूरी :** अपने संबोधन में सुदेश ने कहा कि सुशासन और स्वशासन में आम सहमति, जवाबदेही महत्वपूर्ण होती है। हम और हमारी पार्टी ने नवनिर्माण के नौ संकल्पों के साथ स्वशासन से सुशासन का लक्ष्य रखा है। इसमें झारखंडी हक और अधिकार तय होंगे। (शेष पेज 11 पर)



## खबर एक नजर में

### स्पीकर दो विधायकों के साथ घाना रवाना



रांची। स्पीकर रवींद्रनाथ महतो रविवार को राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के 66वें सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पश्चिम अफ्रीका रवाना हुए। स्पीकर के साथ भाजपा विधायक सीपी सिंह और झामुमो विधायक निरल पूर्ति भी गये हैं। स्पीकर इस सम्मेलन में ऑब्जर्वर के रूप में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का 66वां सम्मेलन पश्चिम अफ्रीका के घाना के अकरा में 6 अक्टूबर तक चलेगा। रविंद्रनाथ महतो राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के प्रतिनिधि के रूप में प्लीनरी सेशन में अपना व्याख्यान भी प्रस्तुत करेंगे।

### संतुष्ट ग्राहक, हमारा प्रचार अभियान का शुभारंभ



रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को राज भवन में भारत संचार निगम लिमिटेड दिवस 2023 के अवसर पर रांची व्यापार क्षेत्र का अभियान संतुष्ट ग्राहक, हमारा प्रचार का शुभारंभ किया।

### जा सकती है कई अतिथि शिक्षकों की नौकरी

रांची। रांची विवि के अतिथि शिक्षकों द्वारा आए दिन विश्वविद्यालय में धरना प्रदर्शन किए जाने को विश्वविद्यालय को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। उनका कहना है कि महिलाओं को आगे कर अतिथि शिक्षक आए दिन धरना प्रदर्शन कर कार्य में बाधा डालते हैं। इससे कोई परिणाम नहीं निकलेगा। विश्वविद्यालय के वीसी अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि बार-बार आदेश के बाद भी अतिथि शिक्षकों द्वारा पिछले कई महीने से बिल नहीं जमा किया गया है। सात अक्टूबर तक अगर उनके द्वारा बिल नहीं जमा किया गया तो दशहरा तक भुगतान करना संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जेपीएससी द्वारा पिछले 3 सालों में कई स्वीकृत पदों पर नियुक्ति की जा चुकी है, जहां गेस्ट फैकल्टी पढ़ा रहे हैं। अब रोस्टर एवं रिक्त स्वीकृत पदों के मध्य नजर इन अतिथि शिक्षकों को ध्यान में रखते हुए जल्द ही पदों की सत्यापन कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस ओबीसी विभाग का आज धरना कार्यक्रम

रांची। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी के निर्देश पर महिला आरक्षण में ओबीसी महिलाओं को आरक्षण लागू करने एवं जातीय जनगणना की मांग को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अभिलाष साहू की अध्यक्षता में रविवार को एक बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि केंद्र सरकार द्वारा लागू महिला आरक्षण में ओबीसी महिलाओं को आरक्षण निर्धारित हो इसको लेकर प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग द्वारा राजभवन के सामने गांधी जयंती दिन सोमवार को विशाल धरना दिया जाएगा।

### मनरेगाकर्मी स्थाईकरण की मांग के लिए बापू की जयंती पर चलायेंगे ट्विटर अभियान

रांची। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय संयोजक महेश सोरेन ने राज्य के सभी मनरेगाकर्मियों जिसमे प्रखंड कमेटी, जिला कमेटी, राज्य कमेटी एवं राष्ट्रीय कमेटी के सभी सदस्यों को महात्मा गांधी की 154वीं जयंती एवं मनरेगा योजना का अधिनियम के रूप में लागू होने की 18वीं वर्षगांठ 2 अक्टूबर 2023 पर मनरेगाकर्मियों के स्थायीकरण के लिए ट्वीटर अभियान चलायेंगे।

### नक्सलियों ने मनाया शहादत दिवस, पुलिस को भनक तक नहीं लगी, वीडियो वायरल

रांची। भाकपा माओवादी संगठन के नक्सलियों ने जंगल में शहादत दिवस मना कर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली है। शहादत दिवस का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। नक्सलियों ने 21-27 सितंबर 2023 तक घने जंगल में क्रांति गीत गाकर शहादत सप्ताह मनाया। इनमें मारे गए नक्सलियों की तस्वीरें लगाई गयी हैं, उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

**ट्राई जंक्शन, पोड़ाहाट और कोल्हान क्षेत्र में ये बड़े नक्सली हैं सक्रिय:** मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी, असीम मंडल, चमन, संतोष, अजय महतो, अनमोल दा, बेला सरकार, रामप्रसाद मारड़ी, अमित मुंडा, गुलशन मुंडा, संतोष महतो, भवानी, मदन महतो, मेहनत, कांडे होगहांगा, जयंती, सालुका कायम, प्रभात मुंडा, रवि सिंह सरदार, नयनतारा, अमोज मोदक, सागेन अंगारिया, सुलेमान हांसदा, राहुल चंपिया, बबलू और गौरी भी दिखे।

### छत्तीसगढ़ में सांसद संजय सेठ ने चलाया सघन जनसंपर्क अभियान



रांची। सांसद संजय सेठ छत्तीसगढ़ में चुनावी दौरे पर हैं। छत्तीसगढ़ में सूरजपुर जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र का उन्हें प्रभार दिया गया है। उन्होंने दो विधानसभा क्षेत्र में रविवार को सघन जनसंपर्क चलाया। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। लाभार्थी सम्मेलन में भाग लिया। प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवार शकुंतला पोर्ते के साथ सांसद ने लाभार्थी सम्मेलन में भाग लिया। इसके अलावा सांसद ने भटगांव विधानसभा क्षेत्र में लक्ष्मी राजवाड़े के पक्ष में कई कार्यक्रम किये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का यह स्पष्ट संदेश है कि राजनीति समाज की सेवा के लिए हो। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ और झारखंड में भ्रष्टाचार की प्रतियोगिता चल रही है। इस चुनाव में जनता इस प्रतियोगिता से कांग्रेस को बाहर कर देगी।

---

आजसू पार्टी का महाधिवेशन संपन्न, शहीदों के सपनों को समर्पित रहा नवनिर्माण संकल्प समागम

# झारखंडी अस्मिता, पहचान तथा पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों के लिए करेंगे संघर्ष : सुदेश महतो

- एक बार फिर सर्वसम्मति से पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष चुने गये सुदेश
- नवनिर्माण के संकल्पों को पूरे कर स्वशासन से सुशासन लायेंगे



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रांची में आयोजित आजसू पार्टी का तीन दिवसीय महाधिवेशन कल संपन्न हो गया। इस अवसर पर तीसरे दिन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार में सुशासन की बात बेमानी है। सुशासन और स्वशासन में आम सहमति, जवाबदेही महत्वपूर्ण होती है। हम और हमारी पार्टी ने नवनिर्माण के नौ संकल्पों के साथ स्वशासन से सुशासन का लक्ष्य रखा है। इसमें झारखंडी हक और अधिकार सुनिश्चित किये जायेंगे।

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सुशासन से मतलब झारखंडी विचारों, विषयों, आम सहमति, जवाबदेही, उत्तरदायी का अनुसरण और आम आदमी को सत्ता का भागीदार बनाना होगा। इससे पहले केंद्रीय समिति के चुनाव को सर्वसम्मति से सुदेश कुमार महतो को एक बार पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक नेताओं की घटती विश्वसनीयता गिरती प्रतिबद्धता और पलटती प्राथमिकता तथा बढ़ती लालसा ने राज्य के युवाओं को निराश किया है। श्री महतो ने कहा कि इस अधिवेशन में वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में उपजी शून्यता में आजसू की भूमिका एवं जिम्मेदारी पर गहन मंथन किया गया है। मुख्य राजनीति उद्देश्य पिछड़े, दलितों एवं अल्पसंख्यकों को राजनीतिक और सामिजक तौर पर उनका वाजिब हक दिलाना तथा सत्ता तथा शासन में जनसंख्या के अनुपात में उनके हिस्सेदारी सुनिश्चित करना है। आजसू पार्टी झारखंडी अस्मिता एवं पहचान को पुनर्स्थापित करने के लिए संघर्ष करेगा तथा हर स्तर पर दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासी एवं पिछड़े वर्ग का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हुए युवाओं एवं महिलाओं को गोलबंद कर स्वशासन से सुशासन तक समाज एवं व्यवस्था परिवर्तन का आंदोलन प्रारंभ करेगा।

उन्होंने राज्य में शिक्षा तथा शिक्षक, चिकित्सा और चिकित्सक और न्याय के लिए प्राथमिकता के तौर पर काम करने पर बल दिया।

**सीएम ने आदिवासियों को छला :** उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ों को छला है। सीएम सोरेन का आदिवासी दर्शन यही है कि सत्ता के भागीदारों को पांच किलो चावल और छोती साड़ी देकर उन्हें हाशिये पर रखना है। जबकि सुदेश महतो का आदिवासी दर्शन क्रांतकारी सिदो- कान्हू, वीर बिरसा, बुधू भगत, जयपाल सिंह, टाना भगत हैं।

**मेरा एजेंडा गांव, चौपाल, पंच और युवा शक्ति :** आजसू प्रमुख ने कहा कि मेरा एजेंडा गांव चौपाल और पंच है। सत्ता की बागडोर संभाल रहे हेमंत सोरेन का एजेंडा भ्रष्ट शासन और जनभावना, जनादेश के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि अलग राज्य का बंटवारा सिर्फ भोगोलिक हिस्सेदारी के लिए नहीं था। अलग राज्य हासिल करने के पीछे झारखंडी अस्मिता, वजूद, जल, जंगल, जमीन की रक्षा और मूलवासियों के हितों को सुरक्षित करना था।

**झारखंड नवनिर्माण के लिए नौ संकल्प :** उन्होंने नवनिर्माण समागम के नौ संकल्पों पर कहा कि आजसू पार्टी यह संकल्प लेती है कि झारखंडी मूलवासियों को उनका हक अधिकार हर हाल में दिलाना सुनिश्चित करेगी। रोजगार मुखी कृषि, उद्योग, खनन, निर्माण, पर्यटन एवं पर्यावरण के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए काम किये जायेंगे। सामाजिक न्याय, राजनीतिक भागीदारी, महिला सशक्तिकरण, एवं जातीय जनगणना के लिए हर मोर्चे पर मुखर रहेंगे। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, स्वशासन - पंच और पंचायती राज, प्रशासनिक सुधार, भ्रष्टाचार उन्मूलन, विधायिका में सुधार, विधान, स्थानीय नीति, नियोजन नीति, युवा नीति, भाषा, संस्कृति और अस्मिता पर कहा कि हमने राज्य के भविष्य और आने वाली पीढ़ियों के वास्ते रोडमैप तैयार कर लिया है। गांव का विकास गांव वाले तय करेंगे। अधिकारी गांव में जाकर काम करेंगे, ग्राम सभा के साथ मिल कर काम करेंगे। पुलिस जनता की सहयोगी होगी।

## महाधिवेशन में 24 राजनीतिक प्रस्ताव पारित महिलाओं को रोजगार में 50 प्रतिशत आरक्षण

रांची। महाधिवेशन में 24 राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें सरना धर्म कोड लागू करने, वृहद झारखंड राज्य की स्थापना के लिए आजसू न सिर्फ पहल करेगी, आंदोलन करेगी। ग्राम सभा, पंचायत और जिला परिषद को सशक्त किया जाऐगा। महिलाओं को राज्य और देश स्तर पर राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित करना है। औद्योगिक इकाईयों में महिलाओं के लिए रोजगार में 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करना पार्टी का मुख्य एजेंडा होगा। इसके अलावा पार्टी अन्य प्रस्तावों पर मुखर होकर काम करेगी।

विधायकों और नेताओं ने भी किया संबोधित

## स्वार्थ से भरी सरकार को हटायेंगे और गांव की सरकार बनायेंगे : चंद्रप्रकाश

रांची। महाधिवेशन के आखिरी दिन आजसू पार्टी से **सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी** ने कहा कि जिस दिन हम हर गांव को और राज्य की अंतिम कड़ी को पार्टी से जोड़ लेंगे तब आजसू की सरकार बनेगी और सुदेश महतो राज्य के मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने ओबीसी आरक्षण के नाम पर दिग्भ्रमित किया है, ऐसी स्वार्थी सरकार को हटाना जरूरी है।

**विधायक डॉ लंबोदर महतो** ने कहा कि इस महाधिवेशन ने कार्यकर्ताओं को गोलबंद किया गया है। अलग-अलग विषयों पर कार्यकर्ताओं ने अपने विचार खुलकर रखे। युवाओं की पार्टी आजसू में पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो के नेतृत्व में हम सभी को काम करने का मौका मिला है। झारखंड राज्य का नवनिर्माण का संकल्प इस महाधिवेशन में हम सभी ने लिया है।

**पूर्व मंत्री उमाकांत रजक** ने कहा कि इस महाधिवेशन में अलग-अलग विषयों पर सार्थक चर्चा हुई है। झारखंड की लड़ाई का सपना पूरा नहीं हो पाया है। आज भी राज्य की जनता संघर्ष कर रही है। झारखंड के अमर शहीद क्रांतिकारियों के सपनों को झारखंड बनाने के लिए मेहनत की आवश्यकता है। सुदेश महतो के पास राज्य को विकसित बनाने का विजन है।

**पूर्व मंत्री राम चन्द्र सहिस** ने कहा कि खनिज संपदा से परिपूर्ण झारखंड राज्य बानने के इतने सालों के बाद भी यहां की जनता गरीब क्यों, युवा बेरोजगार क्यों, किसान परेशान क्यों, यह सबसे बड़ा सवाल है। राज्य में कई राजनीतिक दल हैं जो जनता को ठगना जानते हैं। सुदेश महतो ने पूरे झारखंड के बारे में सोचा है। सुदेश जैसा दूरदर्शी लीडर राज्य में कोई नहीं है।

**रामगढ़ की विधायक सुनिता चौधरी** ने कहा कि इस सरकार को कोई टक्कर दे सकता है तो वो है आजसू पार्टी। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण कानून से राजनीति में महिलाओं को अधिक अवसर मिलेगा। कहा कि सरकारी नौकरी में भी महिलाओं के लिए 50% आरक्षण हो। महिलाओं को आने वाले समय में नेतृत्व करने के लिए तैयार रहना होगा।

**पूर्व विधायक अकील अख्तर ने** कहा कि पार्टी के संकल्प, इरादा, लक्ष्य के लिए हम मिलजुल कर एक साथ काम करेंगे। सभी कार्यकर्ता पार्टी के संकल्प को गांवों तक पहुँचाने का काम करें। हर घर में पार्टी के संदेश को पहुँचा कर संकल्प लें। वर्ष 2024 के चुनाव में आजसू पार्टी के कार्यकर्ता जलवा दिखाएंगे।

**रोशन लाल चौधरी ने** भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में आजसू महाधिवेशन में शामिल होने के लिए आजसू पार्टी के सिपाहियों को धन्यवाद कहा। साथ ही कहा कि पार्टी का एक एक कार्यकर्ता मिशन 2024 के लिए तैयार हैं।

**डॉ देवशरण भगत** ने कहा कि पार्टी प्रमुख के दूरदर्शी सोच का परिणाम है यह आयोजन। गांव से लेकर विदेश तक की आवाज इस महाधिवेशन में शामिल हुई। आने वाले चुनाव से पहले अपने एजेंडा को जन जन तक पहुंचा कर भ्रष्टाचारी हेमंत सरकार को हटा कर दिखाएंगे।

---

## बाबूलाल गिरिडीह और रघुवर ने रांची में चलाया स्वच्छता अभियान



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती से पहले रविवार को देशभर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने श्रमदान किया। झारखंड के भाजपा नेताओं ने भी हाथों में झाड़ू लेकर सफाई अभियान में सहयोग दिया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सफाई अभियान में हिस्सा लिया। वहीं, केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 के पास स्थित पार्किंग और बस पड़ाव में झाड़ू लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सफाई की। भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह के अंबेडकर चौक में कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिये गये स्वच्छता के संदेश और अहमियत को सभी देशवासी आत्मसात करें। इसे अपने दैनिक स्वभाव का हिस्सा बनायें। इधर, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास रांची के सर्कुलर रोड स्थित नगड़ा टोली सरकारी विद्यालय के पास सफाई की। उनके साथ महानगर भाजपा अध्यक्ष केके गुप्ता, मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रताप और पूर्व पार्षद रोशनी खलखो भी अभियान में शामिल हुई।

आरयू कैंपस में स्वच्छता ही सेवा अभियान, राज्यपाल हुए शामिल

## अपने घर और शौचालय की सफाई खुद करते थे गांधी जी : राज्यपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन रांची विश्वविद्यालय में रविवार को आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। राज्यपाल और रांची विवि के कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने बापू की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। इसके बाद राज्यपाल ने विवि परिसर झाड़ू लगाया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि देश को स्वच्छ रखना हर भारतवासी की जिम्मेवारी है। बापू अपने घर और शौचालय की सफाई खुद करते थे। हमें उनसे सीख लेने की जरूरत है।

राज्यपाल ने कहा कि हम भारतीय किसी अच्छी चीज का अनुसरण भी बहुत जल्दी करते हैं। आप अकेले अपने मुहल्ले की साफ सफाई करेंगे तो पायेंगे कि कुछ समय बाद आपके साथ मदद के लिए बहुत सारे लोग आ जायेंगे। यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि कचरामुक्त भारत की सोच को सफल बनायें। उन्होंने सबों को देश को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने कुलपति के साथ स्वच्छता का संदेश देते गुब्बारे को उड़ाया। **हर दिन करनी चाहिये विवि परिसर की सफाई : वीसी**

कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि हमें अपने विवि परिसर की सफाई हर दिन करनी चाहिये। कुलपति ने कहा कि एनएसएस में हमारे दस हजार युवा कार्यकर्ता हैं, तो लगातार स्वच्छता अभियान चलाते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा संस्थान के छात्रों एवं सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ. स्मृति सिंह, डॉ पीके झा, डॉ आशीष कुमार झा, डॉ बीआर झा, डॉ ब्रजेश कुमार और डॉ. जीएस झा शामिल हुये।

### हाईकोर्ट और जिलों के व्यवहार न्यायालयों में चला श्रमदान कार्यक्रम

रांची। झारखंड हाई कोर्ट परिसर और राज्य जिला व्यवहार न्यायालयों में रविवार को 1 घंटे का स्वैच्छिक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर इस बार भारत सरकार द्वारा स्वच्छता सेवा पखवाड़ा, कचरा मुक्त भारत के थीम पर मनाने का आह्वान किया गया है। इसी की कड़ी में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा के निर्देश पर हाईकोर्ट परिसर एवं सभी जिला व्यवहार न्यायालयों में सफाई अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में हाई कोर्ट के सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों ने सफाई अभियान में श्रमदान किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर आज सोमवार यानी 2 अक्टूबर को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा सुबह 11:30 बजे हाई कोर्ट के सभी सफाई कर्मियों को कोर्ट परिसर में प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित करेंगे।

---

गांडेय विधानसभा और गिरिडीह विस क्षेत्र में संकल्प सभा आयोजित

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गांव, गरीब व किसान की चिंता : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गांडेय में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गांव, गरीब, किसान की चिंता है। उन्होंने कहा कि भारी वर्षा के बावजूद भारी संख्या में उपस्थित लोगों भीड़ बता रहा है कि अब हेमंत सरकार के दिन जाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि पिछले नौ सालों में पीएम मोदी ने महिलाओं के हित के लिए बड़े कदम उठाये हैं। हाल में ही पीएम ने विश्वकर्मा पूजा के दौरान कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर और महिला के लिये समर्पित है। उन्होंने कहा कि अलग राज्य झारखंड के सपने को अटल बिहारी वाजपेयी ने 2000 में अलग राज्य झारखंड का सपना पूरा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अलग राज्य बनाया है, इसे संवारने का कार्य भी भाजपा ही करेगी।



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने गठबंधन सरकार को घेरा

रांची/गिरिडीह। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को गिरिडीह की संकल्प सभा में गठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में जनता भाजपा के साथ है। ईडी जांच के संदर्भ में जिस प्रकार हेमंत सरकार के कारनामे उजागर हुये हैं, उससे भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा उजागर हुई है। उन्होंने कहा कि जनता को फाइल का मतलब एक लाख, फोल्डर का मतलब एक करोड़ और बॉस का मतलब निश्चित तौर पर मुख्यमंत्री ही होगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन और उनके परिवार ने राज्य में दलालों, बिचौलियों, लुटेरों को कोयला, लोहा, पत्थर, बालू सब लूटने की छूट दे दी। खुद आदिवासियों की जमीन को नामी-बेनामी तरीके से लूटा।

झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। अपराधमुक्त प्रदेश बनाना है। उन्होंने कहा कि अंचल ब्लॉक और ज़िला के सरकारी कार्यालयों में बिना पैसे दिये कोई काम नहीं होता है। उन्होंने कहा कि हम सब को संकल्प लेकर जाना है फिर से 2024 में केंद्र में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाना है।

मिशन 2024 को लेकर झारखंड की सभी राजनीतिक पार्टियां रेस, चुनावी मंथन शुरू

# झारखंड में कुछ सीटों के बंटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन के बीच उत्पन्न हो सकता है व्यवधान!

सत्येन्द्र

रांची। मिशन 2024 को लेकर झारखंड की सभी राजनीतिक पार्टियां रेस हो गयी हैं। ऐसे में झारखंड के 14 लोकसभा सीटों पर इंडिया दलों की जीत सुनिश्चित करने के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे ने सभी लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी और संयोजकों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाई है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि राज्य के 14 लोकसभा क्षेत्र में पार्टी जल्द जिला संयोजक नियुक्त करेगी जो दल और इंडिया दलों के बीच बेहतर सामंजस्य बनाकर काम करेगी। जिससे अधिक से अधिक सीटों पर इंडिया गठबंधन के दलों को जीत मिल सके। इसके बावजूद झारखंड के 14 लोकसभा सीटों का समीकरण को देखें तो कुछ सीटों पर एनडीए और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बदल सकते हैं, जिसकी संभवाना ज्यादा दिख रही है। झारखंड के कुछ ऐसी सीटें हैं जिसपर इंडिया गठबंधन में शामिल दल क्रमशः कांग्रेस, राजद और झामुमो के बीच आपसी दावेदारी बरकरार है। इस स्थिति में सीटों के बंटवारे में व्यवधान उत्पन्न हो सकती है।

झारखंड के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य को देखें तो गत लोकसभा के चुनाव में यूपीए गठबंधन की ओर से कोडरमा सीट पर पिछली बार जेवीएम से बाबूलाल मरांडी लोकसभा चुनाव लड़े थे। वहीं बीजेपी से अन्नपूर्ण देवी ने चुनाव जीता था। इस बार उस सीट से झामुमो के टिकट पर जय प्रकाश वर्मा के लड़ने की उम्मीद है। वैसे लेफ्ट से राजकुमार यादव और आरजेडी की भी कोडरमा पर नजर है, पर उनकी शायद ही चलेगी। इस स्थिति में इंडिया गठबंधन के दलों के बीच पेंच फंस सकता है। जहां तक धनबाद लोकसभा सीट की बात है तो पिछली बार कीर्ति आजाद कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे, इस बार झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की इसपर नजर है। सबकुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि बीजेपी पशुपति नाथ सिंह की जगह किसे टिकट देती है। हलांकि इस बार झामुमो की भी नजर है। लोहरदगा सीट पर कांग्रेस का टिकट सुखदेव भगत को मिलेगा या रामेश्वर उरांव को, ये इस बात पर निर्भर करेगा कि धीरज साहू किसके साथ हैं, क्योंकि लोहरदगा सीट पर धीरज साहू की चलती है। वहीं खूंटी सीट पर कांग्रेस से कालीचरण मुंडा को टिकट मिलना कंफर्म है, लेकिन बीजेपी ये भी सोच रही है कि अगर अर्जुन मुंडा को कही और से लड़ाया जाए और उनकी जगह नीलकंठ सिंह मुंडा को टिकट दिया जाए तो कैसा रहेगा? कालीचरण मुंडा बनाम नीलकंठ सिंह मुंडा। वैसे भी खूंटी से जो तीन नाम गए हैं उनमें नीलकंठ सिंह मुंडा का नाम भी शामिल है। गोड्डा न्यूज के लिहाज से सबसे हॉट सीट। प्रदीप यादव लगातार तीन बार निशिकांत दुबे से हार चुके हैं, आखिर उन्हें और कितनी बार मौका दिया जाए। इस बार दीपिका पांडे सिंह की फील्डिंग अच्छी है, फुरकान अंसारी या इरफान अंसारी को तभी लोकसभा टिकट मिल सकता है जब कोई आ>र्य हो जाए। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों का कहना है कि वैसे भी जब मुसलमानों का वोट एकतरफा थोक के भाव से इंडिया गठबंधन को मिलना ही है तो उन्हें टिकट देकर क्या फायदा ?

झारखण्ड में कांग्रेस की एकमात्र सासंद गीता कोड़ा चाईबासा से है। कांग्रेस किसी भी कीमत पर ये सीट नहीं छोड़ना चाहेगी, लेकिन इस सीट पर झामुमो की भी नजर है। आखिर इस लोकसभा क्षेत्र में झामुमो विधायकों की संख्या ज्यादा है, आदिवासी बहुल सीट है? झामुमो से दीपक बिरुआ खुद को स्वाभाविक उम्मीदवार मानते हैं लेकिन मिथिलेश ठाकुर किसी और के पक्ष में हैं। सीटों के बंटवारे के बाद ही फैसला होगा कि इस सीट पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी या झामुमो। जमशेदपुर सीट को लेकर भी इंडिया गठबंधन में संशय है। चाईबासा अगर झामुमो को मिल गया तो सबसे खुशी अजय कुमार को होगी। वैसे भी जमशेदपुर सीट से बीजेपी को कांग्रेस ही हरा सकती है, खासकर अगर ग्रामीण इलाकों से झामुमो का आदिवासी वोट मिल जाए।


कचहरी रोड के टिंबर गली में घरों के बेडरूम में घुसा बारिश का गंदा पानी


पंडरा स्थित पंचशील नगर में दुकानों में भरा पानी


झील में तब्दील सड़कों पर गिरते-संभलते दिखे वाहन चालक


मोरहाबादी स्थित लखराज गली में एक फीट ऊपर तक बहा पानी

# रांची में सड़कें बन गयीं झील



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। शनिवार रात से शुरू हुई बारिश रविवार देर शाम तक होती रही। समाचार लिखे जाने तक हल्की बारिश हो रही थी। भारी वर्षा से लोग परेशान होकर अपने घरों में ही दुबके नजर आए, लेकिन कुछ लोग काम से बाहर निकले भी तो उन्हें बारिश से जलजमाव के कारण भारी परेशानी हुई। लगातार हुई इस बारिश से कई इलाकों में



जलजमाव हो गया। शहर का शायद ही कोई चौक-चौराहा और गली होगा जहां जल जमाव नहीं हुआ है। नाला बन चुकी हरमू नदी में भी काफी तेज बहाव देखने को मिला। इसके अतिरिक्त पंचशील नगर, रातू रोड, किशोरगंज चौक, रिम्स गेट, बरियातू रोड और मोरहाबादी के अंतु चौक के पास लखराज गली में पानी एक फीट पानी बहने लगा। इसके अलावा मेन रोड और रातू रोड सहित विभिन्न इलाके की सड़कें झील में तब्दील हो गयीं। इस बारिश में रांची में जलजमाव से परेशान लोगों ने नगर निगम और प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। लोगों ने कहा कि रांची नगर निगम द्वारा बेहतर ड्रेनेज सिस्टम बनाया जाता तो ऐसी स्थिति नहीं होती।

## रिम्स में मरीजों के लिए आफत बन गयी बारिश

**रांची।** भारी बारिश के बीच रिम्स में भर्ती मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग के कॉरिडोर में भर्ती मरीजों के परिजन छाता लगाकर अपने मरीजों व खुद को बारिश से बचाने की कोशिश कर रहे थे। फर्श में पानी भर गया था। इस कारण मरीज अपने बिस्तरों को इधर से उधर कर भींगने से बचाने की कोशिश में जुटे थे। परिजन अपने मरीज को चटाई, प्लास्टिक व चादर से ढंककर बारिश से बचाने की जद्दोजहद में लगे हुए थे। वहीं रिम्स के फिजियोथेरेपी विभाग में बारिश के बाद पानी भर गया था।


कांटा टोली में गड्ढे में गिरा ऑटो रिक्शा


बूटी मोड़ की हालत

## चार अक्टूबर तक रहेगा असर, कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

# झारखंड में विध्वंस की बारिश कई जगह पेड़ गिरे, दीवारें ढहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण झारखंड में अभी जमकर बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक वर्षा रामगढ़ में 57 मिमी बारिश हुई। वहीं रांची में 40 मिमी हुई जबकि बोकारो में 13 मिमी बारिश का रिकार्ड दर्ज किया गया। अगले 24 घंटे में इसके और प्रभावी होने की उम्मीद है। जिसके बाद कई जिलों में भारी बारिश होगी। लो प्रेशर एरिया झारखंड में 30 सितंबर से ही इसका असर दिखने लगा है। कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की गयी है। चार अक्टूबर तक इसका असर रहेगा। पांच अक्तूबर से इसमें थोड़ी कमी होगी।

मौसम केंद्र के प्रभारी अभिषेक आनंद ने बताया कि एक अक्टूबर को दक्षिण-पश्चिमी हिस्सों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। इसमें सिमडेगा, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, रांची, धनबाद और लोहरदगा व आसपास के जिले शामिल हैं। वहीं दो अक्टूबर को साहिबगंज, गोड्डा, देवघर, दुमका, साहिबगंज, हजारीबाग और कोडरमा समेत पूरे उत्तर-पूर्वी संताल में भारी बारिश की संभावना है। तीन अक्टूबर को पश्चिमी वाले इलाके में ज्यादा बारिश होगी। इसमें गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, सिमडेगा और आसपास के जिले हैं। मौसम केंद्र ने चेतावनी दी है कि इस दौरान गर्जन और वज्रपात से बचने की जरूरत है।


मोरहाबादी में हरिहर सिंह रोड के पास एक विशाल पेड़ गिरा


पंचशील नगर में घुटने भर पानी

## नीम चौक से डोरंडा जाने वाला भूसुर पुल जर्जर



**रांची।** रांची में लगातार बारिश से कई निचले इलाकों में जल जमाव हो गया है, कई पुल-पुलियों की स्थिति जर्जर हो गयी है। इनके ऊपर से पानी ऊफान लिये हुए है। मणिटोला नीम चौक से डोरंडा जाने वाले रास्ते में पड़ने वाला भुसुर पुल के ऊपर से भी पानी बह रहा है। बता दें कि पुल की स्तिथि पूरी तरह जर्जर हो चुकी है जिससे कभी भी पुल के गिरने का खतरा बना हुआ है। वार्ड 49 के निवर्तमान पार्षद जमीला खातून के पति और समाजसेवी रिजवान हुसैन पहुंच कर पुल का जायजा लिया।

## रतन हाइट्स की एक और बाउंड्री धंसी, 12 मंजिला इमारत खतरे में

**रांची।** भारी बारिश के बीच मोरहाबादी स्थित रतन हाइट्स की एक और बाउंड्री रविवार को गिर गई। इस बारह मंजिला आवासीय इमारत को नए निर्माण स्थल से अलग करने वाली दीवार भरभराकर गिर गई। नए निर्माण के लिए खोदे गए विशाल गड्ढे में पानी का लेवल भी काफी ऊपर आ गया है। बाउंड्री वाल गिरने के कारण गड्ढे का पानी रतन हाइट्स की नींव के भीतर प्रवेश करने की आशंका है। इससे इमारत को खतरा बढ़ गया है। इससे बिल्डिंग के लोग काफी दहशत में हैं। उल्लेखनीय है कि रतन हाइट्स मामले में गत दिनों हाईकोर्ट ने बिल्डर के खिलाफ फैसला देकर अवैध निर्माण पर रोक लगा दी और गड्ढे को भरने और बिल्डिंग की सुरक्षा के लिए जरूरी इंतजाम करने का भी आदेश दिया था लेकिन बिल्डर ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया।

रतन हाइट्स के लोगों ने उपायुक्त और नगर निगम आयुक्त से अवैध गड्ढे को भरकर समतल करने की मांग की है। इमारत की मजबूत बाउंड्री बनाकर नींव को कमजोर होने से बचाने का आग्रह किया है। बिल्डिंग में प्रवेश करने वाले रास्ते का पुनर्निर्माण कराया जाए।

## वॉकाथन के साथ वन्यप्राणी सप्ताह प्रारंभ, 1000 से अधिक हुए शामिल



**रांची।** रांची में वॉकाथन के साथ 69वें वन्यप्राणी सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इसका उद्देश्य स्कूली बच्चों एवं आम लोगों के बीच वन एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण के प्रति जागरुकता लाना है। रांची के डोरंडा स्थित वन भवन से डीजीपी अजय कुमार सिंह और प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर वॉकाथन को रवाना किया। वॉकाथन में शामिल लोगों ने पैदल यात्रा कर डोरंडा-कडरू-अरगोड़ा-बिरसा चौक से हिनू चौक होते हुए वापस वन भवन पहुंचकर करीब 10 किलोमीटर की दूरी तय की। कार्यक्रम में रांची के अलग-अलग स्कूलों से 350 बच्चे, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से 400 आम लोग और वन विभाग के पदाधिकारियों-कर्मचारियों समेत 1000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया।

## रांची डीसी ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत किया श्रमदान, लोगों से भी की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत रविवार को रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा सहित अन्य विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सामूहिक रूप से श्रमदान किया। इस कार्य के लिए समाहरणालय परिसर को 5 जोन में बांटा गया, जिसमें विभागीय पदाधिकारियों ने संबंधित जोन में सफाई कार्य की। डीसी ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिले के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने विभिन्न स्थानों पर श्रमदान किया। जिसका मुख्य उद्देश्य अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना है। उन्होंने आमजनों से भी स्वच्छता के प्रति श्रमदान करने की अपील की, ताकि राजधानी के वातावरण को दूषित होने से बचाया जा सके।

बता दें कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत श्रमदान के लिए देशभर में स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत की गयी है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर को स्वच्छता- एक जन आंदोलन का रूप देने के लिए स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को उनकी जयंती के दिन श्रद्धांजलि है। स्वच्छता ही सेवा 2023 अभियान का मुख्य विषय कचरा मुक्त भारत है, जिसका मुख्य उद्देश्य साफ-सफाई और सफाई मित्रों के कल्याण पर आधारित है।

## रांची नगर निगम के पदाधिकारी और कर्मियों ने मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी में रविवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इसके तहत सुबह 10 बजे से लोगों ने एक घंटे तक श्रमदान किया। लोगों को स्वच्छता और कचरा निस्तारण और पौधारोपण की जानकारी दी गयी। नगर निगम के उप प्रशासक रजनीश कुमार ने बताया कि नगर निगम कर्मियों के साथ स्वच्छता और जल विभाग के कर्मचारी, सीसीएल के कर्मचारी सहित कई विभागों के लोगों ने हिस्सा लिया।

**लोगों से की गई सफाई की अपील** : रजनीश कुमार ने कहा कि निगम क्षेत्र में रहने वाले लोगों से आसपास और राजधानी के सभी क्षेत्रों में स्वच्छता बनाकर रखने की अपील की गयी। पेयजल विभाग के संयुक्त सचिव इंद्रदेव मंडल ने कहा कि उनके विभाग के लोगों ने संकल्प लिया कि आने वाले दिनों में स्वच्छता बनाए रखेंगे।

**'स्वच्छता से समाज भी होगा बेहतर'** : सरकार के इस अभियान को सफल बनाने के लिए समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सामाजिक कार्यकर्ता आशुतोष कुमार ने अपने लोगों के साथ शपथ ली कि यह अभियान सिर्फ आज ही नहीं बल्कि साल के 365 दिन जारी रहना चाहिए।

## भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने किया श्रमदान



**रांची।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 154वीं जयंती के एक दिन पूर्व भारतीय जनतंत्र मोर्चा (भाजमो) महानगर ने डोरंडा और हिनू में स्वच्छता श्रमदान किया। भजमो ने कहा कि समाज जागेगा तभी स्वच्छ समाज का निर्माण होगा। भारतीय जनतंत्र मोर्चा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलकर समाज को जगा रही है। इस अवसर पर मुकेश कुमार, मिथिलेश कुमार, अभिषेक कुमार, कर्मकार जी थे।

## डॉ नितिन मदन कुलकर्णी ने हवाई जहाज में बचाई बच्चे की जान



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने अपने प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी से कहा है कि हमें आप पर गर्व है। राज्यपाल ने डॉ कुलकर्णी को सम्मानित भी किया। मालूम हो कि भाप्रसे के अधिकारी डॉ नितिन मदन कुलकर्णी ने हवाई जहाज में हजारीबाग के एक बच्चे की जान बचाई थी। 30 सितंबर को रांची से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में 16 माह के बच्चे की तबीयत अचानक बिगड़ गई। बच्चों के माता-पिता बेहद परेशान उठे। तभी फ्लाइट में घोषणा की गई की एक बच्चे की तबीयत बिगड़ गई है। अगर विमान में कोई डॉक्टर मजबूत मौजूद है तो बच्चे की मदद करें। डॉ कुलकर्णी तत्काल अपनी सीट से उठे और उसे बच्चों के पास पहुंचे। उन्होंने बच्चों के माता-पिता से बातचीत की। बच्चों के बारे में जानकारी ली। विमान में मौजूद ऑक्सीजन की मदद से बच्चे का उन्होंने उपचार किया।

## बीआइटी मेसरा के 33वें दीक्षांत समारोह में बंटे गोल्ड मेडल और डिग्रियां

# बिजनेस मॉडल को डेवलप करने में नयी तकनीक का करें उपयोग : गोपालकृष्णान

### पद्म भूषण और इंफोसिस के को-फाउंडर से गोल्ड मेडल लेकर चहक उठे मेधावियों के चेहरे

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा में रविवार को 33वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 2023 में डिग्री लेने वाले 2818 विद्यार्थियों को उपाधी प्रदान की गई। इसमें पीएचडी, यूजी, पीजी और डिप्लोमा के विद्यार्थी शामिल थे। इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में इंफोसिस के को-फाउंडर और पद्म भूषण सेनापति क्रिस गोपालकृष्णन थे। कार्यक्रम की शुरूआत में संस्थान के वीसी इंद्रनील मन्ना ने संस्थान की उपलब्धियों से अवगत कराया। वहीं संस्थान के चेयरमैन सीके बिड़ला ने भी लोगों को संबोधित किया।

**उद्यम के विकास में नयी तकनीक का करें इस्तेमाल** : पद्म भूषण और इंफोसिस के को-फाउंडर सेनापति क्रिस गोपालकृष्णन ने कहा कि यहां आप शैक्षणिक जीवन की यात्रा समाप्त कर जीवन की असल यात्रा में निकल रहे हैं। आज जमाना तकनीक का है। ऐसे में जब आप यहां से डिग्री लेकर निकल रहे हैं तब आप बिजनेस मॉडल को डेवलप करने में नयी तकनीक का



उपयोग करें। आज भारत नयी उद्यमिता के तमाम अवसर खोले हुए है। आप इस अवसर का लाभ उठाएं। उन्होंने मेडल पाने छात्रों के साथ-साथ इस शैक्षणिक वर्ष के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को भी बधाई दी।

**शिक्षा आजादी का पासपोर्ट : सीपी राधाकृष्णन**
राज्यपाल सह विश्वविद्यालयों के चांसलर सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि शिक्षा दुनिया को जानने-समझने की चाबी है। यह वो पासपोर्ट है जो आपको दुनिया के किसी भी हिस्से में जाने से रोक नहीं सकती। आज तकनीक को महत्व दें। उन्होंने स्टूडेंट्स को असफलता ने नियमित प्रयास करते रहने की सलाह दी। इससे पूर्व बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष सीके बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि जहां औपचारिक शैक्षणिक शिक्षा डिग्री प्राप्ति के साथ समाप्त होती है। वहीं से सीखने का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने लागत-प्रभावशीलता और वैश्विक मान्यता के लिए भारत के चंद्रयान-3 मिशन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

| इन्हें मिला गोल्ड | इन्हें मिला गोल्ड |
|---|---|
| दीप्तम दास - आर्किटेक्चर एंड प्लैनिंग | कपिल गंगवानी- इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी |
| अनिरुद्ध अरुण उपाध्याय- बायोटेक्नोलॉजी | अमन सिंह - मैकेनिक |
| जसलीन कौर - केमिकल इंजीनियरिंग | आयुष त्रिपाठी- प्रोडक्शन इंजीनियरिंग |
| हिमांशु- केमिकल प्लास्टिक एंड पॉलीमर | श्रेया मनकोटिया- होटल मैनेजमेंट |
| सौम्या झा - सिविल इंजीनियरिंग | अदिति सिंह - फार्मेसी |
| कोमल कुमारी - कंप्यूटर साइंस | अनमोल अग्रवाल- बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन |
| तरनजीत- इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स | ईशा गुप्ता - कंप्यूटर एप्लीकेशन |
| महावदी श्री शशांक- इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन | सिद्धार्थ सैनी - एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया |
| | पूनम कुमारी - मीडिया लैब टेक्नोलॉजी |

## शहर के अधिकारी, लोगों की समस्यओं को दूर करने की कोशिश करें : आदित्य विक्रम



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल रविवार को राजधानी रांची के पंडरा, पंचशील नगर का भ्रमण कर जल जमाव की समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान आम लोगों के साथ पानी में पैदल चलकर लोगों को हो रही परेशानियों को नजदीक से जाना। आदित्य विक्रम जयसवाल ने नगर विकास विभाग को एक सलाह देते हुए कहा कि बरसात में रांची शहर को इटली के वेनिस टाउन के जैसा घोषित कर देना चाहिए, ताकि वहां के लोगों की तरह राजधानी रांची के लोग भी नाव से भ्रमण कर सकें। रांची विधायक सीपी सिंह बताएं कि यहां लोगों को पैदल एवं गाड़ियों के जगह क्या नाव से चलना है।

उन्होंने नगर विकास विभाग अनुरोध करते हुए कहा है जलजमाव की स्थिति को देखते हुए तत्काल प्रभाव से उसे व्यवस्था करना चाहिए ताकी लोगों आवागमन ठीक से हो सके। उन्होंने स्थानीय विधायक से प्रश्न किया कि छह टर्म की विधायकी में उन्होंने किया क्या है? शहर की जनता के लिए नगर विकास विभाग और नगर निगम क्या कर रहा है।

आदित्य विक्रम ने कहा है कि बरसात के जलजमाव से घर और दुकान में पानी घुसने कहानी सिर्फ पंडरा या पंचशील नगर की नहीं बल्कि पूरी राजधानी की है। शहर के अधिकारी को इस पर ध्यान देने की जरूरत है ताकि आमलोगों का जीवन सुचारु रूप से चल सके। मौके पर राजीव चौरसिया, विवेक धान, प्रदुम्न यादव एवं पंचशील नगर एरिया के काफी लोग मौजूद थे।

## कस्तूरबा विद्यालय नामकुम के स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे गवर्नर और स्वास्थ्य मंत्री

# स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन करता है निवास : राज्यपाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नामकुम में स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी उपस्थित थे। बताते चलें कि इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन राज्यपाल की पहल पर अपोलो अस्पताल वनग्राम, चेन्नई के डॉ जी. लोगनाथन द्वारा किया गया था। शिविर के आयोजन में राज्य सरकार ने पूर्ण सहयोग किया। इसके साथ रानी चिल्ड्रेन अस्पताल, देवलोक, मेदांता एवं एचजीसी अस्पताल के चिकित्सकों के साथ-साथ आईएमए, एपीआई, ओबीजीवाईएन और नेशनल बर्न्स एसोसिएशन के चिकित्सकों ने शिविर के आयोजन में अहम सहयोग किया। शिविर में डॉ जीलोगनाथन, डॉ. प्रवीण कुमार, सिविल सर्जन, डॉ एन मैथ्यू, चिकित्सा पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश कुमार, डॉ अभिषेक रमधान (ईएनटी), डॉ. अर्चना, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ. अंनत सिन्हा, प्लास्टिक सर्जन, डॉ. कृष्ण किंकर दास (ईएनटी), डॉ. रवि रौशन, डॉ. देवव्रत चप्तोराज (दंत रोग विशेषज्ञ) आदि चिकित्सक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

मौके पर राज्यपाल ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर के आयोजन से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आती है। बहुत सारे लोग जो किसी कारणवश चिकित्सक या अस्पताल में नहीं जा पाते हैं, उन्हें शिविर के माध्यम से अपनी बीमारियों का ज्ञात होता है और उनका त्वरित इलाज भी संभव हो पाता है। उन्होंने कहा कि शिविर में लोगों को जीवन में स्वस्थ जीवनशैली, उचित पोषण की भी जानकारी प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि किसी बीमारी से उबरने के लिए इलाज के साथ-साथ मानसिक बल की भी आवश्यक है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, नामकुम की छात्राओं के साथ-साथ आसपास के समाज के लोग भी इस शिविर से लाभान्वित होंगे। लोगों के कल्याणार्थ राष्ट्रपति द्वारा आयुष्मान भव योजना राष्ट्र को समर्पित किया गया। इस योजना का उद्देश्य ही है कि समाज के सभी वर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ बीमा कवरेज से आच्छादित करना। भगवान बिरसा मुंडा की धरती झारखण्ड से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी बीमा योजना आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की गई थी।

राज्यपाल ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। इसलिए लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट व जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने लोगों से हानिकारक मादक पदार्थों के सेवन न करने की अपील की तथा स्वस्थ एवं सुखी झारखंड के निर्माण की कामना की। मौके पर उन्होंने हेल्थ किट का वितरण किया और इस शिविर आयोजन के लिए सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस शिविर में लगभग 700 रोगियों ने उपलब्ध 3000 सेवाओं का उपयोग किया, जिनमें रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया, हेपेटाइटिस बी और सी वायरस संक्रमण, महिला एवं बच्चों के स्वास्थ्य की जांच, दंत चिकित्सा, ईएनटी संबंधी समस्या, प्रारम्भिक कैंसर व जन्मजात विसंगतियों और जलने की चोटों को पताला लगाना शामिल था। मरीजों को अल्सर, एनीमिया, जीआई संक्रमण और मल्टी विटामिन की दवाएं भी निःशुल्क दी गयी।

# वित्त रहित शिक्षकों ने समायोजन को लेकर तमाड़ विधायक को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वित्त रहित शिक्षकों ने समायोजन को लेकर तमाड़ विधायक विकास मुंडा को रविवार को ज्ञापन सौंपा है। झारखंड के 317 वित्तरहित इंटर कॉलेजों का प्लस टू स्कूलों में विलय तथा इंटर कॉलेजों में 11वीं और 12वीं में नामांकित सभी छात्र-छात्रा नजदीकी प्लस टू स्कूलों में शिफ्ट करने व 2024 नए शैक्षणिक सत्र से यह व्यवस्था लागू करने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के इस प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगने के बाद वित्तरहित इंटर कॉलेजों के झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा सहित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले एकदिवसीय विधायक आवास घेराव का आयोजन किया गया।

इसमें बुंडू अनुमंडल क्षेत्र के संत जेवियर +2, अमानत अली इंटर कॉलेज, तमाड़ इंटर कॉलेज सालगाडीह सहित अन्य +2 विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं ने शामिल होकर घेराव किया। इस बीच तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा को ज्ञापन भी सौंपा गया। जहां मुख्यमंत्री से इनकी मांगों को अवगत करा कर समस्या का समाधान निकालने की गुजारिश की है। इंटर कॉलेज सालगाडीह के वित्तरहित शिक्षक रंजीत मोदक ने कहा कि सरकार की सहमति के बाद शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। सभी जिलों को तीन दिन में हर वित्तरहित इंटर कॉलेजों की विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है,ऐसे में वित्त रहित शिक्षकों के भविष्य पर संकट आ गया है। शिक्षक अपनी मांगों को लेकर कहां जाएंगे शिक्षको को भी समायोजित किया जाए ताकि उन्हें भी अवसर मिल सके।

## रोटरी रखेगा बच्चों के दिल का ख्याल



**रांची।** रोटरी गिफ्ट ऑफ लाइफ प्रोग्राम के माध्यम से 18 साल की उम्र के जिन बच्चों के दिल में छेद है या वॉल्व में सिकुडन है। उन बच्चों का इलाज नामी गिरामी अस्पतालों के डाक्टरों के माध्यम से निः शुल्क किया जाएगा। रविवार को रोटरी के पूर्व गवर्नर योगेश गंभीर ने कहा कि दिल में छेद या सिकुडन से निराश रोगियों के बीच रोटरी महत्वपूर्ण परियोजना गिफ्ट ऑफ लाइफ इलाज का जरिया बनेंगा। जिनको भी इलाज की आवश्यकता है वह राज अस्पातल में 3 और 4 अक्टूबर को लगने वाले स्क्रीनिंग कैम्प में भाग ले सकते हैं या 9204055678, 9771488888 पर संपर्क कर सकते है। मौके पर रोटरी मिड टाउन की अध्यक्ष मंजू गंभीर ने बताया कि अब तक 935 लोगों का इलाज किया जा चुका है और अब तक 107 बच्चों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। हमारा लक्ष्य 300 बच्चों के इलाज का है।

## बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा गये आइएलएस के स्टूडेंट्स



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज डिर्पाटमेंट के छात्र रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार पहुंचे। सभी छात्र विधिक जागरूकता के तहत आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने होटवार स्थित केंद्रीय कारा गये थे। इंस्टीट्यूट की ओर से असिस्टेंट प्रोफेसर रिमझिम वैष्णवी तथा छात्र मंगलम कुमार, माधव कुमार, राखी कुमारी, शांभवी श्रोत्रिया और विश्वजीत कुमार तिवारी उपस्थित थे।

## हार्ट सेंटर ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**रांची।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत हार्ट सेंटर के द्वारा सुबह 9:00 से 12:00 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। पहाड़ी मंदिर परिसर में आयोजित इस स्वास्थ्य जांच शिविर में हार्ट सेंटर की मेडिकल टीम ने 50 लोगों का स्वास्थ्य जांच की। मौके पर बीपी, शुगर और अन्य जांच किए गए। उपस्थित लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया गया और साफ-सफाई पर विशेष जोर देने का आग्रह किया गया।

## राज्य के सहायक अध्यापकों का मौन धरना स्थगित

**रांची।** झारखंड राज्य सहायक अध्यापक महासंघ की ओर से सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर मोरहाबादी मैदान स्थित गांधीजी की प्रतिमा के सामने मौन धरना का आयोजन किया गया था। इसे एसडीओ के आदेश पर स्थगित कर दिया गया।

## बीआरपी सीआरपी एसएस संघ का सत्याग्रह स्थगित

**रांची।** बीआरपी, सीआरपी और एसएस संघ की ओर से तीन सूत्री मांगों को लेकर दो अक्टूबर को मोरहाबादी के बापू वाटिका के समक्ष सत्याग्रह सभा का आयोजन सोमवार को किया गया था। जेईपीसी के पत्र के आलोक में फिलहाल इस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। अब, सत्याग्रह की बजाये संघ के प्रतिनिधि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देंगे। यह जानकारी संघ के कृष्णा प्रसाद ने दी है।

## ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

**रांची।** पुंदाग ओपी क्षेत्र से 50 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ एक युवक गिरफ्तार। बताया जाता है पुलिस को सूचना मिली थी कि पुंदाग के आलम हाता चौक के पास ब्राउन शुगर तस्कर सफ्लाय करने पहुंचे हैं। सूचना के आधार पर हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में पुंदाग ओपी थाना प्रभारी विवेक कुमार और उनके टीम ने आलम हाता चौक से मोहम्मद शाकिब खान उर्फ गोलू उम्र-27 वर्ष पिता-वासिद खान को 50 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया।

# जमीन कारोबारी ने कर्ज में डूबने के बाद रच दी खुद के अपहरण की कहानी, नेपाल से पुलिस ने दबोचा

**31 अगस्त, 2023 को हुआ था गायब**

**ग्रामीण एसपी ने कहा, दोषियों पर होगी कार्रवाई**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कर्ज में डूबने के बाद एक जमीन कारोबारी ने खुद के अपहरण की झूठी कहानी रच डाला। अपहरण की झूठी वारदात में खुद अपनी पत्नी को शामिल कर लिया और रातू थाना में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज करवा दी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने शक के आधार पर उसके ही पार्टनर सोमनाथ पांडेय को जेल भेज दिया। अब जब पुलिस को पता चला कि अपहृत नवीन मिश्रा नेपाल घूम रहा है तो रातू थाना पुलिस वहां गयी और नवीन मिश्रा को धर दबोचा। नवीन मिश्रा ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि उसने दर्जनों लोगों से लाखों रुपए का कर्ज लिया हुआ है। जब उससे लोग लगातार अपने पैसे वापस मांगने लगे तो उसने अपने ही अपहरण की साजिश रची। क्योंकि सोमनाथ पांडे और उसके परिवार के बीच पूर्व में लेनदेन को लेकर ही झगड़ा हुआ था, ऐसे में सोमनाथ पांडे पर ही नवीन मिश्रा की पत्नी ने आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज करवा दी। नतीजा एक झूठे अपहरण केस में सोमनाथ पांडे को जेल जाना पड़ा। इस पूरे प्रकरण में रातू पुलिस भी सवाल के घेरे में है कि जिन्होंने बिना किसी ठोस जांच के सोमनाथ पांडे को जेल भेज दिया।

रातू थाना क्षेत्र का रहने वाला जमीन कारोबारी नवीन मिश्रा 31 अगस्त 2023 को अचानक गायब हो गया। नवीन मिश्रा के गायब होने के बाद उसकी पत्नी ने भाजपा नेता सुरेंद्र पांडे के बेटे सोमनाथ पांडे पर अपहरण का आरोप लगाते हुए रातू थाने में एफआईआर दर्ज करवा दी। एफआईआर नामजद होने की वजह से पुलिस ने दबाव में आकर सोमनाथ पांडे को गिरफ्तार कर लिया, जबकि सोमनाथ पांडे पुलिस को अपने बेगुनाह होने के सबूत लगातार दे रहे थे, इसके बावजूद पुलिस ने अपहरण केस में सोमनाथ पांडे को 8 सितंबर को जेल भेज दिया।

### नवीन मिश्रा घूम रहा था नेपाल

सोमनाथ पांडे को पुलिस ने नवीन मिश्रा अपहरण कांड में गिरफ्तार का जेल भेज दिया, उधर रातू पुलिस नवीन की तलाश में जुटी हुई थी। क्योंकि अपहरण कांड जैसा कुछ हुआ ही नहीं था इसलिए सोमनाथ पांडे को भी नवीन के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इसलिए सोमनाथ के जेल जाने के बाद भी नवीन के बारे में पुलिस को कोई जानकारी हासिल नहीं हुई। इसी बीच रातू पुलिस को यह जानकारी मिली की नवीन मिश्रा तो नेपाल में है। फोन लोकेशन की जानकारी लेकर रांची पुलिस की एक टीम आनन फानन में नेपाल पहुंची और नेपाल पुलिस की सहायता से नवीन मिश्रा को धर दबोचा।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई : ग्रामीण एसपी

इस मामले को लेकर रांची के ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि मामला अभी भी जांच के घेरे में है। सोमनाथ पांडे को रिहा करवाने के लिए पुलिस ने अपनी कार्रवाई पूरी कर ली है। इसी महीने उन्हें रिहा भी करवा लिया जाएगा। झूठे अपहरण की साजिश सच में जितने लोग भी शामिल हैं चाहे वह कोई भी क्यों ना हो सबके खिलाफ जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### बेकसूर था भाई

सोमनाथ पांडे के भाई रोशन ने बताया कि इस पूरी साजिश को नवीन मिश्रा ने रचा था जिसमें उनके भाई फंस गये। रोशन पांडे ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में रिवाइज पिटीशन और फाइनल रिपोर्ट कोर्ट में समर्पित किया गया है। जिसके बाद उन्हें यह जानकारी दी गई है कि 3 अक्टूबर को उनके भाई को जेल से रिहा कर दिया जाएगा।

## स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्ट कार्य को लेकर लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अजीत सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में बेहतर काम करने को लेकर सदर अस्पताल के सर्जन डॉ अजीत कुमार को सम्मानित किया गया है। बताते चलें कि जनहित फाउंडेशन की ओर से रविवार को हटिया स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अजित कुमार को सम्मानित किया गया है। पिछले तीन सालों से सदर अस्पताल में के क्षेत्र में बेहतर काम करने को लेकर डॉ अजीत को सम्मानित किया गया है।



### सदर अस्पताल में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की उन्नत व्यवस्था

इस मौके पर डॉ अजीत ने कहा कि सदर अस्पताल में 10 से 12 प्रकार के नए लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की शुरूआत की जा चुकी है। रांची का सदर अस्पताल पहला जिला अस्पताल है जहां लेप्रोस्कोपिक सर्जरी शुरू की गई है। हमारी टीम ने नियमित रूप से पित्त की थैली के पत्थर का ऑपरेशन, अपेंडिक्स का ऑपरेशन, पेट के गोले में सिस्ट, विभिन्न प्रकार के हर्निया का ऑपरेशन लेप्रोस्कोपिक विधि के द्वारा की जा रही है।

## बीएयू में स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम



**रांची।** प्रधानमंत्री की अपील पर रविवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा रविवार को एक घंटे का स्वच्छता के लिये श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य कार्यक्रम रांची कृषि महाविद्यालय प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता स्नातकोत्तर अध्ययन डॉ एमके गुप्त ने कहा कि स्वच्छता हमारी दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिये। प्रत्येक व्यक्ति जब अपने स्तर से अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिये प्रयत्नशील रहेगा, तो देश का हर कोना स्वतः स्वच्छ एवं सुंदर हो जायेगा। इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति संवेदनशीलता आयेगी। कार्यक्रम में कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के एसोसिएट डीन डीके रूसिया, पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक रवि कुमार, एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ आरपी मांझी, डॉ उत्तम कुमार, डॉ प्रभाकर महापात्र, डॉ शुभ्रांशु सेन गुप्त के अलावा स्वयंसेवकों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया।

## लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने लगाया रक्तदान शिविर

**रांची।** रविवार को लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने सदर अस्पताल के सहयोग से वर्ल्ड लायंस सर्विस वीक के तहत आज प्रथम चरण में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन हरि ओम टावर में किया। इस अवसर पर 20 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य अथिति के रूप में सुंदर लाल रामसीसरिया उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से नरेश विजया केडिया, सुनील केडिया, नीरज कांत साहा, विष्णु गोयल, अमरजीत गिरधर, रामकृष्ण, कृष्ण गोपाल, अंजना गटानी, राम बालक वर्मा उपस्थित थे। यह जानकारी लायंस क्लब ऑफ ईस्ट के पीआरओ आशुतोष द्विवेदी ने दी।

## संत जेवियर कॉलेज में आयोजित करम नृत्य प्रतियोगिता में नहीं पहुंचे मुख्य अतिथि, भेजा संदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** संत जेवियर महाविद्यालय, रांची में रविवार को करम नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक के.राजू को शामिल होना था, लेकिन वे किसी कारणवश शामिल नहीं हो सके। के राजू के अनुपस्थिति में झारखंड प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन अभिलाष साहू शामिल हुए आर उन्होंने के राजू के संदेश को पढ़कर सुनाया।

राजू ने अपने संदेश में कहा है कि प्रिय विद्यार्थियो, मैं उन सभी आदिवासी छात्रों का हार्दिक स्वागत और शुभकामनाएं देना चाहता हूं जो करम मिलन समारोह में भाग लेने के लिए यहां एकत्र हुए हैं। मुझे यकीन है कि आप सभी मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा से प्रेरणा लेंगे जिन्होंने एक सदी पहले ऑक्सफोर्ड में पढ़ाई की थी। यह आप सभी के लिए गर्व की बात होनी चाहिए कि उन्होंने भारत के संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह भारत का संविधान है जिसने आदिवासियों के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण को सुरक्षित करने का प्रयास किया है।

यह आपका अधिकार होगा कि आप राज्य से आदिवासी बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मांग करें जो आपकी संस्कृति, भाषा, संज्ञानात्मक शक्ति और अंतर्निहित सीखने की क्षमताओं को पहचानती हो। आप सभी स्वदेशी ज्ञान की अविश्वसनीय संपदा से संपन्न हैं। आपमें पढ़ाई में अच्छी प्रगति करने और आदिवासियों के जीवन में परिवर्तन लाने की क्षमता है। कार्यक्रम में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की मौजूद थी। उन्होंने समारोह में नृतय प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया।

## खबर एक नजर में

### इंदरजीत सिंह को जनहित सर्वोच्च सम्मान 2023 से नवाजा गया

**रांची।** जनहित प्रोडक्शन के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में समाज सेवा के क्षेत्र में चमकते हुए सितारे, इंदरजीत सिंह को जनहित सर्वोच्च सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया है। उनका यह सम्मान न सिर्फ उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों का परिचय देता है, बल्कि समाज के प्रति उनके अथक संकल्प और सेवाभाव को जाता है। सम्मान मिलने के बाद इंदरजीत सिंह ने कहा कि इस सम्मान के साथ, हम समझते हैं कि समाज में जो भी संकल्पित और समर्पित लोग होते हैं, उन्हें समाज की ओर से सम्मान और समर्थन मिलता है। उनहोंने कहा कि मैने इस सम्मान से साबित किया है कि समाजसेवा में उनकी संवेदनशीलता और संघर्षशीलता का स्तर उच्चा है। इंदरजीत सिंह ने इस अवार्ड को अपने पिताजी स्व रण विजय कुमार सिंह जी को समर्पित किया।

### बहावलपुरी पंजाबी समाज एवं महिला समाज ने चलाया स्वच्छता अभियान



**रांची।** बहावलपुरी पंजाबी समाज एवं बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति द्वार रविवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत भारी बारिश के बावजूद सड़कों की सफाई की गयी। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अभियान के तहत भारी बारिश के बावजूद कृष्ण नगर कॉलोनी की गलियों की साफ सफाई की, अभियान के दौरान संस्था के सदस्यों ने कॉलोनी निवासियों से अपने अपने घरों के आस पास के इलाकों को साफ रख कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत की परिकल्पना को साकार करने और कचरा मुक्त भारत बनाने की दिशा में सार्थक योगदान देने की अपील की।

### पितृ पक्ष के द्वितीया एवं तृतीया पर श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन



**रांची।** संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद महाराज के द्वारा संचालित समाजिक एव धार्मिक संस्था श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा रविवार को अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में जरूरतमंद ग्रामीणों एवं मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर मे आये हुए राहगीरों एवं बच्चों के बीच 110 वंज श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण कार्य शुरू किया। मौके पर संस्था की महिला समिती की सक्रिय सदस्या उर्मिला पाडिया विकास एकता पाडिया,विशाल पूजा पाडिया, श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,ओमप्रकाश सरावगी पुर्णमल सर्राफ,ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार आदि मौजूद थे।

### अब सदानों को बड़ा आंदोलन खड़ा करने का समय आ गया है : डॉ साहू

**रांची।** सदान विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र प्रसाद साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य के सदानों के विचारों के साथ साथ सदान जगाओ अभियान को तेज करना है। सदानों को एकजुटता में में लाकर राज्य की सभी महिलाएं, पुरूषों को, नौजवानों को उनके हक और अधिकार दिलाने हैं। राज्य के सभी सदान युवाओं को रोजी रोजगार एवं नौकरियों में प्राथमिकता दिलाना है। इसके लिए 77% सदान बाहुल्य राज्य को सभी बड़ी पार्टियों ने विधायक मंत्री सांसद ने आदिवासी बाहुल्य राज्य बताकर एकल पद आरक्षण लागू कर दिया है। सदानों मूलनिवासियों सदानों सर्व जातियों सर्व धर्मावलंबियों सदानों को उनके हक और अधिकार से वंचित कर दिया गया है उसे वापस लाना है। इसके लिए सदान विकास पार्टी कृत संकल्पित है।

### स्वच्छता ही सेवा कैंपेन के तहत डीपीएस के छात्रों ने चलाया सफाई अभियान



**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान का आयोजन करके 'स्वच्छता ही सेवा कैंपेन में भाग लिया। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में 60 से अधिक छात्र अपने शहर को स्वच्छ और साफ बनाने के उद्देश्य से एकत्रित हुए। डीपीएस के विद्यार्थीगण ने इस पहल को बेहद उत्साह के साथ अपनाया। सफाई अभियान सुबह-सुबह शुरू हुआ जब विद्यालय के छात्र एवं शिक्षक बिरसा चौक और हटिया रेलवे स्टेशन रोड पर एकत्र हुए। झाड़ू, कूड़ेदान, गार्बेज बैग को लेकर वे सड़कों और सार्वजनिक क्षेत्रों को साफ करने के लिए निकल पड़े। डीपीएस के प्राचार्य एवं सिटी कोऑर्डिनेटर, डॉ. राम सिंह ने कहा जब सामाजिक और पर्यावरणीय पहल की बात आती है तो हमारे छात्र हमेशा सबसे आगे रहे हैं।

### सीसीएल में स्वच्छता के लिए किया गया श्रमदान

**रांची।** सीसीएल द्वारा रविवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रांची के जाकिर हुसैन पार्क, रांची नगर निगम द्वारा संचालित सब्जी मंडी, रातू रोड, दरभंगा हाउस कैंपस सहित राज्य के 14 अन्य स्थानों में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर विशेष पर सीसीएल के निदेशक(तक./संच.) राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र एवं सीवीओ पंकज कुमार सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कर्मी भी उपस्थित थे। राम बाबू प्रसाद ने उपस्थित सभी लोगों को मौके पर स्वच्छता शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को दैनिक जीवन का अनिवार्य अंग बनाना होगा। आज लिए गए प्रण को व्यवहार में लाना होगा।

### मारवाड़ी सहायक समिति का साधारण सभा एवं चुनाव संपन्न



**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति का साधारण सभा रविवार को मारवाड़ी भवन के सभागार में समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया की अध्यक्षता में हुई। इस आम सभा में सचिव कौशल कुमार राजगढ़िया ने 110 वर्ष पुरानी सामाजिक संस्था मारवाड़ी सहायक समिति के 2 वर्षों का प्रतिवेदन पेश किया। तथा समिति द्वारा संचालित मारवाड़ी भवन, गोविंद भवन, मारवाड़ी युवक व्यायामशाला, रंगलाल मोदी विद्यालय, स्वर्ग द्वार, मुक्तिधाम, मोक्ष धाम तथा अन्य प्रकल्पों एवं उप समितियां के पदाधिकारीयों एवं सदस्यों के कुशल कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। समिति के कोषाध्यक्ष कमल कुमार जैन ने समिति के आय व्यय का ब्योरा पेश किया। आमसभा में समिति के पूर्व अध्यक्षों, मंत्री सहित बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कमल कुमार केडिया ने बताया कि पूर्वाहन 11 बजे से मारवाड़ी सहायक समिति सत्र- 2023 - 25 के लिए चुनाव प्रारंभ हुआ। मतदान शाम 6 बजे तक चला।चुनाव में समिति के 2525 सदस्य मतदाताओं मे से 1460 मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया, भारी बारिश के बावजूद चुनाव में मतदाताओं में भारी उत्साह एवं जोश देखा गया। मतदाताओं ने मतदान कर अध्यक्ष-एक, उपाध्यक्ष- दो, सचिव -एक, उप सचिव- दो, कोषाध्यक्ष एक, एवं बीस कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया है। सभी उम्मीदवारों का भाग्य का फैसला देर रात तक चुनाव परिणाम आने के बाद होगा। चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में चुनाव के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कमल कुमार केडिया, सह निर्वाचन पदाधिकारी राजेंद्र केडिया, पवन शर्मा, विनोद कुमार जैन एवं अग्रवाल युवा सभा के प्रतिनिधियों ने प्रमुख भूमिका निभाई। उक्त जानकारी मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

## स्पीड न्यूज

### एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट आज बांटेगा मच्छरदानी



रातू। प्रखंड में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती धूमधाम से मनायी जायेगी। प्रधानमंत्री के आह्वान पर स्वच्छता अभियान चलाये जायेंगे। अल कमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा सिमलिया स्थित मां पार्वती व आर्या हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में सुबह 9 बजे से मरीजों के बीच मच्छरदानीए फल और ब्लीचिंग पाउडर के पैकेट का वितरण किया जायेगा। वहींए खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अलकमर कॉलोनी स्थित ट्रस्ट कार्यालय और चिल्ड्रेन पाराडाइज पब्लिक स्कूल, पूरब तारूप में बच्चों को फुटबॉल, जर्सी व ब्लीचिंग के पैकेट दिये जायेंगे। यह जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष और समाजसेवी कमरुल हक ने रविवार की शाम मीडिया कर्मियों को दी। उन्होंने बताया कि इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है।

### नवविवाहिता ने फांसी लगा की आत्महत्या



तमाड़। थाना क्षेत्र अंतर्गत तमाड़ नीचेटोली निवासी परिक्षित पातर की पत्नी प्रीति कुमारी 24 वर्ष ने रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार परिक्षित और प्रीति की शादी महज कुछ महीने पहले ही हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हर पहलू पर जांच कर रही है। सोमवार को शव को रिम्स भेजा जाएगा।

### तमाड़ के आजसू कार्यकर्ताओं ने सुदेश महतो को दी बधाई

तमाड़। आजसू पार्टी की महाधिवेशन के सफल समापन पर एवं पुनः केंद्रीय अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित होने पर आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो को पार्टी के पदाधिकारियों ने बधाई दी। मौके पर तमाड़ विधानसभा प्रभारी रामदुर्लभ सिंह मुंडा, तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता श्याम महतो हरिहर महतो दिलीप साहू रमेश भगत हरदेव महतो उमेश नायक राजकुमार गुप्ता प्रेम गुप्ता धनेश्वर महतो अशोक गिरी सर्वेश्वर महतो विश्वनाथ महतो ने बधाई दी।

### मालश्रृंग गांव में दुर्गा पूजा के लिए कमेटी का गठन

ठाकुरगांव। कांके प्रखंड के मालश्रृंग गांव के ग्रामीणों की बैठक रविवार को मोहन साहु की अध्यक्षता में हुई। बैठक में इस वर्ष से शारदीय दुर्गा पूजा का आयोजन गांव में शुरूआत करने का निर्णय लिया गया। पूजा की सफलता को लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष आकाश कुमारएसचिव अजित कुमार साहु व कोषाध्यक्ष अनुज कुमार चुने गये। वहीं कमेटी में मुख्य संरक्षक जनक गुप्ता, किशोर मास्टर, पूर्व जिप सदस्य हकीम अंसारी तथा संरक्षक भीम सिंह, सुखनाथ महतो, मोहन साहु बनाए गए। मौके पर गांव के दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

### भाजपा अनगड़ा मंडल का स्वच्छता अभियान

अनगड़ा। गांधी जयन्ति के पूर्व संध्या पर रविवार को भाजपा अनगड़ा मंडल के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो के नेतृत्व में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रतीक के तौर पर पूर्व विधायक रामकुमार पहान सहित भाजपा के नरेश साहू इत्यादि ने सड़क पर झाड़ू चलाया।

### मुरी टुंगरी पार्क में करम महोत्सव आज

सिल्ली। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुरी गोला पथ मुरी टुंगरी पार्क के मेन गेट के सामने करम महोत्सव का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए करम अखाड़ा मुरी के भगीरथ महतो ने बताया कि 2 अक्टूबर को आयोजित महोत्सव सुबह 10 बजे से संध्या 6 बजे तक चलेगा। महोत्सव में कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत होंगे।

## लगातार बारिश से प्रखंडों में जन-जीवन अस्तव्यस्त, ढह गये कई कच्चे मकान

# मूसलाधार बारिश ने मचायी तबाही

### वीरान हैं सड़कें, सब्जी मार्केट पर पड़ा असर

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। प्रखंड के विभिन्न भागों में पिछले 24 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश ने खूब तबाही मचायी। एनएच-75 स्थित मुरगू के पास बने डाइवर्सन के बह जाने से आवागमन बाधित हो गया। झखरा टांड़ मुंडाटोली निवासी गंदरु मुंडा व चरण मुंडा समेत कई के कच्चे मकान गिरने से आशियाने उजड़ गये। प्रभावित परिवारों के बीच आवास की समस्या खड़ी हो गयी है। लगातार हो रही बारिश के कारण लोग रोज मर्रा की चीजें खरीदने के लिये घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। लंबी दूरी की बसें और छोटे-बड़े वाहनों के परिचालन ठप होने से राष्ट्रीय राज मार्ग संख्या 23 और 75 के अलावा रिंग रोड वीरान है। साप्ताहिक रविवारीय बाजार में किसान अपनी उत्पाद लेकर पहुंचे, लेकिन ग्राहकों के नहीं आने से उनमें निराशा देखी गयी। कई ने तो दुकान भी नहीं लगायी। इलाके के नदी-नाले उफान पर हैं। सड़कों पर पानी भर गया है। चौक-चौराहे की दुकानों में बरसाती पानी के घुसने से सामान बर्बाद हो गये।



रातू क्षेत्र में बारिश से गिरा कच्चा मकान।

### भूखे हैं बेजुबान जानवर

बारिश का असर बेजुबान मवेशियों पर भी पड़ा है। कृषक उन्हें गोहाल से बाहर नहीं निकाल पा रहे हैं। भूख के मारे जानवरों के चिल्लाने की आवाज घर-घर गुंज रही है। तेज हवा के कारण विद्युत खंभे गिर गये। इससे बिजली की आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गयी है। लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं। बच्चों की पढ़ाई और होम वर्क बाधित है। इधर आशंका जतायी जा रही है कि यही स्थिति रही तो गरीबों के और भी मकान ढह जायेंगे। ऐसे में लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

### ओरमांझी : घर से निकलना हो रहा मुश्किल, एनएच पर एंबुलेंस फंसी



ओरमांझी। पिछले दो दिन से हो रही लगातार बारिश से एनएच-20 पथ ओरमांझी में जल जमाव होने से वाहन चालाकों के साथ स्थानीय लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रांची-रामगढ़ शास्त्री चौक के पास सड़क पर पानी का जमाव हो जाने से बाइक सावर के साथ चार पहिया छोटी वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार की सुबह गुजर रहे एक एंबुलेंस का सड़क में पानी भरे होने के कारण स्टार्ट बंद हो गया। जिसके कारण एंबुलेंस लगभग एक घंटा खड़ी रही। बाद में काफी प्रयास के बाद वाहन स्टार्ट हुआ। वहीं सड़क में जल-जमाव से आसपास के घर के लोगों को बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं जल जमाव के कारण दुकानों में ग्राहक पहुंच नही पा रहे हैं। बताया जा रहा है कि शास्त्री चौक स्थित ब्रिज निर्माण के लिए सड़क के किनारे का अतिक्रमण हटाया गया। जिससे ड्रेन बंद हो गया है। फिल्हाल ब्रिज बनना भी बंद हो गया है। वहीं स्थानीय लोगों में एनएचआई के प्रति नाराजगी व्याप्त है।

## इटकी के पत्रकार सुबोध सिन्हा पंचतत्व में विलीन

खबर मन्त्र संवाददाता

इटकी। इटकी के वरिष्ठ पत्रकार सुबोध कुमार सिन्हा के अंतिम यात्रा में भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इटकी स्थित मुक्ति धाम में रविवार को विधिवत दाह संस्कार किया गया। पुत्र सोनू अभिलाष सिन्हा ने मुखाग्नि दी। इससे पूर्व उनके निवास स्थान एकता नगर से शव यात्रा निकाली गई, जो गुलजार रोड, बाजार टांड़ होते हुए मुक्ति धाम पहुंचा। उनके अंतिम दर्शन के लिये प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, पूर्व जिप सदस्य मसूद आलम, जदयू के बिगा मिंज, शिवनाथ तिग्गा, मास्टर मुश्ताक अहमद, सैयद अफसर शाह, बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, प्रमुख किरण उरांव, उप प्रमुख परवेज राजा, देवेंद्र महतो, कमेश बर्मन, अजीत केशरी, झामुमो के नंदकिशोर मेहता, जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विजय कुमार कुशवाहा, घोटानागपुर सांस्कृतिक संघ के सच्ची देवी, अबरार इमाम, राजकुमार तिर्की, राजेश्वर महतो, संजय गोप, रमेश महली के अलावा रातू, मांडर, बेड़ो, पिस्कानगड़ी व इटकी के स्थानीय पत्रकार, उनके परिजन सहित भारी संख्या में लोग पहुंचे।

### पत्रकार के निधन पर शोक

पिस्कानगड़ी। इटकी के वरिष्ठ पत्रकार सुबोध कुमार सिन्हा अचानक निधन पर नगड़ी प्रखंड के शोक प्रगट किया है। इनमें वरीय समाजसेवी तपेश्वर केसरीएहाजी साकिर अहमद एकेदार महतो शशि भुषण भगत चुडामनी महतो दिलरूबा हुसैन दिनेश केसरी दिनेश महतो शहीद अहमद कमलेश केसरी आर्कषण मनोज महतो चन्द्र शेखर शर्मा अब्दुल गफ्फार बसंत शाही नीरज शाही मनीष कुमार केसरी राजू केसरी सकिल अंसारी राकेश केसरी शामिल हैं।

### बारिश का असर : भांटबोड़ेया गांव में खपरैल मकान ध्वस्त

खबर मन्त्र संवाददाता



ठाकुरगांव। बुढ़मू प्रखंड में शनिवार की शाम से हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश से लोग पूरे दिन घरों में ही दुबके रहे। लगातार बारिश से प्रखंड के भांटबोड़ेया गांव निवासी अमृत महतो का खपरैल मकान रविवार को गिर गया। साथ ही पतरातू गांव निवासी बालगोविंद मुंडा का भी खपरैल मकान गिर गया। लगातार बारिश से क्षेत्र के तालाबों व नदियों का भी जलस्तर बढ़ गया है। भुक्तभोगी ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

### हुंडरू और जोन्हा फॉल उफान पर



अनगड़ा। शनिवार की रात से लगातार हो रही बारिश से गेतलसूद डैम का जलस्तर 30 फीट को पार कर गया है। खतरे का निशान महज चार फीट ऊपर है। ऐसे ही बारिश होती रही तो डैम का रेडियल गेट को खोलकर पानी को बहाने की नौबत आ जाएगी। फिलहाल सिकिदिरी हाइडल को बिजली उत्पादन के लिए उसके मांग के अनुसार नहर से पानी दिया जा रहा है। इधर बारिश से हुंडरू, जोन्हा और सीता फॉल भी पूरे उफान पर है। रविवार को बारिश होने के वावजूद पर्यटकों की भीड़ हुंडरू, जोन्हा और गेतलसूद डैम में देखी गई। फॉल का विहंगम नजारा पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है।

## एक नजर में

### स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता जरूरी : देवेंद्र प्रकाश



ठाकुरगांव। ठाकुरगांव भाजपा मंडल के तत्वावधान में रविवार को पंचायत सचिवालय ठाकुरगांव से स्वच्छता अभियान चलाया गया। बैठक एवं कार्यक्रम विभाग के प्रदेश संयोजक स्वामी देवेन्द्र प्रकाश के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पंचायत सचिवालय समेत अन्य जगहों में अभियान चलाया। मौके पर स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने कहा कि स्वच्छता अपनाकर ही हम सभी स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। साथ ही उन्होंने सप्ताह में एक दिन गांव में स्वच्छता अभियान चलाने का भी आह्वान किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष उतपल शाहदेव, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, जयकुमार कुशवाहा, कमल मोदी, झिबरा मुंडा, गौरव कुमार कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अनगड़ा में जेबीकेएसएस ने की समीक्षा बैठक



अनगड़ा। जेबीकेएसएस के सदस्यों की रविवार को अनगड़ा के झटनी टूंगरी में बैठक हुयी । बैठक में गत 17 सितंबर को टाटीसिलवे के ईईएफ मैदान मे आयोजित बदलाव संकल्प सभा की समीक्षा के साथ लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर पंचायत से लेकर ग्रखंड एवं प्रखंड से लेकर जिलास्तर तक संगठन विस्तार हेतु चर्चा की गयी । इसके लिए अक्टूबर को एक बैठक करने का निर्णय लिया गया । बैठक मे सदस्यों ने कहा टाईगर जयराम महतो के नेतृत्व में आयोजित सभाओं में जुट रही भीड़ से झारखंड की राजनीति की दशा और दिशा में बदलाव के संकेत नजर आ रहा है। बैठक में लखीन्द्र महतो देवेन्द्र नाथ महतो फलिन्द्र करमाली कैप्टन जुगेश मुंडा छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो मंजू महतो मुकेश उर्फ मिक्की सुधांशु हेमंत विराट महतो संजय महतो मोहन महतो मौजूद थे।

# वन्य पशु-पक्षी संरक्षण के लिए जंगल बचाना जरूरी

### प्रभातफेरी

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रभातफेरी में शामिल बिरसा जैविक उद्यान के पदाधिकारी और कर्मचारी।

ओरमांझी। बिरसा जैविक उद्यान में एक से छह अक्टूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसे लेकर रविवार को उद्यान के पदाधिकरियों के साथ कर्मियों द्वारा फेरी निकाल गई। प्रभात फेरी में शामिल उद्यान कर्मी हाथों में वैनर पोस्टर लिए वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए जागरूकता नारा लगा रहे थे। जैविक उद्यान से निकली प्रभात फेरी चकला मोड़ से शास्त्री चौक होते हुए पुनः जैविक उद्यान पहुंची। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित एसीएफ अशोक कुमार ने कहा उद्यान में वन्य जीवों की बेहतर देखभाल, स्वच्छ उद्यान व परिसर के साथ उद्यान के प्रति सैनालियों का विशेष लगाव ने आज बिरसा जैविक उद्यान को देश के 10 श्रेष्ठ जू में शामिल किया है। इसके लिए उद्यान के कर्मियों द्वारा भी सरहानीय कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वन्य प्राणियों को संरक्षित करने के लिए वनों की अंधाधुंध कटाई पर रोक जरूरी है। जंगलों की कटाई के कारण कई वन्य जीव विलुप्त प्राय हो गए हैं। वहीं उद्यान वन क्षेत्र पदाधिकारी बाबूलाल कुमार ने बताया एक से छह अक्टूबर तक जैविक उद्यान के पुस्कालय में स्कूली बच्चों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें तीन अक्टूबर को स्कूली बच्चों के बीच निबंध लेखन और चार अक्टूबर को स्थल चित्रांकन का आयोजन किया जाएगा। वहीं छह अक्टूबर को विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। जैविक उद्यान के पशु चिकित्सक डॉ ओपी साहू ने बताया एक से छह अक्टूबर तक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं व अभिभावकों के लिए उद्यान में प्रवेश निशुल्क रहेगा।

#### प्रभातफेरी में थे शामिल

प्रभात फेरी में एसीएफ, चिकित्सक के साथ वन क्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू कुमार, प्रमोद कुमार, जीव विज्ञानी विवेक कुमार, वनरक्षी राकेश अवस्थी, लालन कुमार, मुकेश कुमार, अमित कुमार और उद्यान कर्मी शामिल थे।

### सिल्ली में 36 घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप

सिल्ली। दो दिनों हो रहे बरसात ने बिजली व्यवस्था को ऐसा झटका दिया कि 36 घंटे तक हाहाकार मचा रहा। पहले मन लाइन व बाद में कई फीडर जल जाने से शहर व आसपास के इलाकों में बिजली गुल हो गई। इससे बरसात की कठिन रात में जहां गांव.घर अंधेरे में डूब गएए वहीं बिजली नही रहने से मोटर नही चलने से घरों पर पानी मिलना मुहाल हो गया। बिजली सिस्टम को सुदृढ़ करके विभाग के दावे औंधे मुंह गिर गए। काम चलाने को लगाए गए जर्जर व पुराने उपकरण दो दिन हो रहे बरसात में एक.एक करके दगा देने लगे। कहीं जंफर कट गया तो कहीं तार टूट गए। शक्रवार रात से जब बरसात शुरू हुई उसके बाद शनिवार को और मामला बिगड़ गया।

### बेड़ो में चला सफाई अभियान

बेड़ो। देश भर में चलाए जा रहे श्स्वच्छता ही सेवाश कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर रखने के लिए रविवार को सीओ सुमंत तिर्की के नेतृत्व में प्रखंड कर्मियों व पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने सब्जी मंडी व बाजार में सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही सब्जी विक्रेताओ व दुकानदारों को निर्देश दिया कि वे बाजार के अंदर समेत सड़क किनारे जमा गंदे कूड़े को प्रतिदिन सुबह साफ करें और स्वच्छता के प्रति जागरूक बनें। इधर प्रखंड के पुरियो पंचायत सचिवालय परिसर में मुखिया नीरज कुजूर के नेतृव में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

### तरंगा में सार्वजनिक स्थलों की हुई सफाई

चान्हो। स्वच्छ भारत अभियान के तहत प्रखंड के तरंगा में तीन दिनों तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सार्वजनिक स्थल सहित मुस्लिम कब्रिस्तान का सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव के सभी लोगो ने अपना भरपूर योगदान दिया। इस मौके पर काफी समय झाड़-झंखाड़ और कचरा फैला रहता था, वहां सफाई के बाद चारों तरफ हरियाली दिखाई दे रही है, वही कब्रिस्तान में स्वच्छ अभियान में तीन दिनों तक साफ-सफाई की बाद रविवार को संपन्न हुआ।

## स्वच्छता मानव जीवन का महत्वपूर्ण अंग

खबर मन्त्र संवाददाता



अनगड़ा। 26वीं वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल ने महात्मा गांधी जयन्ति के पूर्व संध्या पर एक तारीख एक घंटा के तहत वाहिनी के कमांडेन्ट एसडी शेरखाने के नेतृत्व में बृहद रूप से स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। इस क्रम में गेतलसुद बांध बाजार स्थल अनगड़ा और तमाड़ बाजार में साफ सफाई किया गया । साथ हीं नामकोम रेलवे स्टेशन एवं टाटीसिलवे रेलवे स्टेशन में करीब तीन किलोमीटर तक पटरी की भी साफ सफाई की गयी। इसके अलावा सताकी बाशुकोचा से डोंगीडीह जाने वाली सड़क पर करीब दस किलोमीटर तक स्वच्छता अभियान चलाया गया । इस अवसर पर कामांटेन्ट श्री शेरखाने कहा कि स्वच्छता मानव जीवन का महत्वपूर्ण अंग है इससे हम बीमारियों से दूर रहते हैं और हमें निरोगी काया की प्राप्ति होती है।



### बूथ सशक्तीकरण करने पहुंचीं आरती कुजूर



सिकिदिरी। भाजपा सिकिदिरी मंडल का हरातुएनवागढ़ आदि पंचायत में बूथ सशक्तीकरण अभियान और बूथों का सत्यापन किया गया। सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सुनील महतो के अध्यक्षता में मंडल प्रवासी के रूप में महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी आरती कुजूर एवं मंडल प्रभारी नीलमोहन पहान की उपस्थिति में सत्यापन किया गया। आरती कुजूर ने कहा कि कार्यकर्ता बूथ की मजबूती में अपनी ताकत झोंक दे, सफलता अवश्य मिलेगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि नंदलाल राम, सुजीत कुमार सोनी, धनेश्वर बेदिया, सत्यपाल राऊत, बिट्टू कुमार बुधराम बेदिया, दिलीप मिर्धा, पंचम भोगता, मनसा बेदिया, नागेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

### रामकृष्ण चौधरी बने गोंदली पोखर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष



अनगड़ा। प्रखंड के गोंदली पोखर बाजार दुर्गा पूजा समिति की एक बैठक हुयी बैठक में दुर्गा पूजा का त्यौहार धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में समिति का पूर्नगठन किया गया। सर्वसहमति से श्री रामकृष्ण चौधरी को समिति का अध्यक्ष चुना गया। जबकि मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक रामकुमार पहान शिवशंकर केशरी नीलकंठ चौधरी सागर साहु दीपक सोनी रंथा महली शुकर साहु सुरेन्द्र महतो अजय महतो एव रामसाय मुंडा को बनाया गया संरक्षक हरेकृष्ण चौधरी गोर्वधन महतो ललीत लाल चौधरी अशोक केशरी ओमप्रकाश सोनी को बनाया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी में सदस्यों का चयन किया गया।

# स्थापना दिवस : रातू प्रखंड ने तय किया 67 साल का लंबा सफर

**104.39 वर्ग मीटर क्षेत्रफल, 109172 लाख है जनसंख्या**

शेख मुजिबुल



रातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय।

रातू। राजधानी रांची से सटे रातू प्रखंड ने 67 साल का लंबा सफर तय कर लिया है। 2 अक्टूबर 1956 को स्थापित प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन तत्कालीन छोटानागपुर राज के 62वें महाराजा चिंतामणि शरण नाथ शाहदेव ने किया था। उन्होंने 12 एकड़ जमीन दान की थी। एस पातरो पहला बीडीओ थे। आक्षाश 23.24 डिग्री एन और देशांतर 85.18 डिग्री है। समुद्र तल से इसकी ऊंचाई 708 मीटर है। यहां की जलवायु समशीतोष्ण है। प्रतिवर्ष वर्षा का औसत 490.9 एमएम है। क्षेत्रफल 104.39 वर्ग मीटर है। साक्षरता दर 72.31 प्रतिशत है। 20 पंचायतों वाले इस सामुदायिक विकास प्रखंड में 55 राजस्व गांव हैं। परिवार की संख्या 20.632 है। पूर्व की अपेक्षा लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। योजनाओं को मूर्त रूप देने में अधिकारी व कर्मचारियों ने हमेशा अभिरुचि दिखायी है। सीमित संसाधन के बावजूद पंचायत प्रतिनिधि विकास को लेकर संवेदनशील हैं।

### 46254 हैं अनुसूचित जनजाति

2011 की जनगणना के मुताबिक यहां की आबादी 109172 लाख है। इसमें पुरुष 55772 और 53400 महिलायें हैं। 3952 अनुसूचित जाति हैं। इसमें पुरुष 2111 व 1841 महिलायें हैं। अनुसूचित जनजाति की संख्या 46254 है। पुरुष 22990 व महिलायें 23264 हजार है। अन्य 58966 हजार हैं।

### एसएन शाहदेव थे प्रथम प्रमुख

लाल सदानाथ शाहदेव ने 1964 में प्रथम प्रमुख बनने का गौरव हासिल किया। वह लालगुटवा के रहने वाले थे। उन्होंने 2 अक्टूबर को शपथ ली थी। 2010 में बड़काटोली की सीमा देवी प्रमुख बनीं। 2015 सिमलिया के सुरेश मुंडा और उसी गांव की नयांटोली निवासी संगीता तिर्की वर्तमान प्रमुख हैं। हरिशंकर बारिक बीडीओ व सीओ प्रदीप कुमार हैं।

### पिपरवार : सेवानिवृत्त कर्मी को दी गयी विदाई



पिपरवार। सीएचपीध्सीपीपी परियोजना में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह में सीएचपीध्सीपीपी परियोजना से सेवानिवृत हुए पेलोडर ऑपरेटर अब्दुल अंसारी को विदाई दी गई। समारोह में माला पहनाकर एवं बुके देकर उनका स्वागत किया गयाएजबकि उपहार प्रदान कर उन्हें विदाई दी गई।समारोह को संबोधित करते हुए उपस्थित वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा की।परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार ने कहा कि पुराने और अनुभव कर्मियों के सेवनिवृत होने से परियोजना को काफी परेशानी हो रही है।नए कर्मियों को पुराने कर्मियों से सीख लेने की जरूरत है।

खबर मन्त्र

रांची. सोमवार .02 अक्टूबर 2023

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# बढ़ती उम्मीद

पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम ने देश के 112 जिलों में 25 करोड़ से अधिक लोगों की जिंदगी बदल दी और इसकी सफलता अब आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम का आधार बनेगी।

आकांक्षी जिला कार्यक्रम ने देश के 112 जिलों में 25 करोड़ से अधिक लोगों की जिंदगी बदल दी है। उनके जीवन की गुणवत्ता में बदलाव आया है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम की सफलता अब आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम का आधार बनेगी। पीएम मोदी ने कहा बहुत कम लोगों को इतने लंबे वक्त तक सरकार चलाने का मौका मिलता है, जैसा कि मुझे मिला है। और मैं अनुभव से यह कहता हूं कि केवल बजट से बदलाव नहीं आता, अगर हम संसाधनों और अभिसारिता का अधिकतम उपयोग करें, तो ब्लॉक के लिए किसी नयी निधि के बिना भी काम किया जा सकता है।

सुशासन की पूर्व शर्त संसाधनों का अधिकतम उपयोग है। उन्होंने संसाधनों के समान वितरण पर भी जोर दिया। संकल्प सप्ताह का संबंध आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन से है। देशव्यापी कार्यक्रम की शुरूआत की गयी थी इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए ब्लॉक स्तर पर शासन में सुधार लाना है। इसे देश के 329 जिलों के 500 आकांक्षी ब्लॉक में लागू किया जा रहा है। तीन से नौ अक्टूबर तक चलने वाले संकल्प सप्ताह का हर दिन एक विशिष्ट विकास थीम के लिए समर्पित है, जिस पर सभी आकांक्षी ब्लॉक काम करेंगे एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पहले छह दिन की थीम क्रमशः संपूर्ण स्वास्थ्य, सुपोषित परिवार, स्वच्छता, कृषि, शिक्षा और समृद्धि दिवस है। निश्चित ही ऐसे कार्यक्रम देश के पिछड़ें इलाकों में विकास की उम्मीद जगाती है। देश के सभी क्षेत्रों का समान विकास देश की बड़ी चुनौतियों में से एक है, जिसका निराकरण निकाला जा रहा है।

# अनंत बर्बरता

देश आज फिर उन सवालों का जवाब मांग रहा है जो दिल्ली के बर्बर निर्भया कांड के बाद उपजे थे। दरअसल, निर्भया कांड से उपजे आक्रोश को दबाने के लिये जो उपाय किये गये थे वे कारगर साबित नहीं हुए हैं। तभी हर दिन समाज के मुंह पर कालिख पोतने वाली घटनाएं सामने आती हैं। जो समाज में नैतिक मूल्यों के पतन को भी दशार्ती हैं। कभी दिल्ली, कभी कठुआ तो कभी पटना का नाम आता है मगर बर्बरता एक जैसी है। पिछले दिनों राजस्थान से भी ऐसी दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। राजनेता भी अपनी सुविधा से विरोध करते हैं। राजनीतिक दल वहीं मुखर नजर आते हैं जहां उनकी सरकार नहीं होती है। अपने दल की सरकार में उनकी व्याख्या अलग होती है। मगर आंकड़े डराने वाले हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, कड़े कानून बनाये जाने के बाद भी पिछले एक दशक में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में सतासी फीसदी की वृद्धि हुई है। यह आंकड़ा किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाला है कि वहां हर बीस मिनट में दुराचार का एक मामला सामने आता है। यह विचारणीय प्रश्न है कि देश में यौन हिंसा के उफान की असली वजह क्या है? कुछ जानकार इसे इंटरनेट पर अश्लील सामग्री के सैलाब का परिणाम बताते हैं, जिसके चलते यौन कुंठित लोग समाज में बच्चियों व कमजोर महिलाओं को अपना शिकार बनाते हैं। दूसरे नशे के अंधाधुंध प्रचलन ने भी आग में घी का काम किया है। पिछले कुछ वर्षों में जघन्य यौन हिंसा करने वाले अपराधियों ने स्वीकारा कि वारदात से पहले उन्होंने मोबाइल पर अश्लील फिल्में देखी। या फिर अपराध करते वक्त नशे का सेवन किया हुआ था। बहरहाल, जिस देश में नारी को पूजने की बात होती थी वहां लगातार ऐसे भयावह मामलों का प्रकाश में आना समाज व सरकार की गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए।

# बापू के व्यवहारिक शिक्षा का सपना पूरा होगा



**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी का व्यक्तित्व और कृतित्व आदर्शवादी रहा है। उनका आचरण प्रयोजनवादी विचारधारा से ओतप्रोत था। संसार के अधिकांश लोग उन्हें महान राजनीतिज्ञ एवं समाज सुधारक के रूप में जानते हैं। शिक्षा पर सरकारी तंत्र हावी न हो समाज शिक्षा को समझें। शिक्षा का मूल उदेश्य शिक्षा सर्वसुलभ और नैतिकता से भरा बनाना है। अतः गांधीजी का शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष योगदान रहा है। उनका मूलमंत्र था - 'शोषण-विहीन समाज की स्थापना करना'। उसके लिए सभी को शिक्षित होना चाहिए। क्योंकि शिक्षा के अभाव में एक स्वस्थ समाज का निर्माण असंभव है। अतः गांधीजी ने जो शिक्षा के उद्देश्यों एवं सिद्धांतों की व्याख्या की तथा प्रारंभिक शिक्षा योजना उनके शिक्षादर्शन का मूर्त रूप है। अतएव उनका शिक्षादर्शन उनको एक शिक्षाशास्त्री के रूप में भी समाज के सामने प्रस्तुत करता है। उनका शिक्षा के प्रति जो योगदान था वह अद्वितीय था। उनका मानना था कि मेरे प्रिय भारतराष्ट्रपिता महात्मा गांधी का व्यक्तित्व और कृतित्व आदर्शवादी रहा है। उनका आचरण प्रयोजनवादी विचारधारा से ओतप्रोत था। संसार के अधिकांश लोग उन्हें महान राजनीतिज्ञ एवं समाज सुधारक के रूप में जानते हैं। पर उनका यह मानना था कि सामाजिक उन्नति हेतु शिक्षा का एक मत्वपूर्ण योगदान होता है।

अतः गांधीजी का शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष योगदान रहा है। उनका मूलमंत्र था - 'शोषण-विहीन समाज की स्थापना करना'। उसके लिए सभी को शिक्षित होना चाहिए। क्योंकि शिक्षा के अभाव में एक स्वस्थ समाज का निर्माण असंभव है। अतः गांधीजी ने जो शिक्षा के उद्देश्यों एवं सिद्धांतों की व्याख्या की तथा प्रारंभिक शिक्षा योजना उनके शिक्षादर्शन का मूर्त रूप है। अतएव उनका शिक्षादर्शन उनको एक शिक्षाशास्त्री के रूप में भी समाज के सामने प्रस्तुत करता है। उनका शिक्षा के प्रति जो योगदान था वह अद्वितीय था। उनका मानना था कि मेरे प्रिय भारत में बच्चों को प्राथमिक की शिक्षा मातृभाषा में दी जाये। उनका आचरण प्रयोजनवादी विचारधारा से ओतप्रोत था। संसार के अधिकांश लोग उन्हें महान राजनीतिज्ञ एवं समाज सुधारक के रूप में जानते हैं। पर उनका यह मानना था कि सामाजिक उन्नति हेतु शिक्षा का एक मत्वपूर्ण योगदान होता है।



- डॉ मेरी ग्रेस

> अत: गांधीजी का शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष योगदान रहा है। उनका मूलमंत्र था - 'शोषण-विहीन समाज की स्थापना करना'। उसके लिए सभी को शिक्षित होना चाहिए। क्योंकि शिक्षा के अभाव में एक स्वस्थ समाज का निर्माण असंभव है। अत: गांधीजी ने जो शिक्षा के उद्देश्यों एवं सिद्धांतों की व्याख्या की तथा प्रारंभिक शिक्षा योजना उनके शिक्षादर्शन का मूर्त रूप है।

अतः गांधीजी का शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष योगदान रहा है। उनका मूलमंत्र था - 'शोषण-विहीन समाज की स्थापना करना'। उसके लिए सभी को शिक्षित होना चाहिए। क्योंकि शिक्षा के अभाव में एक स्वस्थ समाज का निर्माण असंभव है। अतः गांधीजी ने जो शिक्षा के उद्देश्यों एवं सिद्धांतों की व्याख्या की तथा प्रारंभिक शिक्षा योजना उनके शिक्षादर्शन का मूर्त रूप है। अतएव उनका शिक्षादर्शन उनको एक शिक्षाशास्त्री के रूप में भी समाज के सामने प्रस्तुत करता है। उनका शिक्षा के प्रति जो योगदान था वह अद्वितीय था। शिक्षा उन्हें स्वावलंबी बनाये और वे देश को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। शिक्षा उन्हें स्वावलंबी बनाये और वे देश को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। आधारभूत शिक्षादर्शन सिद्धान्त, शिक्षादर्शन के उद्देश्य,गांधीजी की बेसिक अथवा बुनियादी शिक्षा,बुनियादी शिक्षा की विशेषताएं स्व. डॉ धर्मपाल प्रसिद्ध गांधीवादी चिन्तक रहे हैं। उन्होंने भारतीय ज्ञान, विज्ञान, समाज, राजनीति और शिक्षा को लेकर बहुत ही महत्वपूर्ण शोध किया है।

गांधी के वाक्य 'द ब्यूटीफुल ट्री' को जस का तस लेकर डॉ धर्मपाल ने अपना शोध शुरू किया और अँगरेजों और उससे पूर्व के समस्त दस्तावेज खंगाले। जो कुछ भारत में मिला उन्हें संग्रहालयों और ग्रंथालयों से लिया और जो जानकारी भारत से बाहर ईस्ट इंडिया कंपनी और यहाँ तक कि सर टामस रो से लेकर अँगरेजों के भारत छोड़ने तक की, इंग्लैंड में उपलब्ध थी, उसे वहां जाकर खोजा। धर्मपालजी ने अग्रेजकालीन घटनाओं का जो ऐतिहासिक अन्वेषण कर यह साबित किया कि जिस प्रकार उन लोगों ने न केवल हमारे अर्थशास्त्र और कुटीर उद्योग को समाप्त कर हमारे पूरे अर्थतंत्र को डस लिया, बल्कि भारत का सांस्कृतिक, साहित्यिक, नैतिक और आध्यात्मिक विखंडन भी किया जिससे भारत अपना भारतपन ही भूल गया और अंग्रेजी शिक्षा से आच्छन्न यहां के कुछ बड़े घरानों के लोग भारत भाग्य विधाता बन गए।

गांधीजी ने शिक्षा के अधोलिखित आधारभूत सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है-

7 से 14 वर्ष की आयु के बालकों की निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा हो।

शिक्षा का माध्यम मातृभाषा हो।

साक्षरता को शिक्षा नहीं कहा जा सकता।

शिक्षा बालक के मानवीय गुणों का विकास करना है।

शिक्षा ऐसी हो जिससे बालक के शरीर, हृदय, मन और आत्मा का सामंजस्यपूर्ण विकास हो।

सभी विषयों की शिक्षा स्थानीय उत्पादन उद्योगों के माध्यम से दी जाए।

शिक्षा ऐसी हो जो नवयुवकों को बेरोजगारी से मुक्त कर सके।

अतः गांधीजी के अनुसार शिक्षा का अर्थ - बालक और मनुष्य के शरीर, मस्तिष्क और आत्मा में जाये जाने वाले सर्वोत्तम गुणों का चहुंमुखी विकास करना है। अतः बालक के सर्वांगीण विकास हेतु उसके शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक गुणों का विकास करना। सर्वोच्च उद्देश्य तात्कालिक उद्देश्य जिनकों नियमित शिक्षा के माध्यम से शीघ्र प्राप्त किया जा सकता है। जो कि इस प्रकार है- जीविकोपार्जन का उद्देश्यः गांधीजी के अनुसार शिक्षा ऐसी हो जो आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके बालक आत्मनिर्भर बन सके तथा बेरोजगारी से मुक्त हो। सांस्कृतिक उद्देश्यः गांधीजी ने संस्कृति को शिक्षा का आधार माना। उनके अनुसार मानव के व्यवहार में संस्कृति परिलक्षित होनी चाहिए। पूर्ण विकास का उद्देश्यः उनके अनुसार सच्ची शिक्षा वह है जिसके द्वारा बालकों के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास हो सके। गांधीजी ने चारित्रिक एवं नैतिक विकास को शिक्षा का उचित आधार माना है। (प्राचार्या उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची हैं।)

## खास बात

# परदे की सीता

**शोभना समर्थ : परदे की पहली लोकप्रिय सीता**

**अजय कुमार शर्मा**

**आज** की पीढ़ी सीता के रूप में रामानंद सागर द्वारा निर्मित और निर्देशित रामायण धारावाहिक की सीता यानी दीपिका चिखलिया की छवि को याद करती है। जबकि चालीस के दशक में सीता का मतलब शोभना समर्थ हुआ करता था। शोभना समर्थ यानी नूतन और तनूजा की मां। वो चालीस के दशक की एक लोकप्रिय नायिका थीं। राम (प्रेम अदीब) के साथ उनकी जोड़ी कुछ ऐसी हिट हुई थी कि घर-घर में राम-सीता के फोटो के रूप में इन दोनों के फोटो लगाए जाते थे और बकायदा पूजा की जाती थी।

शोभना समर्थ का मूल नाम शोभना शिलोत्री था और उनका जन्म 17 नवंबर 1916 को बंबई (अब मुंबई) के अमीर बैंकर परिवार में हुआ था। वह अपने परिवार में इकलौती थीं और छोटी उम्र से ही मराठी रंगमंच से जुड़ गईं थीं। पिता की मृत्यु के बाद उनके मामा जयंत यानी नलिन जयवंत के पिता ने शोभना को सहारा दिया। कुमार सेन समर्थ जो कि एक सिनेमाटोग्राफर थे के साथ शादी के बाद वे शोभना समर्थ कहलाईं। विवाह के बाद ही उनके फिल्मी करियर की शुरूआत हुई। उनकी पहली फिल्म थी बिलासी ईश्वर उर्फ निगाह ए नफरत (1935)। इसके बाद कोल्हापुर सिनेटोन के बैनर के साथ उन्होंने कुछ फिल्में की जिनमें उनके नायक मोतीलाल थे। दो दीवाने (1936) फिल्म के बाद उनकी बड़ी बेटी नूतन का जन्म हुआ।

इस कारण उन्होंने कुछ समय फिल्मों से रिश्ता तोड़ लिया। वापसी के बाद कई सफल फिल्मों में काम किया। उन्हें पहली बार लोकप्रियता प्रकाश पिक्चर्स की फिल्म भरत मिलाप (1942) से मिली। विजय भट्ट द्वारा निर्देशित यह फिल्म रामायण के भरत मिलाप कांड पर केंद्रित थी। उनकी अगली फिल्म रामराज्य भी बेहद सफल रही और उनकी सीता की छवि घर-घर में बेहद लोकप्रिय हो गई। रामराज्य अभी भी सबसे अधिक सफल पौराणिक फिल्म मानी जाती है। इसके बाद तो उन्होंने प्रकाश पिक्चर्स की रामबाण, राम विवाह, रामायण आदि में प्रेम अदीब के साथ सीता का अभिनय किया।

# मन, बुद्धि कहां लगे

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यांनदजी परमहंस**

**ब्रह्म** जी के आज्ञानुसार ही वशिष्ठ जी सूर्यवंश के पुरोहित बने। सारी रचना को दिशा देने लेगे। उन्हीं का यह चिंतन था कि शांता को कहकर श्रृंगी ऋषि को बुलाये, पुत्रयेष्टि यज्ञ कराए और ऋषियों का संस्कार इन लड़को में बचपन से ही हो जाए। गुरु ही रचनाकार होता है। इसलिये उसका नाम कर्तार होता है वह कर्तार कहा जाता है। सारी प्रकिया उसी के पास से होकर गुजरती है। रामायण के रचनाकार वशिष्ठ ही थे, जितनी घटनाएं घटनी है उन सारे घटनाओं को भक्ति का रूप देकर इन्होंने ही संयोजित किया था। नियतं कुरु कर्म त्वं...। जो कर्म गुरु की कल्पना होती है, उसमें मन और बुद्धि लगा होता है। उसके सिवा जा कर्म खुद से ही किया जाए, उसमें मन और बुद्धि लगा होता है। इसके सिवा जो कर्म खुद से ही किया जाए उसमें अपना मन और बुद्धि लगा होता है। तो अपने मन और बुद्धि की ऊचांई एवं स्तर वह नहीं हो सकता है। गुरु का मन और बुद्धि परा लोक का होता है। अतः उनके द्धारा जो भी कल्पना होती है वह ब्रह्माण्डी होता है। जो ब्रह्माण्डी मन बुद्धि है जब हम उसकी के अनुसार कार्य करते हैं तो निश्चिय ही हमारा मन बुद्धि भी पिंडी न होकर ब्रह्याण्डी हो जाएगा।

विश्वामित्र की भक्ति एवं अहिल्या का उद्धार

तब रिषि निज नाथहिं जियं चीन्ही। विद्यानिधि कहुं विद्या दीन्ही।। जाते लाग न छुधा पिपासा। अतुलित बल तनु तेज प्रकाशा।। नियत समय आने पर जब जनकपुर में विवार की चर्चा होने लगी।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

यह अधिवेशन झारखंडी सपनों को साकार करने का संकल्पहरांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित केंद्रीय महाधिवेशन में शामिल हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत उत्साह और उल्लासपूर्ण माहौल में दीप जलाकर हुई। इसके बाद झारखंड आंदोलकारियों को सम्मानित किया गया।

**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

## रोचक ट्वीट

आज बड़े उद्योगपतियों का अरबों का कर्ज.माफ किया जा रहा है। लेकिन, अगर एक किसान या छोटा व्यापारी, छोटा सा भी कर्ज.न लौटा पाए तो उसे डिफॉल्टर बता कर जेल में डाल देते हैं।भारत जोड़ो यात्रा, हर अन्याय के खिलाफ है। **– राहुल गांधी**





**सागर** को धमंड था पूरी दुनिया को डुबा देने का लेकिन एक बूंद तेल आई और तैर कर निकल गयी।

**– अमिताभ बच्चन**

# गांधी जी के जीवन पर धर्मशास्त्रों का प्रभाव



**डॉ. हाराधन कोईरी**

**सत्य** युग में अपने पिता हिरण्यकश्यप के विरुद्ध भक्त प्रह्लाद ने सत्याग्रह का जैसा विनम्र परिचय दिया था, ठीक वैसा ही भारत देश के नव निर्माण में गाँधीजी ने. उनकी आध्यात्मिक चेतना के मूल में -- सर्वधर्मसमभाव की भावना थी। उनकी दृष्टि में सभी मनुष्य एक हैं, बस उनके नाम भिन्न हैं। यही कारण है कि हम सब एक स्वर से एक ईश्वर को परमात्मा, ईश्वर, शिव, विष्णु, राम, अल्लाह, खुदा, दादा, जिहोवा और गॉड आदि असंख्य नामों से पुकारने हैं।

गाँधीजी ईश्वर को केवल धर्मशास्त्रों में वर्णित सिद्धांतों के आधार पर देखने - परखने के पक्षधर नहीं थे। बल्कि मानवीय गुणों को आधार पर होकर ईश्वारानुभूति के हिमायती थे। उनका मानना था कि दया, करुणा, क्षमा, प्रेम और सदाशयता जैसे गुणों के बल पर हम ईश्वर की अनुभूति कर सकते हैं। वे कहते थे -- मेरी दृष्टि में ईश्वर सत्य और प्रेम है, ईश्वर नीति और सदाचार है, ईश्वर अभय है। ईश्वर प्रकाश और जीवन का स्त्रोत है, फिर भी इन सबसे ऊपर और परे है. परन्तु आज दुनिया भर में देखा जाता है कि आध्यात्मिक प्रवृति के लोग एक दूसरे के धर्म पर ठीका -टिप्पणी करते थकते नहीं हैं। जबकि धर्म का मूल भाव सर्वात्म शांति है। वस्तुतः महात्मा गाँधी ने जो समझा वही कहा और जो कहा वही किया। उनकी कथनी और करनी में समानता थी। वे काल के प्रवाह के साथ

## संस्मरण

नहीं बहे, वे युग प्रवर्तक हो गये। इतना ही नहीं वे महान और अलौकिक पुरुष सिद्ध हुए। अहिंसा, सत्याग्रह, खादी, स्वदेशी, अनशन, ब्रह्मचर्य, स्वावलंबन, स्वच्छता, समता, अपरिग्रह जैसे सिद्धान्त और प्रतीकों को गाँधीजी के जीवन में साकार होते देखा जा सकता है। उन्होंने आदर्श को जीवन का यथार्थ बनाया और महात्मा कहलाये। वे सहजता समरसता उदारता और सत्यनिष्ठा के प्रतीक हैं। जहां कहीं हिंसा हो, अन्याय हो, पशुता हो उसका मुकाबला करने के लिए परम शक्ति हैं. उनकी अहिंसा निष्क्रिय नहीं सक्रिय है।

गांधी जी आडम्बरहीन, सहज जीवन जीने के पक्षधर थे। उनकी आध्यात्मिक चेतना समाज, व्यक्ति और राजनीति से जुड़ी थी। इसीलिए वे कहते थे मनुष्य का अन्तिम लक्ष्य ईश्वर साक्षात्कार है और उसकी सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक सभी प्रवृत्तियां ईश्वर दर्शन के अंतिम उद्देश्य से प्रेरित होनी चाहिए।

सत्य और अहिंसा के पूजक गांधीजी को सर्वप्रथम रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने 'महात्मा' तथा सुभाष चन्द्र बोस ने 'राष्ट्रपिता 'और विस्टन चर्चिल ने 'अर्द्धनग्न फकीर ' कहा था। ऐसे विराट पुरुष का प्रिय भजन था -- 'रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम'। वे कहा करते थे कि जो ईश्वर केवल बुद्धि को संतोष देता है, वह ईश्वर नहीं, ईश्वर तभी ईश्वर है, जब वह हृदय पर शासन करता हो और उसका रूपान्तर करता हो। इतना ही नहीं वे ईश्वर कल्याणकारी हैं या अकल्याणकारी विषय पर अपना अभिमत देते हुए कहते हैं। यह शक्ति कल्याणकारी है या अकल्याणकारी? मैं देखता हूँ कि यह सर्वथा कल्याणकारी है, क्योंकि मुझे दिखाई देता है कि मृत्यु के बीच जीवन कायम रहता है, असत्य के बीच सत्य और अंधकार के बीच प्रकाश स्थिर रहता है। इससे मुझे पता चलता है कि ईश्वर जीवन है, सत्य है और प्रकाश है। वही प्रेम है. वही परम मंगल है।

गुजराती भाषा के प्रसिद्ध कवि नरसी मेहता का ---'वैष्णव जन तो तेने कहिए, जे पीर पराई जानै रे.... ' को आत्मसात करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी आधुनिक भारत के सबसे बड़े आध्यात्मवेता हैं। (लेखकहिन्दी विभाग, गोस्सनर महाविद्यालय, राँची से जुड़ें हैं।)

## कॉटून वर्ल्ड

**वृक्ष ही जीवन है**




साभार कॉटूनमूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### नमामि गंगे

**वाराणसी** में कोलिफॉर्म जीवाणु गणना, संयुक्त राष्ट्र संघ नियंत्रित विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा स्थापित सुरक्षित मानक से, कम से कम 3000 गुना अधिक है। पर्यावरण जीव विज्ञान प्रयोगशाला, प्राणी विज्ञान विभाग, पटना विश्वविद्यालय द्वारा किये गए एक अध्ययन में वाराणसी शहर में गंगा नदी में पारे की उपस्थिति पाई गई है। आखिर गंगा कब स्वच्छ होगी।

**–वीरभद्र शर्मा, गढ़वा**

### देशभक्ति का जज्बा

गांधी जी और शास्त्री जी जैसे दो महान हस्तियों का जन्म दिन है। इनके प्रेरणा से ही हमारा देश आज तक आगे बढ़ता रहा है। हम जिस प्रकार इनकी दिशा निर्देशों से हट रहें है वह शर्मनाक है। आज देश में रेप और बेटियों का अपमान लगातार बढ़ रहा है क्या यही देश गांधी और शास्त्री जी का देश है। हम इतने नीचे गिर गये हैं कि हमें लोग दुष्कर्मियों का देश कहते है।

**– सुनील सिन्हा, हजारीबाग**

# लाल बहादुर शास्त्री ने देश बनाया, अपना घर नहीं



**मनोज शर्मा**

**लालबहादुर** शास्त्री का आज जन्म दिन है। शास्त्री के पिता एक स्कूल शिक्षक थे, जिनकी मृत्यु उसी समय हो गई थी जब शास्त्री केवल डेढ़ वर्ष के थे। बचपन में वे अक्सर कई मील की दूरी नंगे पांव से ही तय कर विद्यालय जाते थे। यहां तक कि भीषण गर्मी में जब सड़कें तप जाती थीं तब भी उन्हें ऐसे ही जाना पड़ता था।

जब महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन में शामिल होने के लिए देशवासियों का आह्वान किया, तो महज 16 साल की उम्र में अपनी पढ़ाई छोड़ कर जोर-शोर से सड़कों पर उतरने का क्रांतिकारी जज्बा उन्होंने दिखाया।

शास्त्री जितना दृढ़ निश्चयी थे, उतना ही संवेदनशील भी थे। इससे संबंधित एक घटना का जिक्र अक्सर किया जाता है। बात तब की है जब वे रेल मंत्री थे। तब एक ट्रेन दुर्घटना हुई। तब उन्होंने नैतिक दायित्व लेते हुये इस्तीफा दे दिया। रेल दुर्घटना पर संसद में चली लंबी बहस का जवाब देते हुए शास्त्री ने कहा, शायद मेरे लंबाई में छोटे होने एवं नम्र होने के कारण लोगों को लगता है कि मैं बहुत दृढ़ नहीं हो पा रहा हूं। यद्यपि शारीरिक रूप से मैं मजबूत नहीं हूं लेकिन मुझे लगता है कि मैं आंतरिक रूप से इतना कमजोर भी नहीं हूं।

## प्रेरणा

शास्त्री जब 1964 में प्रधानमंत्री बने, तब उन्हें सरकारी आवास के साथ ही इंपाला शेवरले कार मिली, जिसका इस्तेमाल वे न के बराबर ही किया करते थे। वह गाड़ी किसी राजकीय अतिथि के आने पर ही निकाली जाती थी। एक बार उनके पुत्र सुनील शास्त्री किसी निजी काम के लिए इंपाला कार ले गए और वापस लाकर चुपचाप खड़ी कर दी। शास्त्री को जब पता चला तो उन्होंने ड्राइवर को बुलाकर पूछा- कल कितने किलोमीटर गाड़ी चलाई गई? जब ड्राइवर ने बताया कि चौदह किलोमीटर, तो उन्होंने निर्देश दिया- लिख दो, चौदह किलोमीटर प्राइवेट यूज। और पैसे भी चुकाया।

शास्त्री का जीवन संघर्षमय जरूर रहा पर इस कारण उन्होंने सार्वजनिक जीवन की शुचिता कभी मैली नहीं होने दी। इस सिलसिले में उनके जीवन से जुड़ी कार से ही संबंधित एक और दिलचस्प घटना का जिक्र जरूरी है। प्रधानमंत्री बनने तक उनका अपना घर तो क्या एक कार तक नहीं थी। उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक से कार खरीदने के लिए 5,000 रुपए का लोन लिया। हालांकि एक साल बाद लोन चुकाने से पहले ही उनका निधन हो गया, जिसे बाद में उनकी पत्नी ने चार साल बाद तक अपनी पेंशन से चुकाया। यह कार आज भी दिल्ली के लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल में रखी हुई है और दूर-दूर से लोग इसे देखने आते हैं।

इसी दौरान 1965 में पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया। जय जवान जय किसान का नारा देकर पाकिस्तार को पराजित किया। पाकिस्तान इस युद्ध में बुरी तरह पराजित हुआ। इस दौरान रूस के प्रधानमंत्री कोसिगिन की पहल पर भारत-पाकिस्तान के बीच शांति समझौता के लिए ताशकंद में वार्ता आयोजित हुई। जहां दोनों देशों के बीच अहम मुद्दों पर तारीखी सहमति बनी, जिसे ह्यताशकंद समझौते के तौर पर हम जानते हैं। पर यहीं से भारत को 11 जनवरी, 1966 को अपने प्रिय नेता को खो देने की दुखद खबर भी मिली।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### पतंजलि योग समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान



रामगढ़। पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में 1 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व सीए अजीत जायसवाल ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि आज स्वच्छता अभियान के तहत बारिश के बावजूद एमएमटी ग्राउंड में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें योग ग्रुप के सदस्यों ने बढ़चढ़कर भाग लिया और अभियान को सफल बनाया। उन्होंने लोगों से अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने की अपील की। कहा कि यदि हमारे आसपास का क्षेत्र स्वच्छ रहेगा तो हम सभी स्वस्थ्य रहेंगे। इसलिए स्वच्छता पर सभी को ध्यान देने की जरूरत है।

### एनएच 522 पर गिरा सुखा शीशम पेड़, घंटो आवागमन बाधित

दारू। प्रखंड अंतर्गत लगातार हो रही भारी बारिश के कारण उप स्वास्थ्य महेशरा के समीप रविवार को सुबह तकरीबन 8:00 बजे एनएच 522 के किनारे एक सूखे मोटे सिसम का पेड़ अचानक गिर जाने से लगभग 2 घंटे आवागमन बाधित रहा। आसपास के लोगों ने दारू थाना को सूचित किया सूचना पाते ही मौके पर दारू पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जाम को धीरे धीरे हटवाया प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लगातार हो रही वर्षा के कारण गीली जमीन होने कारण सूखे पेड़ को स्थिर नहीं कर पाया और यह अचानक बिजली के तार पर गिर गया। हालांकि किसी तरह का कोई दुर्घटना नहीं घटी। लोगो ने कहा कि यह पहली घटना नहीं है, यह घटना तब तक घटता रहेगा जब तक एनएच 522 के किनारे सारी सुखी पेड़ को हटाया नहीं जायेगा। वहीं पास के लोगों ने पेड़ों की पतली पतली टहनियों को काटकर हटाया इसके बाद आवागमन सुचारू रूप से प्रारम्भ हुआ। अंत में वन विभाग के अधिकारियों ने पेड़ को अपने कब्जे में लिया।

### चुरचू प्रखंड के कई क्षेत्रों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

चरही। रविवार को पतंजलि योग समिति और अन्य संगठनों के सदस्यों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के आह्वान पर बारिश होने के बावजूद भी चुरचू प्रखंड के चरही,चनारो,सडवाहा,बहेरा,कजरी,फुसरो,चौचीकला,दासो खाप, मुकुर, हरहद, हेंदेगढ़ा यदि क्षेत्रों में स्थापित मंदिरों,स्कूलों,पंचायत भवनों,सार्वजनिक स्थलों तथा सरकारी व गैर सरकारी प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई का कार्य किया गया। जमा कचड़ों के ढेरों को डस्टबिन में डाला गया। सफाई करने वाले संगठन के सदस्यों ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने और विभिन्न तरह के बीमारियों से बचने के लिए आस-पास सफाई करना आवश्यक है। कचड़ों को जहां-तहां नहीं फेंकते हुए हमेशा डस्टबिन का प्रयोग करें।

### विधायक मनीष जायसवाल ने अपने आगामी कार्यक्रमों को किया स्थगित

हजारीबाग। शहर में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश को लेकर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अपने अगले दो-तीन दिनों तक के आगामी कार्यक्रमों को रद्द कर दिया है। विधायक मनीष जायसवाल ने खुद अपने फेसबुक पेज के माध्यम से हजारीबाग में लगातार हो रहे बारिश का एक लघु विडियो पोस्ट करते हुए लिखा है की प्रिया हजारीबाग वासियों, अपना ख्याल रखें। विधायक मनीष जायसवाल ने बताया है की इन कार्यक्रमों की नए तारीखों की घोषणा जल्द की जाएगी।

### उत्पाद विभाग ने झुमरा के राधे कृष्णा होटल में की छापेमारी

दारू। उत्पाद विभाग की टीम ने दारू थाना क्षेत्र के झुमरा के राधे कृष्णा होटल सहित कुछ अन्य होटल में छापामारी की इस छापेमारी में राधे कृष्णा होटल में 28 बोतल नकली अवैध विदेशी शराब और 16 बियर की बोतलों को जप्त किया गया। उत्पाद विभाग की टीम ने इस होटल के अलावा कुछ अन्य होटल में भी छापा मारा पर वहां से कुछ भी बरामद नहीं हो पाया। उत्पाद विभाग की टीम के सदस्यों ने बताया कि बरामद शराब नकली है। इस मामले में राधे कृष्णा होटल के मालिक के खिलाफ सुसंगत धारा में मामला दर्ज किया गया है। इस बारे में ग्रामीणों ने बताया कि छापामारी के दौरान बड़ी मात्रा में शराब बरामद हुआ है पर उत्पाद विभाग के द्वारा बरामद शराब को कम दिखाई जा रहा है।

### लगातार भारी बारिश से जीवन अस्त व्यस्त

दारू। पूरे झारखंड और हजारीबाग जिले में बीते रात से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण प्रखंड के लोगो का जीवन अस्त व्यस्त नजर आ रहा है। सुबह से दारू चौक और झुमरा चौक में बहुत ही कम दुकान खुलीं नजर आयी। दारू में साप्ताहिक बाजार में भी सन्नाटा नजर आया। दूर दूर से आने वाले व्यापारी और ग्रामीण सब्जी खरीदने नहीं आने के कारण सब्जी ले कर आये किसानों को सब्जी लेकर बैरंग लौटाना पड़ा। भारी बारिश के कारण एक और धान की फसल को देख किसान के चेहरे खिल रहे है वहीं सब्जी की फसल के नुकसान को भी देख कर मायूस हो रहे है। भारी बारिश के कारण सबसे ज्यादा समस्या जानवरों कि चारा की हो गयी है। आमजन के साथ साथ जानवर भी घर मे दुबके रहने को विवश है। सेवाने नदी, कुबरी नदी, कोनार नदी का जल स्तर उफान पर है। झुमरा चौक की स्थिति और अधिक दयनीय नजर आयी। पूरे सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो जाने के कारण सड़क तालाब में तब्दील हो गया है जिससे छोटे- बड़े वाहनों के आवागमन में काफी मशक्कत करना पड़ रहा है। पैदल यात्रा करने वालो को एन एच 522 पर तालाब में चलने का मजा मिल रहा है।

### स्वच्छ भारत- सुन्दर भारत की संकल्पना के तहत संकल्प सभा का आयोजन

विष्णुगढ़। स्वच्छता अभियान के तहत स्वक्ष भारत की संकल्पना को लेकर विष्णुगढ़ प्रखंड सह अंचल कर्मियों द्वारा स्वक्षता का संकल्प लिया गया। सभी ने स्वक्ष भारत बनाने के प्रति हर दिन श्रमदान कर अपने योगदान देने का भी संकल्प लिया। संकल्प प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कोंगारी द्वारा दिलवाया गया। मुसलाधार बारिश के बिच लोगों ने प्रधानमंत्री के आवाहन स्वक्ष भारत सुंदर भारत की कल्पना के तहत विष्णुगढ़ प्रखंड में सभी ने लोगों ने हाथों में झाड़ू लिए साफ - सफाई कर श्रमदान में शामिल हुवें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रीना बर्मन, प्रखंड कर्मी कालेश्वर यादव, सादिक,रामचंद्र दांगी गी,पंचायत सचिव बैकुंठ दुबे, देवनंदन प्रसाद, सुरेश राम, शिव प्रसाद, कारू राणा, रोजगार सेवक नारायण प्रसाद, स्वयंसेवक सुनील कुमार, महावीर राम, दिनेश मंडल इत्यादि गण मान्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# आइएजी के बंद पोखरिया खदान में मिला सुजल का शव, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता



शव के साथ भदानीनगर पुलिस व स्थानीय लोग



सुजल की फाइल फोटो

भुरकुंडा। भदानीनगर ओपी अंतर्गत आईएजी मोड़ के निकट कोल कंपनी स्थित बंद पोखरिया खदान में रविवार की सुबह युवक का शव मिलने से क्षेत्र में मातम का माहौल पसर गया है। शव मिलने की खबर से घटना स्थल पर जनप्रतिनिधि सहित स्थानीय लोगों की काफी भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार पटेलनगर के करमाली टोला निवासी 25 वर्षीय सुजल करमाली पिता जगदेव करमाली शनिवार की शाम अपने दोस्तों से फोन पर बात करते हुए कहा कि मैं तेतरिया खदान तरफ हूं थोड़ी देर में आ रहे हैं। देर रात तक घर नहीं आने पर परिजनों सहित आसपास के लोगों द्वारा उक्त स्थान पर पहुंच खोजबीन करने पर तेतरिया खुली खदान के समीप होंडा साइन बाइक जेएच 02 एएम 7326, हेलमेट, चप्पल, मोबाइल मिला। जिसके बाद मामले की सूचना भदानीनगर पुलिस को दी गई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने रात 10-11 बजे तक खदान के आसपास युवक को तलाशने की कोशिश की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। दूसरे दिन रविवार की अहले सुबह पोखरिया में युवक की खोजबीन के क्रम में उसका शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव के घर आते ही परिजन रोने लगें। करमाली टोला में शोक की लहर है। शव का अंतिम संस्कार रविवार को ही लपंगा जंगल में किया गया। इधर भदानीनगर पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। घटनास्थल पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार बावला, बिक्रम करमाली, रोशन नायक, श्रीनाथ करमाली, आशीष करमाली, विकास करमाली, नंदकिशोर करमाली, अरुण करमाली, दिलीप करमाली, राजेश करमाली, राजू करमाली, पृथ्वीराज करमाली, गौतम करमाली, मनीष करमाली, ऋषि करमाली, भदानीनगर पुलिस सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

## कोबरा वाहिनी 203 ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में चलाया स्वच्छता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



स्वक्षता अभियान में शामिल कोबरा के जवान व अन्य

बरही। गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं वाहिनी के उच्य कार्यालय के आदेशानुसार 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवा पर विशेष अभियान के तहत 02 अक्टूबर 2023 को महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धांजलि के रूप में देश भर में 01 अक्टूबर 2023 को एक तारीख एक घंटा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें 203 कोबरा वाहिनी बरही हजारीबाग के अधिकारियों व कार्मिकों की ओर से सुबह 10 बजे से 11 बजे तक बरही अनुमंडलीय अस्पताल में विशेष स्वच्छता अभियान 203 कोबरा वाहिनी के कमांडेंट पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। कार्यक्रम में कचरा निपटान में गिला एवं सुखा कचरा को अलग-अलग रखने की विधि की भी जानकारी दी गई। इस अभियान में अनुमंडलीय अस्पताल के डॉ. प्रकाश ज्ञानी एवं सभी चिकित्साकर्मी एवं बरही निवासीयों ने बेहद उत्साहपूर्वक होकर मुख्य रूप से शामिल होकर अभियान की प्रशंसा करते हेतु बताया कि भविष्य में इस तहत का स्वच्छता अभियान चलाया जाए। इस स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में पवन कुमार सिंह कमान्डेण्ट 203 कोबरा वाहिनी, प्रवीण कुमार सुमन मुख्य चिकित्सा अधिकारी 203 कोबरा बाहिनी, गौरव कुमार, गंगवाने कैलाश संभाजी, प्रितीन्दर राजपुत, बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डॉ प्रकाश ज्ञानी अन्य चिकित्साकर्मी एवं 203 कोबरा के अधिकारी अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने भाग लिया।

## पूरे पंचायत को स्वच्छ रखना हमसबों का दायित्व: सत्यवंती देवी



मुखिया के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान में शामिल स्कूल परिवार व पंचायतवासी

भुरकुंडा (रामगढ़)। स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा को लेकर बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में आयोजित अभियान के दौरान जनप्रतिनिधि व राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा के शिक्षक-शिक्षिकाएं, सेविका-सहायिका व विद्यार्थियों व पंचायतवासियों द्वारा श्रमदान कर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में फैले कुरा-करकट व घास-फुस की एक घंटे तक साफ-सफाई की गई। इस दौरान पंचायत सचिवालय भवन, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र दुंदुवा, शिवनगर बीटीटीआई, आजाद नगर दुंदुवा, हनुमान मंदिर परिसर, दुंदुवा मांझी टोला जलमीनार स्थल सहित कई स्थानों की साफ-सफाई की गई। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने कहा कि भारी बारिश में भी पंचायत के ग्रामीणों ने स्वच्छता के प्रति अपने उत्साह को कम नहीं होने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार, छुबि देवी, रवीश कुमार, रेणुका देवी, रंजू सिंह, मंजू देवी, एलिजाबेथ डोडराय, किरण सिंह, राधा देवी, संजू देवी, अनीता तिवारी, सीमा देवी, रेखा देवी, अनुपमा कच्छप, रीता कुमारी, मोनू झा, नौशाद खान, भीम सिंह, अमित सागर, चांद अंसारी, हेमंत, उदय रजक, अर्जुन मंडल, सोनू, मोंटी व अन्य शामिल थें।

## छठ घाट व नलकारी नदी तट पर चला स्वच्छता अभियान



भुरकुंडा। भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान के नेतृत्व में रविवार को श्रमदान कर भुरकुंडा छठ घाट, नलकारी नदी तट, मुक्तिधाम आदि क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर अजय पासवान ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने घर सहित आसपास के गली-मोहल्लो व सार्वजनिक स्थानों को साफ रखें। स्वच्छता अभियान में सामू खान, कृष्ण करमाली, सुदीप सिंह उर्फ फुची, शंकर राम, मुन्ना कुमार, नरेश करमाली, महेश करमाली सहित कई लोग शामिल थें।

## बीएसएफ मेरू कैंप ने किया विशेष श्रमदान का अयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



दारू। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154वीं जयंती से पूर्व भारत के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 01 अक्टूबर 2023 को स्वच्छता के लिए एक घंटे के श्रमदान के आह्वान पर देशभर में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसके तहत देशभर में विशेष सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ राष्ट्र के निर्माण में योगदान कर महात्मा गांधी जी को स्वच्छाजंलि दी गई। इसी कड़ी के तहत बी0एस0एफ0 मेरू कैंप द्वारा राष्ट्रव्यापी अभियान स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छता दिवस-2023 (कैम्पेन 3.0) के तहत 01 अक्टुबर 2023 को एक तारीख, एक घंटा कार्यक्रम के अतंर्गत समय 1000 बजे के0 एस0 बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय की अगुवाई में विशेष सफाई अभियान का अयोजन किया गया जिसमें कैंप के अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं अन्य कार्मिकों के साथ-साथ हजारीबाग नगर निगम के कार्मिक व आम जन-मानस ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भारी बारिश होने के बावजूद यह श्रमदान किया गया। श्रमदान के दौरान हजारीबाग स्थित लार्ड कर्जन मैदान, बाजार, आसपास के इलाकें व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर सिलवार में सफाई की गई व आम नागरिकों को अपने आसपास के इलाके की सफाई करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन, कहा जारी रहेगा सेवा

खबर मन्त्र संवाददाता



गरीबों के बीच भोजन का वितरण करते मंच के लोग

भुरकुंडा। समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को भी भारी बारिश के बीच साप्ताहिक बाजार में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये अत्यंत गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच भोजन का वितरण किया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, भाजपा भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर व शिक्षक भुपेंद्र वर्णवाल उर्फ रिंकु द्वारा दर्जनों गरीबों के बीच पुरी-सब्जी एवं जलेबी का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि भदानीनगर निवासी स्व. चण्डी मिश्रा के श्राद्धक्रम के अवसर पर उनके पुत्र राजू मिश्रा के सौजन्य से गरीबों को भोजन कराया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, डॉ. जय श्री मेहता, राकेश शर्मा, परमेश्वर नायक, अफजल अंसारी, कमलेश कुमार, संजू सिंह, विजय तुरी, कन्हैया कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

## बारिश से धान के फसल को फायदा,तिल फसल को नुकसान

चरही। चुरचू प्रखंड के कई क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही है। बारिश के कारण लोग अपने-अपने घरों से नहीं निकल पा रहे हैं। बाजारों में सनाटा पसर गया है।चरही बाजर टांड एनएच-33 के पर बारिश के कारण सड़क तालाब में परिवर्तित हो गया है।नाली नहीं रहने के कारण बारिश के पानी नहीं निकल पा रहा है। जिस कारण लोगों को को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के चलते लोगों को एक जगह से दूसरी जगह नहीं जा पा रहे रहे हैं। बारिश के कारण नदी, नाले, डोभा, कुआं और तालाब का जलस्तर बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि इस बारिश से लाभ कम और नुकसान अधिक हो रहा है। प्रखंड के कुछ क्षेत्रों में धान फसल की रोपनी हुई है। वहीं तील फसल को नुकसान हो रहा है। खेतों में तिल फसल पककर तैयार हो गए हैं। लेकिन बारिश के कारण काटने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तिल की फसल खेतों में ही झड़ रही है। किसान चाहकर भी फसल को बचाने में असमर्थ हो जा रहे हैं। वहीं मवेशियों के लिये चारे की समस्या उत्पन्न हो गई है।

## शौर्य जागरण यात्रा रथ का हिंदू संगठन ने किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



रथयात्रा में शामिल पूर्व विधायक मनोज कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालु

बरही। प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में शौर्य जागरण रथ यात्रा का स्वागत हिन्दू संगठनों ने भव्य रूप में किया। आरएसएस व बजरंग दल के सौजन्य से निकाली गयी शौर्य जागरण रथ यात्रा करियातपुर दुर्गा मंदिर परिसर में धर्म सभा के रूप में तब्दील हो गया। यात्रा के दौरान भारी वर्षा के बावजूद सैकड़ो महिला पुरुषों ने शामिल होकर हिन्दू धर्म के प्रति आस्था जताया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता बजरंग दल के जन्मेंजय ने अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के बारे में कई जानकारी लोगों के साथ साझा किया। साथ ही उन्होंने कहा कि ना काशी छोड़ेंगे, ना मथुरा छोड़ेंगे। आगे काशी भी लेंगे मिथिला भी लेंगे। करियातपुर में यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा के बाद पूजा अर्चना व महाआरती का भी आयोजन किया गया। विदित हो कि अयोध्या राम मंदिर में राम लला का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शौर्य जागरण रथ यात्रा झारखंड भ्रमण पर निकला है। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि यह जागरण यात्रा पूरे भारत में आयोजित की जा रही है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य सभी को साथ लेकर समाज को संगठित करना है ताकि किसी भी विरोधी ताकत का प्रतिकार किया जा सके। जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि हम सभी सनातनी एक छत के नीचे आएंगे और सनातन धर्म को मजबूत करेंगे। इस कार्यक्रम में 30 गांव के लोग इस शौर्य यात्रा में शामिल हुए। मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता के रूप में जन्मेंजय, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, जिप सदस्य प्रीति कुमारी, धनवार पंचायत मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, बरसोत पंचायत मुखिया मोतीलाल चौधरी, पालक अनूप यादव, प्रान्त संपर्क प्रमुख अरविंद सिंह, जिला कोषाध्यक्ष नरेंद्र प्रजापति, प्रदीप सोनी, बजरंग दल संयोजक प्रशांत सिंह, शौर्य जागरण रथ के संयोजक सुरेंद्र, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, विश्व हिंदू नंदकिशोर कुमार एवं कैलाश ठाकुर, चंदन कुमार केसरी, बजरंग मुन्ना सोनी, संतोष कुमार प्रजापति, ध्धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, कमलेश कुमार कुशवाहा, प्रकाश साव, तिलक यादव, बिनोद कुशवाहा, ब्रह्मदेव यादव, सहित हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुष एवं बच्चे नौजवान सभी भक्तगण मौजूद थे।

## एक नजर में

### प्रधानमंत्री के आहवान पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



रामगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 1 को भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मण्डल के अध्यक्ष शिवकुमार महतो नेतृत्व में रामगढ़ कैंट वार्ड नम्बर 08 में बिजुलिया तालाब के समीप स्वच्छता अभियान चला। जिसके तहत भारी बारिश भाजपाईयों ने श्रमदान किया और स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो संजय सिंह,कैंट मंडल के सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र शर्मा,आलोक सिंह,कैंट मण्डल महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि सूर्यवंश श्रीवास्तव, ऋषिकेश सिंह, ब्रजेश पाठक आदि शामिल हुए।

### स्वच्छता अभियान का हुआ समापन



कुजू। सीसीएल निदेशक पीएंडपी बी साईराम ने महाप्रबंधक नीरज सिन्हा व विभिन्न परियोजनाओं से आए अधिकारियों-कर्मियों के साथ चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का समापन रविवार को किया। इस दौरान तोपा शापिंग सेंटर के आसपास झाड़ू लगाकर कूड़ा-करकट की साफ-सफाई की। वहीं गांधी जयंती की पूर्व संध्या एक दर्जन से अधिक स्वच्छता कर्मियों को उनके अहम योगदान के लिए सम्मानित करते हुए उपहार प्रदान किया। इस दौरान एसओ माइनिंग अजीत कुमार सिंह, एसओ पीएंडपी पीसी साहू, सारूबेड़ा पीओ सुशील कुमार सिंह, पुंडी पीओ अभिमन्यु सिंह, शाह खान, खान प्रबंधक मनोज कुमार सिंह, डिस्पैच अधिकारी नीलेश कुमार, कार्मिक प्रबंधक अविनाश कुमार श्रीवास्तव, अभियंता राजेश कुमार, प्रताप रंजन, देवेंद्र शर्मा, गणेश सिंह, प्रदीप राम, सुरक्षा विभाग के हेमंत सिंह, मुकेश कुमार, सोहेल अंसारी, अजय ठाकुर आदि शामिल हुए।

### जेएम कॉलेज में एनएसएस 1 ने चलाया स्वच्छता अभियान



भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज में रविवार को एनएसएस इकाई 1 के तत्वावधान में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कॉलेज परिसर की साफ-सफाई की गई। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने झाड़ू लगाकर कॉलेज परिसर की साफ-सफाई की। स्वच्छता अभियान में आस्था, गणेश सहित कई स्वयंसेवक मौजूद थें।

### इस्लामिया उच्च विद्यालय में ऑल इंडिया आइडियल टीचर एसोसिएशन की हुई बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। रिभर साईड भुरकुंडा स्थित इस्लामिया उच्च विद्यालय में ऑल इंडिया आइडियल टीचर एसोसिएशन (एआईआईटीए) के तत्वावधान में रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से डॉ. सरफराज आलम शामिल हुए। बैठक में बताया कि गया कि 15 अक्टूबर तक ज्ञानवर्धक अध्यापक, प्रभावाओं का पोषण, परिवर्तनकारी समाज के विषय पर एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जायेगा। मौके पर डॉ. सरफराज आलम ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत शिक्षक शिक्षा के उद्देश्य का समुचित निर्धारण, शिक्षण जागरूकता, शिक्षक के नैतिक दृष्टिकोण और छात्र विकास के प्रयासों से जुड़कर समाज में परिवर्तन और रचनात्मक क्रांति का मार्ग प्रशस्त करेंगे। बैठक में उक्त अभियान के तेहत 8 अक्टूबर को समाज के नवनिर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर गोष्ठी कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। मौके पर डॉ. सरफराज आलम, डॉ. एसजे अख्तर, नसीम अख्तर, हबीबुल्लाह कासमी, अनवर आलम, जमील अहमद, एजाजुल अंसारी, सुफियां अख्तर, शमीम अहमद, जफरूल अंसारी, मो. हातीम आदि मौजूद थे।

### परवरिश एजुकेयर स्कूल में मनाया गया महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती



कुजू। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती परवरिश एजुकेयर स्कूल, कुजू में परवरिश एजुकेयर स्कूल, कुजू में मनाया गया। जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह, संयोजक प्रकाश रंजन, प्रिंसिपल नेहा राज बनर्जी व समन्वयक रश्मि कुजूर ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों व शिक्षकों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, दर्शन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए भावपूर्ण भाषण दिया। इन नेताओं का देश पर पड़े गहरे प्रभाव के बारे में शिक्षित किया, बल्कि सभी को सत्य, अहिंसा और सादगी के उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर स्कूल निदेशक शैलेन्द्र ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती हमारी समृद्ध विरासत और उन मूल्यों की महत्वपूर्ण याद दिलाती हैं, जो हमारे राष्ट्र को आकार देते हैं। इन अवसरों को मनाकर, हमारा लक्ष्य है।

### दुर्गा पूजा धुमधाम से मनाने को लेकर तैयारी जोरों पर,पूजा कमिटी सक्रिय

चरही। चरही तथा कोयलांचल क्षेत्र में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा भव्य तरीके से मनाने का निर्णय पूजा समिति के द्वारा निर्णय लिया गया है। जिसको लेकर तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। क्षेत्र के चरही, जरबा,तापीन साउथ,तापीन नार्थ और प्रेमनगर में प्रतिमा को स्थापित कर वर्षों से दुर्गा पूजा वैष्णो विधि-विधान के साथ किया जाता है। विजयादशमी के दिन चरही और प्रेमनगर में भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। रावण दहन के कार्यक्रम किये जाते हैं। इस कार्यक्रम को देखने के लिए लोग दूर दराज के गांवों के पहुंचते हैं। नव दिनों तक लगातार कीर्तन मंडली के द्वारा कीर्तन और प्रवचन किया जाता है। यह कार्यक्रम प्रति वर्ष किया जाता है। दुर्गा पूजा निकट आते ही मंदिरों की साफ -सफाई और रंग-रोगन के कार्य शुरू हो गया है। पूजा को देखते हुए क्षेत्र में मांस मदिरा बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। क्षेत्र में साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर घर-घर में नवरात्र किया जाता है। दुर्गा पूजा पंडाल के पास सुरक्षा-व्यवस्था कायम रखने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन और वोलेंटियर की तैनाती रहती है। पूजा को सफल बनाने के लिए पूजा समिति के लोग दिन-रात लगे रहते हैं। विभिन्न पहलुओं पर नजर बनाए रखते हैं।

### संक्रामक बीमारियों के खतरे से बचने के लिए स्वच्छता जरूरी : विजयंत कुमार



भदानीनगर (रामगढ़)। बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय में स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर सहित आसपास क्षेत्रों में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें विद्यालय के छठी, सातवीं और आठवीं के बच्चों ने प्राचार्य विजयंत कुमार के नेतृत्व में स्कूल के आसपास क्षेत्र में फैले कचरा एवं घास-फुस की साफ-सफाई की। इस दौरान बच्चों ने सड़कों तथा नालियों की भी साफ-सफाई किया। बताया गया कि 1 अक्टूबर को स्वच्छता पखवाड़ा के एक घंटे कार्यक्रम के दौरान भारी बारिस में भी विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व बच्चे पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे रहें। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि स्वच्छता के बल पर कई संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में में कक्षा छठी की आयुष सोनी, आरव सेठ, अंशु, आयुष श्रीवास्तव, आर्यन, सातवीं के विन, अभिषेक, विनी पॉल कुजूर, दीपक, आयुष साव, शेखर, सौरभ, अनुकल्प व प्रिया, स्नेहा कुमारी वर्मा, मुस्कान, कशिश, अनुष्का सोनी, चंचल, खुशी, अभय, फैजान, अनस सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# स्वच्छता पर गांधी जी के स्पष्ट विचार



**नागेन्द्र सिंह**



**दक्षिण** अफ्रीका से लौटने के बाद दो वर्ष तक पूरे देश की यात्रा करते हुए गांधी जी को महसूस हुआ कि सफाई और सामाजिक स्वच्छता बड़ी और अजेय समस्या है। जानकारी का अभाव इसका इकलौता कारण नहीं था, वह मानसिकता भी इसका एक कारण थी, जो लोगों को स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर प्रभाव डोलने वाली इस सबसे गंभी समस्या पर सोचने से रोकती थी। दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी ने स्वीकार किया कि भारतीयों को सफाई और स्वच्छता से दिक्कत है, जैसा आरोप अंग्रेज लगाते रहे हैं। लेकिन उन्होंने विरोध करते हुए यह बात सफलतापूर्वक सामने रखी कि रंग को लेकर पूर्वाग्रह और प्रतिस्पर्द्धा का खतरा ही भेदभाव का मुख्य कारण है। लेकिन उनके अपने ही देश में वह जहां भी गए, उन्हें गंदगी, धूल, कचरा और सफाई करने वाले समुदाय के साथ जुड़ी वर्जना, कलंक और शौषण दिखाई दिया। गांधी जी 1909 में हिंद स्वराज लिख चुके थे। स्वशासन के रूप में ग्राम स्वराज और हिंद स्वराज की उनकी योजना में देश की राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए लड़ा अलग बात नहीं हो सकती थी और उन्होंने इसके सिद्धांत तथा कार्य बताए। बाद में इसे आश्रम के अनुपालन और रचनात्मक कार्य के रूप में प्रस्तुत किया गया। इस तरह सफाई एवं स्वच्छता तथा छुआछूत दूर करना दो बड़े रचनात्मक कार्यक्रम हो गए।

### जनसभाओं एवं नागरिक समारोहों में

गांधी जी ने कई जनसभाओं, बैठकों, छोटे समूहों, स्वयंसेवकों, महिलाओं एवं आश्रमवायियों को संबोधित किया। कई नगरपालिकाओं ने उनका नागरिक अभिनंदन किया। ऐसे अधिकतर अवसरों पर उनहोंने सफाई एवं स्वच्छता की बात की। कांग्रेस के लगभग प्रत्येक बड़े सम्मेलन में गांधी जी अपने भाषण में सफाई का मुद्दा जरूर उठाते थे। गांधी जी के लिए गंदगी बुराई थी। उन्होंने कहा था-बुराईयों की तिकड़ी है- ह्यगंदगी, गरीबी और आलस-जिसका सामना आपको करना है, और आप झाड़ू, कुनीर तथा अरंडी का तेल और मेरा यकीन करें तो चरखा लेकर उससे लड़ेंगे।

गांधी जी ने शहर और नगर पालिकाओं द्वारा किए गए अभिनंदन समारोहों में अपनी बात रखी और गंदगी की तरफ ध्यान आकर्षित कर सफाई की स्थिति सुधारने का आह्वान किया। वह सफाई के काम को नगर पालिकाओं का सबसे महत्वपूर्ण काम मानते थे। जब कांग्रेस ने नगर पालिका चुनावों में हिस्सा लेने की इच्छा जताई तो उन्होंने सलाह दी कि पार्षद बनने के बाद कांग्रेस कार्यकताओं को अच्छा सफाईकर्मी बनना चाहिए। सफाई के मामले में वह पश्चिम के नगरपालिका प्रशासन की सराहना करते थे। 21 दिसंबर, 1924 को बेलगाम में एक नागरिक समारोह में उन्होंने कहा, पश्चिम से हम एक चीज सीख सकते हैं, और सीखना चाहिए वह है, नागरिक सफाई का विज्ञान। हमें ग्रामीण जीवन की आदत है, जहां सामूहिक सफाई की जरूरत ज्यादा महसूस नहीं होती। लेकिन पश्चिम की सभ्यता भौतिकवादी है और इसीलिए उसका झुकाव गांवों को अनदेखा कर शहरों के विकास की ओर है। पश्चिम के लोगों ने सामूहिक सफाई का विज्ञान विकसित किया है और उससे हमने बहुत कुछ सीखा है। हमारी संकरी और कष्टप्रद गलियां, हमारे घुटन भरे मकान, पेयजल के स्त्रोतों की अपराधियों जैसी अनदेखी को सुधारना होगा। लोगों से सफाई के कानूनों का पालन कराना ही नगरपालिका की ओर से सबसे बड़ी सेवा होगी।




### पत्र-पत्रिकाओं में

गांधी जी ने कई पत्र-पत्रिकाओं का संपादन किया और उनमें लेख लिखे। उन्होंने नवजीवन और यंग इंडिया और बाद में हरिजन में सफाई तथा स्वच्छता के बारे में खूब लेख लिखे। देश में गांवों और शहरी बस्तियों में गंदगी की बात उनके दिमाग में थी। खेड़ा सत्याग्रह के दौरान उन्होंने सफाई तथा स्वच्छता के मामले में घरों, तालाबों और खेतों की स्थिति पर नवजीवन में लिखा। उन्हें इस बात की पीड़ा थी कि किसान और उनके परिवार अनभिज्ञता और बेफिक्री के कारण गंदी और अस्वच्छ स्थितियों में रह रहे हैं।

### छात्रों को सफाई के महत्व पर विशेष सुझाव दिया करते थे गांधी जी

गांधी जी विद्यार्थियों और कार्यकताओं को सफाई के महत्व के बारे में बताते रहे और उन्हें पहला काम यही करने का सझाव दिया। 1946 से जनवरी 1948 तक उन्होंने सफाई और स्वच्छता की शिक्षा पर और अधिक जोर दिया। उनके मुताबिक रेलेव और जहाज से यात्रा के दौरान सफाई एवं स्वच्छता पर सार्वजनिक शिक्षा के सबसे अवसर होते हैं। गांधी जी के दिमाग में सफाई और स्वच्छता बहुत अधिक छाई थी, क्योंकि आजादी के फौरन बाद शारणार्थी शिविरों में वह जो देख रहे थे, उससे बहुत अधिक विचलित हुए थे। 13 अक्तूबर, 1947 को उन्होंने कहा कि शरणार्थी शिविरों में सफाई की समस्या और स्वच्छता की स्थिति को वह बहुत महत्व देते हैं। उन्होंने कहा कि हालाकि भारतीयों को मेले, धार्मिक समारोह और कांग्रेस के सत्र तथा सम्मेलन आयोजित करने का अनुभव है, लेकिन सामान्य जन के रूप में हमें शिविरों के जीवन की आदत नहीं है। भारतीयों में सामाजिक स्वच्छता का भाव नहीं है, जिससे गंदगी खतरनाक स्तर तक पहुंच जाती है, और संक्रामक एंव संचारी रोग फैलने का खतरा पैदा हो जाता है।

अपनी शहादत से एक दिन पहले 29 जनवरी 1948 को उन्होंने प्रस्तावित लोक सेव संघ का संविधान तैयार किया। बाद में उसे गांधी जी की अंतिम वसीयत माना गया। इस दस्तावेज में सेवक का छठा काम यहं थाःउसे ग्रामीणों को सफाई और स्वच्छता की शिक्षा देनी होगी और उन्हें खराब सेहत तथा बीमारियों से बचाने के लिए एहतियात के सभी उपाय करने होंगे।

सफाई और स्वच्छता गांधी जी के पूरे जीवन में और जीवन के अंत तक प्राथमिकता बनी रही।

# आश्रमों में गांधी जी की सफाई के प्रयास

**सुधीर शर्मा**



**गांधी** जी और उनके साथ रहने वालों के लिए सफाई के सबक दक्षिण अफ्रीका के फीनिक्स आश्रम में आरंभ हुए। बीसवीं शताब्दी के आरंभ में फ्लश वाले शौचालय काफी प्रचलित हो चुके थे और मल से होने वाले प्रदूषण के प्रभावों से लोग अच्छी तरह परिचित थे। लेकिन समुचित नालियों और निस्तारण प्रणाली से जुड़े फ्लश शौचालयों को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त एवं सुनिश्चित जलापूर्ति बहुत जरूरी थी। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा कर पाना बहुत कठिन था। सही विज्ञान एवं समुचित तकनीक फीनिक्स में गांधी जी के सामने चुनौती थी। मानव मल को पर्याप्त सूखी मिट्टी से ढकना और उसे इकट्ठा कर सुरिक्षत रूप से उसका निस्तारण करना सभी मॉडललों में स्थापित प्रचनल था। सभी प्रयोग में मल को अंत में खेतों में भेल दिया जाता था और जैविक उर्वरक के रूप में प्रयोग किया जाता था। प्रभुदास गांधी ने लिखा है कि गांधी जी के आश्रमों का इतिहास सतर्कतापूर्वक देखा जाए तो पता चलेगा कि शौचालयों में प्रयोगों को अनूठा स्थान है। यदि इस प्रक्रिया को आरंभ से अंत तक बारीकी से लिखा जाए तो शौचालय निर्माण एवं प्रयोग पर प्रामाणिक एवं उपयुक्त पुस्तिका तैयार हो सकती है।

गांधी के लिए सफाई और स्वच्छता भारत में महत्वपूर्ण काम था। भारतीय समाज से अस्पृश्यता का धब्बा हटाने की गांधी जी की इच्छा ने उन्हें शौचालयों और स्वचछता पर काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्हें समाज की यह परंपरा स्वीकार नहीं थी कि कुछ लोग सफाई का काम करें और वे सही काम करने तथा करते रहने के लिए अभिशप्त हों। सफाई के प्रति संकल्प समाज सुधार का मुख्य तत्व है। आश्रम में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि इस का के लिए बाहर से किसी को नहीं बुलाया जाए। सदस्य स्वयं ही बारी बारी पूरी सफाई करते थे। आश्रमवासियों को ध्यान रखना होता था कि सड़कों और गलियारों में पीक या थूक आदि से गंदगी नहीं फैलाई जाए। गांधी जी राष्ट्रवादी उत्साह से भरे उन जोशीले और संकल्पबद्ध युवाओं का स्वागत करते थे, जो आश्रम से जुड़ना चाहते थे। लेकिन वह चेतावनी भी देते थे कि उन्हें शौचालय की बाल्टी साफ करने की परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।

वर्धा में जमनालाल बजाज द्वारा स्थापित एवं सहायता प्राप्त आश्रम में रहते हुए मीराबेन -सुश्री स्लेड ने उन्हें बताया कि जब वह सुबह टहलने गई तो उन्होंने पड़ोसी गांव सिंदी के लोगों को सड़ेक पर खुले में शौच करते देखा। गांधी जी ने उन्हें रोज गांव जाने और सड़कें साफ करने का सुझाव दिया। सफाई और स्वच्छता सेगवाग्राम आश्रम के एजेंडा में भी थी, जहां गांधी जी अप्रैल 1936 से अगस्त 1946 तक रहे। ह्यसेवाग्राम आश्रम के नियमोंह्ण में कहा गया था कि पानी की बबार्दी नहीं होनी चाहिए। पीने के लिए उबले पानी का उपयोग होता है। थूकना या नाक छिनकना सड़क पर नहीं होना चाहिए बल्कि ऐसी जगह होना चाहिए, जहां लोग चलते नहीं हों।



मल-मूत्र त्याग निर्दिष्ट स्थानों पर ही करना चाहिए। ठोस पदार्थों के डिब्बे शौच के तरल पदार्थ के डिब्बों से अलग होने चाहिए। मल को सूखी मिट्टी से इस तरह ढका जाना चाहिए कि मक्खियां नहीं आएं और केवल सूखी मिट्टी नजर आए। शौचालय की सीट पर सावधानी से बैठना चाहिए ताकि सीट गंदी न हो। अंधेरा हो तो लालटेन जरूर होनी चाहिए। जिस पर मक्खियां आएं, उसे पूरी तरह ढक देना चाहिए।

# खुले में शौच को लेकर गांधी जी सदैव अपना विरोध दर्ज कराते रहे

**स्वामी मुक्तरथ**



खुले में शौच के लिए आजकल राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्टों में अंग्रेजी में ओपन डेफिकेशन शब्द इस्तेमाल होता है, लेकिन गांधी जी ने उसके लिए अधिक परिमामय ह्यओपन इवैक्यूएशनह्ण शब्द का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि शौचालयों का प्रयोग नहीं करने और खुले में शौच नहीं करने से कई बीमारियां होती हैं। परिवारों तथा बस्तियों में बुजुर्ग, बच्चे, रोगी और कमजोर व्यक्ति शौच के लिए बाहर नहीं जा सकते, इसलिए आंगन, गलियां और मकान ही शौचालयों में तब्दील हो जाते हैं और जगह गंदी हो जाती है और हवा दूषित हो जाती है। उसके बाद उन्होंने सुझाव दिया कि लोग सादा शौचालय बनाएं या डिबें की व्यवस्था करें, जिसमें मल को सूखी मिट्टी से ढका जाए।

गांधी जी हरेक अवसर पर सफाई और स्वच्छता के बारे में लिखते रहे। हालाकि वे कभी इस बात से सहमत नहीं हुए मर वह समझते थे कि बेसहारा, गरीब और दलित वर्ग के लोग गंदगी को अपने जीवन का हिस्सा मान बैठे हैं। गांधी जी के शब्दों में सफाई और स्वच्छता की समस्या ह्यसामूहिकह्ण स्तर पर थी। उन्होंन यह भी कहा कि भारतीय अपने घर-आंगन को धूल, कीड़ों और छिपकलियों से मुक्त रखते हैं, लेकिन सब कुछ अपने पड़ोसी के आंगन में फेंकने में नहीं हिचकिचाते! इस बुराई को हम लोग आज भी खत्म नहीं कर पाए हैं।

जनवरी 1935 की एक शाम को दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज के प्रोफेसर विनसर ने एक दर्जन छात्रों के साथ गांधी जी से मुलाकात की। ग्रामीणों को चिकित्सा मदद के बारे में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए गांधी जने ने कहा कि उन्हें बताना चाहिए कि एहतियात और इलाज के बाद की देखभाल के रूप में सफाई और स्वच्छता कितनी महत्वपूर्ण है। मलेरिया की एक हजार गोलियां बांटना अच्छा है, लेकिन प्रशंसनीय नहीं है। मल के गड्ढे भरकर, गंदा पानी निकालकर, कुओं और टैंकों की सफाई कर बीमारियों से बचने की शिक्षा अधिक प्रशंसनीय होगी। हरिजनों के लिए स्कूल में पढ़ने के बारे में निर्देश मांगे जाने पर गांधी जी ने सफाई और स्वच्छता के बारे में शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि, आप निश्चिंत रहें कि आपकी प्रयोग में करने, दोबारा प्रयोग करने और रीसाइकल करने की शिक्षा सफाई और स्वच्छता की अच्छी शिक्षा के सामने कुछ भी नहीं है... किताबी प्रशिक्षण का बहुत फायदा नहीं है। मैंने बताया कि उसका ध्यान रखिए। याद रखें कि अशिक्षित लोगों को बड़े राज्यों पर शासन करने में कोई दिक्कत नहीं हुई है। उन्हें अपनी शिक्षा कर तरह से दें, लेकिन उस शिक्षा की अंधभक्ति न कराएं।




# पर्यावरण की रक्षा के लिए स्वच्छता के प्रति लोगों की जिम्मेदारी



**अल्का हेम्बरोम**

**स्वतंत्रता स्वच्छता की आवश्यकता:** उस विदेशी भूमि में बीस साल रहने के बाद, गांधीजी, 46 साल की उम्र में, अंततः अपने समूह के साथ भारत लौट आए। उस वर्ष हरिद्वार में कुंभ मेले की यात्रा के दौरान, उन्होंने अपने फीनिक्स लड़कों के साथ मेले में भंगियों के रूप में सेवा की।

उसी वर्ष गांधीजी ने पूना में सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी के क्वार्टर का दौरा किया। एक सुबह छोटी कॉलोनी के सदस्यों ने उसे शौचालय साफ करते देखा। उन्हें यह पसंद नहीं आया. लेकिन गांधीजी का मानना ??था कि इस तरह का काम स्वराज के लिए योग्य है।

उन्होंने एक से अधिक बार पूरे भारत का दौरा किया। वे जहां भी और जब भी गए, उन्होंने किसी न किसी रूप में अस्वच्छ स्थिति पाई और कहा कि हालांकि कुछ ही लोग जूते खरीद सकते हैं, लेकिन भारत में नंगे पैर चलना अकल्पनीय है। यहां तक ??कि बंबई जैसे शहर में भी, आसपास की इमारतों में रहने वालों द्वारा थूके जाने के डर से लोग सड़कों पर चलते थे। रेलवे स्टेशनों और धर्मशालाओं में सार्वजनिक मूत्रालयों और शौचालयों की गंदगी और बदबू भयानक थी। गांधीजी ने रेल के डिब्बों को गंदा करने की यात्रियों की आदत की निंदा की।

गरीब ग्रामीणों और उनके बैलों द्वारा उपयोग की जाने वाली सड़कें हमेशा खराब रखी जाती थीं। उन्होंने लोगों को एक पवित्र तालाब में डुबकी लगाते देखा, बिना यह जाने कि वह स्नान स्थल कितना गंदा है या पानी कितना गंदा है। वे स्वयं नदी-तटों को गंदा करते थे। काशी विश्वनाथ मंदिर के संगमरमर के फर्श पर चांदी के सिक्कों से गंदगी जमा होते देखकर उन्हें बहुत दुख हुआ और उन्हें आश्चर्य हुआ कि भगवान के निवासों के अधिकांश प्रवेश द्वार संकरी फिसलन भरी गलियों से क्यों होते हैं।

नगर पालिकाओं के साथ बातचीत में गांधीजी अक्सर कहा करते थे; ह्मैं आपकी विशाल सड़कों, शानदार रोशनी और सुंदर पार्कों के लिए आपको बधाई देता हूं। लेकिन ऐसी नगर पालिका अस्तित्व में रहने लायक नहीं है जिसके पास मॉडल जल-कोठरियां न हों और जहां दिन और रात के सभी घंटों में सड़कों और गलियों को साफ न रखा जाए। क्या आपने कभी सोचा है कि सफाईकर्मी किन परिस्थितियों में रहते हैं?

गांधीजी ने इस बात पर जोर दिया कि नौकरों के क्वार्टर मालिकों के बंगलों की तरह साफ-सुथरे होने चाहिए। यह कहने में कोई लाभ नहीं है कि हमने बाहरी स्वच्छता की कला उस स्तर तक नहीं सीखी है जितनी कि अंग्रेजों ने सीखी है। सबसे दुखद बात यह है कि वायसराय हाउस में कार्यरत नौकरों और सफाई कर्मचारियों के रहने के स्थान बेहद गंदे हैं। यह स्थिति हमारी नई सरकार के मंत्री बर्दाश्त नहीं करेंगे। हालाँकि वे उन्हीं सुव्यवस्थित बंगलों में रहेंगे, लेकिन वे इस बात का ध्यान रखेंगे कि उनके नौकरों के आवास भी उनके आवास की तरह ही साफ-सुथरे रहें। उन्हें स्टाफ की पत्नियों और बच्चों की साफ-सफाई पर भी ध्यान देना होगा. जवाहरलाल और सरदार को अपने शौचालय स्वयं साफ करने में कोई आपत्ति नहीं है। उन्हें अपने परिचारकों के रहने के क्वार्टरों को साफ करने में कोई आपत्ति कैसे हो सकती है? एक बार का हरिजनजवाहरलाल का नौकर अब यूपी विधानसभा का सदस्य है. मैं तभी संतुष्ट होऊंगा जब मंत्रियों के कर्मचारियों के आवास भी उनके आवास की तरह साफ-सुथरे होंगे। (3 सितंबर 1946 को नई दिल्ली में एक प्रार्थना सभा में भाषण)

### जब तक हाथों में झाड़ू-बाल्टी नहीं, तब तक स्वच्छ नहीं होंगे कस्बे और शहर :

गांधीजी ने कहा, जब तक आप अपने हाथों में झाड़ू और बाल्टी नहीं लेंगे, तब तक आप अपने कस्बों और शहरों को स्वच्छ नहीं बना सकते।

जब उन्होंने एक मॉडल स्कूल का निरीक्षण किया, तो उन्होंने शिक्षकों से कहाः आप अपने संस्थान को आदर्श बनाएंगे, यदि आप छात्रों को साहित्यिक शिक्षा देने के अलावा, उनके लिए रसोइया और सफाई कर्मचारी भी बनाएंगे।

छात्रों को उनकी सलाह थी, यदि आप अपने स्वयं के सफाईकर्मी बन जाते हैं, तो आप अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बना लेंगे। एक विशेषज्ञ सफाईकर्मी बनने के लिए विक्टोरिया क्रॉस जीतने से कम साहस की आवश्यकता नहीं है।

उनके आश्रम के पास के ग्रामीणों ने मल को मिट्टी से ढकने से मना कर दिया। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से यह भंगी का काम है। चेहरों को देखना तो पाप है ही, उन पर मिट्टी फेंकना तो और भी पाप है। गाँधी जी गाँवों में सफाई कार्य की स्वयं निगरानी करते थे। मिसाल कायम करने के लिए वह कुछ महीनों तक खुद बाल्टी और झाड़ू लेकर गांवों में जाते रहे। उनके साथ दोस्त और मेहमान भी गए. वे बाल्टी भर-भरकर मिट्टी और मल लेकर आये और उन्हें गड्ढों में दबा दिया।

उनके आश्रम में सफाई का सारा काम कैदियों द्वारा किया जाता था। गांधी जी ने उनका मार्गदर्शन किया। वहां विभिन्न नस्लों, धर्मों और रंगों के लोग रहते थे।

आश्रम की जमीन पर कहीं भी गंदगी नहीं मिली। सारा कूड़ा सब्जियों के छिलकों वाले गड्ढे में दबा दिया जाता था और बचा हुआ भोजन एक अलग खाद के गड्ढे में डाल दिया जाता था। रात की मिट्टी को भी दबा दिया गया और बाद में खाद के रूप में उपयोग किया गया। अपशिष्ट जल का उपयोग बागवानी के लिए किया जाता था। खेत मक्खियों और बदबू से मुक्त था, हालाँकि वहाँ जल निकासी की कोई पक्की व्यवस्था नहीं थी।

गांधीजी और उनके सहकर्मियों ने बारी-बारी से सफाई का काम किया। उन्होंने बाल्टी-शौचालय और द्विसदनीय ट्रेंच शौचालयों की शुरूआत की। गांधीजी ने सभी आगंतुकों को गर्व के साथ यह नया आविष्कार दिखाया; अमीर और गरीब, नेता और कार्यकर्ता, भारतीय और विदेशी सभी को इन शौचालयों का उपयोग करना पड़ता था। इस प्रयोग ने धीरे-धीरे आश्रम के रूढ़िवादी सहकर्मियों और महिला कैदियों के दिमाग से मैला ढोने का संस्करण निकाल दिया।

**विचार मंत्र**

इस गांधीजी और उनके सहकर्मियों ने बारी-बारी से सफाई का काम किया। उन्होंने बाल्टी-शौचालय और द्विसदनीय ट्रेंच शौचालयों की शुरुआत की। गांधीजी ने सभी आगंतुकों को गर्व के साथ यह नया आविष्कार दिखाया; अमीर और गरीब, नेता और कार्यकर्ता, भारतीय और विदेशी सभी को इन शौचालयों का उपयोग करना पड़ता था।

एक भंगी को सिर पर मिट्टी की टोकरी ले जाते हुए देखकर उसकी तबीयत खराब हो गई। उन्होंने बताया कि कैसे उचित उपकरणों के इस्तेमाल से साफ-सफाई अच्छे से की जा सकती है। मैला ढोना एक अच्छी कला है और उन्होंने स्वयं गंदा हुए बिना यह काम किया।

उन्होंने लिखा, गाँव के तालाबों का उपयोग नहाने, कपड़े धोने, पीने और खाना पकाने के लिए किया जाता है। कई गाँव के तालाबों का उपयोग मवेशियों द्वारा भी किया जाता है। भैंसों को अक्सर उनमें लोटते हुए देखा जाता है। आश्चर्य की बात यह है कि, गाँव के तालाबों का इस पापपूर्ण दुरुपयोग के बावजूद , गाँव महामारी से नष्ट नहीं हुए हैं। चिकित्सा साक्ष्य से पता चलता है कि गाँवों में शुद्ध जल आपूर्ति की कमी ग्रामीणों को होने वाली कई बीमारियों के लिए ज़िम्मेदार है।( हेयरजन, 8 फरवरी, 1935 )

### निष्कर्ष

हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि स्वच्छता हमारे जीवन के साथ-साथ राष्ट्र के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह सर्वविदित है कि महात्मा गांधी जो बदलाव देखना चाहते थे, उसे हासिल करने के लिए उन्होंने व्यक्तिगत रूप से प्रयास किया। निःसंदेह, हमारे वर्तमान नेताओं से यह अपेक्षा करना बहुत अधिक है कि वे मलिन बस्तियों की बढ़ती संख्या वाले शहरों में घूमें और आसपास की सफाई के लिए वास्तविक अभियान शुरू करें। इसकी संभावना और भी कम है कि वे राष्ट्र-निर्माण के कार्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपने बाजार-केंद्रित लक्ष्यों और सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि की अप्रभावी, विशेष खोज से खुद को दूर कर लेंगे।

स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने में शिक्षकों और छात्रों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। आज के दौर में लोगों को जागरूक करने और उनमें राष्ट्रीयता की भावना पैदा करने में सोशल मीडिया की भूमिका अहम है। स्वच्छता केवल सफाई कामगार या स्थानीय सरकार की जिम्मेदारी नहीं है । यह सभी भारतीयों की जिम्मेदारी है।'

भारत को पूर्ण रूप से स्वच्छ बनाना सरकारी अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों और स्थानीय समुदाय की जिम्मेदारी है। यह वर्तमान की आवश्यकता है; पर्यावरण की सुरक्षा, हमारी सुरक्षा और स्वस्थ भविष्य के लिए महात्मा गांधी के सपने को पूरा करने के लिए सभी लोगों को स्वच्छ भारत में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए।

(लेखिका प्रशासनिक सेवा झारखंड राज्य की अधिकारी हैं।)

स्पीड न्यूज

## एसीबी ने रिश्वत लेते सिपाही को पकड़ा

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना इंस्पेक्टर की भूमिका निभा रहे सिपाही को ए सी बी टीम ने रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद गिरफ़्तार अधिकारी बेहोश हो गया जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। दीपक की स्थिति को देख एसीबी अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए। कड़ी मशक्कत के बीच उसे सदर अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। बता दें बुलेट पर सवार होकर महिला एक पुरूष के साथ थाना पहुंची और मंदिर के पास रिश्वत दे रहे थे जिस दौरान उसे सिविल ड्रेस में पांच गाड़ियों से आई एसीबी टीम ने पकड़ लिया।

## प्लांट परिसर में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**बोकारो।** बीएसएल के प्लांट मेडिकल में प्लांट परिसर में एवं बीजीएच में कार्यरत सफाई मित्रों के लिए एक हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन बीएसएल के ईडी बीके तिवारी ने सीजीएम शालिग्राम सिंह ओएचएस सेंटर के प्रभारी डॉ आर कुमार सहित अन्य अधिकारियों व कर्मियों की उपस्थिति में किया एवं सफाई मित्रों को इस आयोजन का पूरा लाभ उठाने का आह्वान किया।

## कसमार में नये सीओ ने ग्रहण किया प्रभार

**बोकारो/ कसमार।** कसमार अंचल के अंचलाधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा ने निवर्तमान अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला से कार्यभार लिया। सुरेश कुमार सिन्हा कसमार के 36वें अंचल अधिकारी होंगे। वे 2013 के चौथा बैच के झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के रूप में गढ़वा में पहला योगदान फिर चक्रधरपुर धनबाद पलामू सरायकेला में पदस्थापित थे। मौके पर कसमार बीडीओ विजय कुमार अंचल निरीक्षक जार्ज मालतो नाजीर कुमार गौतम राजस्व कर्मचारी मोती लाल मांझी सुभाष चन्द्र सुनील कुमार गुप्ता संतोष कुमार सहायक अंचल कर्मी किशोर कांत मौजूद थे।

## बीएसएल से सेवानिवृत कर्मचारियों की विदाई

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से सितम्बर में सेवानिवृत होने वाले कुल 03 अधिशासी तथा 34 अनाधिशासी कर्मियों के लिए एचआरडी के मुख्य सभागार में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सीजीएम सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवा बिपिन कुमार सरतापे शामिल थे। श्री सरतापे ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की।

## सब स्टेशन में जल जमाव से विद्युत आपूर्ति ठप

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया स्थित झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के 33ध्11ज्ञट विद्युत सब स्टेशन में कल शाम से हो रही लगातार बारिश के कारण भारी जल जमाव हो जाने के कारण विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई है। जिस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ाएयहाँ कनीय अभियंता नरेंद्र मिंज ने जानकारी देते हुए बताया की विद्युत सब स्टेशन में जल जमाव होने से केबल ट्रेंच तथा सब स्टेशन के अंदर तथा बाहर पानी भरा हुआ है जिसको जेसीबी मशीन की सहायता से निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

## हर्ल सिंदरी के प्रोजेक्ट हेड दिप्तेन राय का गोरखपुर तबादला

**सिंदरी ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ड्रीम प्रोजेक्ट हिन्दुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड सिंदरी खाद कारखाने के प्रोजेक्ट हेड सिनियर वाइस प्रेसिडेंट दिप्तेन राय का हर्ल गोरखपुर में तबादला कर दिया गया है। इसकी पुष्टि हर्ल प्रबंधन की ओर से कर दी गई है। फिलहाल उनके स्थान पर हर्ल सिंदरी के उत्पादन वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक को प्रोजेक्ट हेड बना दिया गया है। जानकारी के अनुसार हर्ल गोरखपुर के इंचार्ज की सेवानिवृत्ति के कारण हर्ल सिंदरी सिनियर वाइस प्रेसिडेंट दिप्तेन राय का तबादला हर्ल गोरखपुर किया गया है।

# रांची जिला दुर्गा पूजा समिति को मिला नया कार्यालय

## सदस्यता अभियान की हुई शुरूआत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रविवार को रांची जिला दुर्गा पूजा समिति का नया कार्यालय सुभाष चौक ,यूनिवर्सिटी गेट के सामने उद्घाटन किया गया। इस के साथ ही सदस्यता अभियान की भी शुरूआत हो गयी। समिति के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साहू, अशोक चौधरी, मुनचुन राय ,जितेंद्र सिंह ने श्रीफल नारियल फोड़कर मंत्रोचारण के साथ इसकी विधिवत शुरूवात की, रीबन काटकर जयकारे लगाकर कार्यालय में सभी ने प्रवेश किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य संरक्षक मुनचुन राय ने समिति के गठन से लेकर अभी तक के कार्यों के विषय में चर्चा की, उसके प›ात पूजा समिति के पदाधिकारियों ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभा को संबोधित करते हुए महामंत्री कुंदन सिंह चौहान ने यह बताया की पूजा समिति के सभी समस्याओं के समाधान के लिए बनाया गया है, राजधानी के सभी पूजा पंडाल अब बेफिक्र होकर पूजा का आयोजन कर सकते हैं नगर निगम से पानी की आवश्यकता हो, बिजली से संबंधित कोई समस्या हो अथवा प्रशासनिक कार्यों में कोई अवरोध हो समिति तत्काल सहायता के लिए मौजूद रहेगी। इस मौके पर अध्यक्ष अशोक चौधरी ,कार्यकारी अध्यक्ष विक्की यादव, वरिष्ठ




उपाध्यक्ष राहुल शर्मा,मनोज गुप्ता,आलोक साहू,रमेश गुप्ता,राजेश ठाकुर ,पंकज साहू,हेम सिंह,मनोज ठाकुर,उमेश कामदार,लल्लु सिंह, मनोज पांडे ,राजेंद्र सिंह, प्रेम जी, कौशल चौधरी, अंकित गुप्ता, अविनाश कुमार आदि मौजूद थे।

## एसडीओ के नेतृत्व में चला वाहन जांच अभियान

**कोडरमा।** विगत दिनों संपन्न हुई जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में दिये गये निदेश के आलोक में बिना चालान के खनिज परिवहन, अवधि समाप्त परिवहन चालान, गलत चालान, बिना लाईसेंस और ओवरलोड वाहनों की चलाने को लेकर शनिवार की देर रात्रि जिला खनन टास्क फोर्स के सदस्य एसडीओ संदीप कुमार मीणा के नेतृत्व में झुमरीतिलैया के बाईपास रोड और चंदवारा प्रखंड अंतर्गत ढाबथाम मुख्य पथ व नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत खनिज लदे वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया गया। चंदवारा प्रखंड अंतर्गत ढाब-थाम मुख्य पथ खनिज लदे वाहनों का सघन जांच अभियान के दौरान 2 वाहन, झुमरीतिलैया के बाईपास रोड में 4 वाहन एवं नवलशाही में 2 वाहनों को जप्त किया गया, पकड़े गये वाहनों में 01 ट्रैक्टर व 07 हाईवा शामिल है। वहीं जेआइएमएमएस पोर्टल पर जांच करने उक्त वाहनों में लदे खनिज का कोई परिवहन चालान नहीं पाया गया, जिसके बाद सभी वाहनों को जप्त करते हुए पुलिस बल की सहायता से संबंधित थाना में सुरक्षार्थ रखा गया है।

## बोकारो : डीपीएस चास में इंटर हाउस खो-खो टूर्नामेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/चास।** डीपीएस चास में आयोजित इंटर हाउस खो खो टूर्नामेंट 2023 में लड़कों के वर्ग में सतलज हाउस प्रथम यमुना हाउस द्वितीय गंगा हाउस तृतीय व चेनाब हाउस चौथे स्थान पर रहा। सतलज हाउस ने यमुना हाउस को 7.4 अंक से हराया। वहीं गंगा ने चेनाब हाउस को 2.1 अंक से पराजित किया। इधर लड़कियों के वर्ग में चेनाब हाउस ने यमुना को 5.0 से हराकर करारी शिकस्त दी। तीसरे स्थान के लिए गंगा ने सतलज हाउस को 9.4 से हराया। इससे पूर्व विद्यालय के डायरेक्टर नवीन शर्मा ने दोनों टीमों के कैप्टन के सामने सिक्का उछालकर कार्यक्रम की शुरूआत की।

मौके पर कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने कहा कि खो.खो एक भारतीय मैदानी खेल है। अपने संदेश में स्कूल की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि खेल से विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने की सीख मिलती है। विद्यालय के डीन जोस थॉमस ने कहा कि खेलों से विद्यार्थी का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है। मौके पर खेल शिक्षक निखिल दत्ता और राहुल प्रताप मौजूद रहे।

### डैम का जलस्तर बढ़ा



**बेरमो में लगातार हो रही बरसात के कारण तेनु डैम के जलास्तर बढ़ जाने के कारण आज तेनुघाट डैम के दो रेडियाल गेट को खोला गया । बताया गया की दामोदर नदी पर स्थित तेनुघाट जलशय का पानी लगभग 853.20 फीट बढ़ गई है जिसको देखते हुऐ जलशय का दो रेडियल गेट खोला गया है जबकि जलाशय मे 865 फीट रखने की क्षमता है जबकि वर्तमान समय मे 852 फीट ही पानी को रखा जाता है वहीं 882 फीट खतरे की निशानी बताई गई है। नदी मे जाने वाले को हिदायत दी गई है कि अपने जानवरों सहित कोई भी व्यक्ति नदी मे न जाये जिससे कोई नुकशान हो।**

# महुदा में अवैध उत्खनन से आद्रा-चंद्रपुरा रेल लाइन पर खतरा

### पुलिस, सीआईएसएफ, रेलवे और बीसीसीएल है मौन

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद/महुदा।** धनबाद जिले में कोयले का अवैध उत्खनन, भंडारण और ट्रांसपोर्टिंग को लेकर पिछले दिनों धनबाद उपयुक्त श्री वरुण रंजन की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। जिसमें धनबाद पुलिस कप्तान के अलावे सभी थाना के प्रभारी एवं सभी अंचल के सीओ बीसीसीएल के अधिकारी एवं सीआईएसएफ के अधिकारी मौजूद थे। अब सवाल यह उठता है कि क्या टास्क फोर्स की बैठक आई वॉश करने के लिए की गई थी या इसका असर धरातल



पर भी नजर आएगा। वरीय अधिकारियों द्वारा टास्क फोर्स में लिए गए निर्णय का पालन अधिकांश थाना क्षेत्र में नहीं हो रहा है। ऐसा ही एक मामला देखने को मिला है जिले के महुदा थाना क्षेत्र में जहां मछीयारा कुलटांड और मुचराईडीह में कोयले का काला कारोबार धडल्ले से जारी है।

### बंद खदान में हो रहा अवैध उत्खनन

अवैध कोयला माफिया सिंडिकेट के द्वारा मछीयारा, कुलटांड और मुचराईडीह मैं बीसीसीएल के बंद खदानों को जिस जगह में अवैध उत्खनन किया जा रहा है उससे महज कुछ ही दूरी पर *दक्षिण पूर्व आद्रा डिवीजन के अंतर्गत पढ़ने वाला आद्रा चंद्रपुरा रेल लाइन पार किया है । बताते चले की कोयला माफियाओं के द्वारा रेल लाइन के नीचे भी सुरंग बना दिया गया है।और *इस रेलमार्ग से राजधानी एक्सप्रेस, नंदनकानन एक्सप्रेस ,शताब्दी एक्सप्रेस ,पुरुषोत्तम एक्सप्रेस जैसी कई महत्वपूर्ण ट्रेने गुजरती है। ट्रेन में यात्रा करने वाले हजारे यात्रियों के जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। रेलवे लाइन के नीचे अवैध सुरंग बनाने से इस मार्ग पर कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इसके साथ थी इसी रेलवे लाइन के ऊपर एन एच 32 के द्वारा रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण भी कराया गया है जिसके ऊपर भी अवैध उत्खनन के कारण खतरा मंडरा रहा है ।उपरोक्त मामले को लेकर हिंदी दैनिक खबर मंत्र अखबार में 9 जुलाई 2023 को प्रमुखता से खबर छापी गई थी जिसके बाद सुरंग को बंद कर दिया गया था।

### बड़ी दुर्घटना का इंतजार

ऐसा नहीं है कि स्थानीय पुलिस सीआईएसएफ और रेलवे के अधिकारियों को अवैध उत्खनन की जानकारी नहीं है लेकिन सूत्रों की माने तो सभी के मिली भगत से इस कार्य को अंजाम तक पहुंचा जा रहा है। अखबारों में कई बार प्रमुखता से खबर प्रकाशित किए जाने के बाद भी पुलिस सीआईएसएफ और रेलवे के द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं करना कोई बड़ी दुर्घटना का इंतजार करने जैसा है।

### सिंडिकेट के गुर्गों ने पत्रकार पर पहले भी किया था हमला

दिनांक 29 सितंबर 2023 को महुदा के एक निजी चैनल के पत्रकार जो समाचार संकलन करने के लिए मुचराईडीह फाटक के पास जा रहे थे तभी वहां कोयला सिंडिकेट के गुर्गों ने रोक कर उस पर हमला कर दिया। एवं बाइक तथा मोबाइल को भी छात्रिग्रस्त कर दिया। उपरोक्त घटना की जानकारी पत्रकार के द्वारा महुदा थाना को दी गई है।

## स्कूली विद्यार्थियों को एनके जीएम ने किया पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत महाप्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में निबंध तथा चित्रकला प्रतियोगिताओं में जीते हुए विद्यार्थियों को महाप्रबंधक के हाथों पुरष्कृत किया गया। साथ ही स्वच्छता के संदेश को आगे बढ़ाते हुए राजकीयकृत मध्य विद्यालय डकरा विद्यासागर प्राथमिक विद्यालय केडी एच तथा केण्जी विद्यालय डकरा में डस्ट बीन तथा जुट बैग का वितरण किया गया। महाप्रबंधक संजय कुमार ने कार्यक्रम के प्रतिभागी बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। प्रतियोगिता के माध्यम से इनमे नई ऊर्जा का संचार होगा। इसके बाद महाप्रबंधक ने हरी झंडी दिखा कर स्वच्छता रथ को विदा किया। स्वच्छता रथ एनके क्षेत्र में दो दिनों तक आस पास क्षेत्रों में जा कर स्वच्छता के संदेश को जन जन तक पहुचाया जाना है। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत महाप्रबंधक ने प्रतियोगिता प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया।

## रोहिणी में संयुक्त ट्रेड यूनियन की गेट मीटिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** रोहणी परियोजना पदाधिकारी द्वारा 02 अक्टूबर को सवैतनिक ;पेड हॉलिडेद्ध अवकाश को बंद करने सम्बंधित निर्गत पत्र के विरोध में संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा रोहणी परियोजना में सामूहिक रूप से मजदूरों के साथ गेट मीटिंग किया गया। गेट मीटिंग में सभी यूनियन द्वारा प्रबन्धन के निर्णय का जोरदार विरोध दर्ज कराई गई। इस दौरान वक्ताओं ने बारी बारी अपने अपने विचार रखे। मिटिंग में ललन प्रसाद सिंहए प्रेम कुमारए बकृष्णा



चौहानएदिनेश भर एरन्थु उरांवएशैलेश कुमारएसुनील कुमार सिंहएराघो चौबेए गोल्डन प्रसाद यादवएडी पी सिंहएसंजय प्रसादएवरुण पासवानए रमा उरांवएप्रदीप प्रसादएबीरेंद्रएपैहरि भगतएमोहन पांडेए बालमुकुंद पांडेए मुबारक खानएमंजूर आलमएएवं रोहनी परियोजना के सभी मजदूर साथी उपस्थित थे। वही गेट मीटिंग के बाद रोहिणी प्रबन्धन की ओर से संयुक्त ट्रेड यूनियन के नेताओ से मोबाइल पर फोन करके जानकारी दिया गया।

# वित्त रहित इंटर कॉलेज शिक्षकों ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** मांडर विधानसभा के वित्त रहित इंटर कॉलेज के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने रविवार को मांग पत्र के साथ मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की से मिले। आवास पर पहुंचे सभी लोगों ने विधायक को अवगत कराया कि अखबार के माध्यम से उन्हें पता चला है कि राज्य के सभी इंटर कॉलेज को उनके अगल-बगल स्थित प्लस टू स्कूलों में विलय कर दिया जाएगा।



जब से उन्होंने यह खबर पढ़ी है उन्हें यह भय सता रहा है कि यदि सभी छात्रों को अगले सत्र से प्लस टू स्कूलों में शिफ्ट कर दिया जाता है तो उनका भविष्य का क्या होगा। मांग पत्र देते हुए उन्होंने विधायक से गुहार लगाई की इंटर कॉलेज को शिफ्ट करने के बजाय इनका सरकार अधिग्रहण ही कर ले। उनकी मांग पर विधायक ने कहा कि वह इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। साथ ही उनकी समस्याओं का निपटारा किया जाएगा।

### तमाड़ विधायक से मिले वित्त रहित शिक्षक

बुंडू। झारखंड राज्य वित्तरहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष संघए पाँच परगना क्षेत्र के शिक्षक रविवार को विधायक आवास के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। संघ द्वारा विधायक विकास कुमार मुंडा को एक ज्ञापन सौंपा गया। संघ के तमाड़ इकाई अध्यक्ष रंजीत कुमार मोदक ने बताया कि वित्त रहित इंटर कॉलेजों की आर्थिक स्थिति दयनीय है। वर्ष में एक बार मिलने वाली अनुदान राशि भी महंगाई के इस दौर में इतनी कम है कि शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का जीना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि अखबारों से पता चला है कि झारखंड के सभी इंटर कॉलेजों का विलय होने वाला है । विधायक को सौंपे गए माँग पत्र में वित्त रहित सभी इंटर कॉलेजों में पदस्थापित शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ अधिग्रहीत करने की वे अनुशंसा करें। विधायक ने संघ की माँगों के प्रति सहमति व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार से अनुशंसा करने का आश्वासन दिया है।

## एक नजर में

### दीपाजंली कथक केंद्र ने बाल सम्मान समारोह

**रांची।** राजधानी की प्रसिद्ध दीपाजंली कथक केंद्र की ओर से रांची में बाल सम्मान-2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागी बच्चों ने भारतीय संस्कृति के विभिन्न राज्यों के कथक नृत्य को प्रस्तुत किया। इस दौरान बच्चो ने देश के विभिन्न राज्यों को एक भारत श्रेष्ठ भारत के रंगों में जोड़ा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अथिति भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, संस्कार भारती रांची के महानगर मंत्री शशिकला पौराणिक, डॉ रजनी शर्मा साहित्य संयोजीका संस्कार भारती एवं टीम ग्रीन के शुभम चौधरी ने सभी चयनित बच्चों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर 2017 बाल सम्मान से सम्मानित तृषा तान्या भी उपस्थित थी। कार्यक्रम का संयोजक दीपांजलि कथक केंद्र के निदेशक विपुल नायक थे। इस अवसर पर कथक कार विपुल नायक ने कहा की बाल सम्मान 2023 के प्रथम चरण का आयोजन दीपांजलि कथक केंद्र में किया गया, जिसमें 08 बच्चों का चयन किया गया। चयनित बच्चों आरुषि कुमारी, पियुषा, आसवी, शानवी रानी, अंतरा जयसवाल, सिल्विया रॉय, सुचित्रा डे, अदिति पालित का नाम शामिल है। ये बच्चे दूसरे चरण के लिए अब जायेंगे। जिसमें कोई एक बच्चे का चयन किया जाएगा जो राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होगा।

### बीओआइ: स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत किया श्रमदान

**रांची।** भारत सरकार की मुहिम स्वच्छता ही सेवा के तहत बैंक ऑफ इंडिया राँची अंचल और राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड द्वारा संयुक्त रूप से 1 अक्तूबर, सुबह 10 बजे, 1 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करते हुए लाइन टैंक तालाब, राँची स्थित दक्षिणी घाट की साफ-सफाई की गई और केमिकल पाउडर का भी छिड़काव किया गया। इस अवसर पर श्री सी गोपाल कृष्ण, उप महाप्रबंधक, राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान एक ऐसा अभियान है जिसमें हर एक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। भले ही सार्वजनिक स्थल की साफ-सफाई करना निगम का कार्य है परंतु गंदगी न फैलाने की जिम्मेदारी हमारी है और ऐसा करके हम स्वच्छ भारत अभियान में अपना सक्रिय योगदान करते हैं। राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड से उप महाप्रबंधक श्री सी गोपाल कृष्ण, श्री अनुज कुमार अग्रवाल, श्री अजित कुमार पोद्दार, राँची अंचल के आंचलिक प्रबंधक श्री संजीव कुमार सिंह, उप आंचलिक प्रबंधक श्री नरेंद्र कुमार दास, मुख्य प्रबंधक श्री राजेश कुमार, श्री ओम प्रकाश, श्री अनुराग वर्मा, श्री राजेंद्र गुप्ता, श्री शशि भूषण, श्री शाहिद अख्तर, श्री नजमुल होदा, श्री राजेश यादव, श्री संजय कर्मकार, श्री आशीष कुमार और अन्य स्टाफ सदस्यों ने श्रमदान किया।

### बायोम का उड़ान 2023 टैलेंट सर्च एग्जाम 15 को

**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट 15 अक्टूबर को वार्षिक टैलेंट सर्च एग्जाम सह स्कॉलरशिप टेस्ट 'उड़ान' 2023 आयोजित करेगी। इसमें सरकारी व निजी स्कूल के कक्षा आठवीं से 12वीं अध्ययनरत विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे ' टेस्ट में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थी 06 अक्टूबर तक निःशुल्क रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन और टेस्ट का सिलेबस वेबसाइट से विद्यार्थी हासिल कर सकेंगे। इसके अलावा इंस्टीट्यूट के नगड़ा टोली सेंटर और हिनू सेंटर से टेस्ट के दिन भी विद्यार्थियों को ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा दी जायेगी, इसके लिए 200 रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क चुकाना होगा। उड़ान - 2023 स्कॉलरशिप टेस्ट इंस्टीट्यूट के नगड़ा टोली और हिनू सेंटर पर ऑफलाइन मोड पर संचालित होगी। निदेशक पंकज सिंह ने कहा कि उड़ान 2023 टेस्ट में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को बायोम - इंस्टीट्यूट की ओर से 2.15 करोड़ रुपये तक की छात्रवृत्ति दी जायेगी। टेस्ट में 90% से अधिक अंक हासिल करने वाले शीर्ष विद्यार्थियों को इंस्टीट्यूट के ट्यूशन फीस में 100% की छात्रवृत्ति मिलेगी। वहीं, टेस्ट में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को नामांकन के दौरान अतरिक्त 30.000 रुपये तक की छूट दी जायेगी। इसके लिए छात्र-छात्राओं को टेस्ट के बाद 30 नवंबर, 2023 तक संस्था के केंद्र से जुड़कर नामांकन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

### सरला बिरला में गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर कई कार्यक्रम

**रांची।** गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने जल शक्ति मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान में भाग लिया, जिसमें छात्रों ने शिक्षकों के साथ बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी निपुणता का परिचय दिया। छात्रों और शिक्षकों ने ढेर सारी गतिविधियों में भाग लिया। साथ में उन्होंने स्कूल एवं विश्वविद्यालय परिसर की सफाई की। छात्र राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, आरा गए और नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। छात्रों ने राष्ट्रपिता के महत्वपूर्ण आदर्शों मे से एक ह्यस्वच्छताह्न को दशार्ने के लिए पारंपरिक नुक्कड़ नाटक के माध्यम का इस्तेमाल किया। छात्रों ने महात्मा गांधी के आदर्शों और उनके द्वारा प्रतिपादित मूल्यों पर आधारित कई निबंध, कविताएं, लघु कथाएँ और नारे लिखे। उन्होंने स्वच्छ समाज बनाने और स्वच्छ समाज में रहने की इच्छा को दशार्ते हुए ह्यस्वच्छता ही सेवाह्य पर पेंटिंग भी बनाई। इन गतिविधियों के माध्यम से, सभी छात्रों को गांधीवादी मूल्यों और विचारों से अवगत किया गया और न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व के जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ दिलाई गई। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इस अभियान में छात्रों और शिक्षकों की भागीदारी की सराहना की ।

# ट्रैफिक ई-चालान की फर्जी लिंक बना ठगने वाला आरोपी सुधांशु उर्फ चिकू मिश्रा रांची से गिरफ्तार

## गुजरात पुलिस का फर्जी लिंक बना ट्रैफिक के नाम पर पैसे वसूलता था रांची का युवक

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। शहर पुलिस की सरकारी वेबसाइट से मिलती जुलती फर्जी वेबसाइट बनाकर वाहन चालकों और शहर पुलिस को लाखों रुपए की चपत लगाने वाले शातिर आरोपी सुधांशु उर्फ चीकू मिश्रा को गुजरात पुलिस की क्राइम ब्रांच ने रांची से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सुधांशु मूलरूप से देवधर जिले के मधूपुर थाना इलाके के पथार गांव का रहने वाला है। आरोपी ने पूछताछ में कबूला कि वह जनवरी 2023 से यह काम कर रहा है। देवधर जिले के कोरो गांव निवासी मित्र सप्तम कुमार भी इसमें शामिल है। यह दोनों अब तक कई लोगों से फर्जी लिंक व क्यूआर कोड के जरिए लाखों रुपए वसूल चुके हैं। आरोपी वाहन चालकों को फर्जी लिंक, क्यूआर कोड भेजते थे। जिस पर पेमेंट करने पर राशि पल्टन दास के खाते में जाती थी। पल्टन दास 20 फीसदी कमीशन लेकर शेष राशि इन दोनों को देता था। जिस नंबर से लिंक भेजते उसे काम होने के कुछ दिन बाद तोड़कर फेंक देते थे। गुजरात पुलिस का लोगो भी मोबाइल नंबर में सेट करते थे।

### कोलकाता निवासी भी लगा रहा चपत

आरोपी ने कबूला कि पश्चिम बंगाल के कोलकाता में रहने वाला राजेश भी अहमदाबाद शहर पुलिस व लोगों को चपत लगा रहा है। कोलकाता के न्यू टाउन एक्सेंशन एरिया तीन शाहपुरजी पोलंजी निवासी राजेश से ही उसने इस ठगी के गुर सीखे थे। उसके साथ पंद्रह दिन काम भी किया।

### ट्रैफिक पुलिस के कलेक्शन डिपार्टमेंट के नाम पर धमकाते थे

आरोपी ने कबूला कि वो और उसका दोस्त जिन वाहन के नंबर पर ई-चालान जारी होते उनके मोबाइल नंबर का पता लगाकर उनके मालिकों को अहमदाबाद ट्रैफिक पुलिस कलेक्शन डिपार्टमेंट कर्मचारी बनकर फोन करते और धमकाते थे। जो जाल में फंसते उन्हें फर्जी लिंक, क्यूआर कोड भेजकर ठगी करते थे।

# एशियन गेम्स : भारत ने लगाया पदकों का अर्धशतक, चीन शीर्ष पर




- भारतीय खिलाड़ियों ने बनाया इतिहास, एशियाई खेलों में पहली बार एक दिन में जीते 15 मेडल
- भारत ने तोड़ा 13 साल पुराना रिकॉर्ड, एशियाई खेलों में एक दिन में जीते सबसे ज्यादा मेडल

एजेंससी

**हांगझोऊ।** चीन के हांगझोऊ में खेले जा रहे एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। एथलेटिक्स में रविवार को भारत के पास एक और स्वर्ण पदक आया है। तजिंदरपाल सिंह तूर ने शॉटपुट में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया है। हांगझोऊ के एशियाई खेलों में भारत का यह 13वां स्वर्ण पदक है। तजिंदरपाल ने पुरुषों के शॉटपुट फाइनल में 20.36 का थ्रो करके स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तजिंदरपाल लगातार दूसरे एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने में सफल हुए हैं। तजिंदर ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में भी स्वर्ण जीता था। तजिंदरपाल के पहले दो प्रयास फाउल रहे। फिर अपने तीसरे प्रयास में 19.21 मीटर थ्रो के साथ अगले दौर के लिए क्वॉलीफाई किया। इसके बाद तजिंदरपाल ने चौथा थ्रो 20.06 मीटर किया। पांचवां थ्रो फिर फाउल हो गया। अंतिम प्रयास में उन्होंने अपनी पूरी ताकत झोंक दी और 20.36 मीटर थ्रो कर मेंस शॉटपुट फाइनल में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले एथलेटिक्स में अविनाश साबले ने पुरुषों के 3000 मीटर स्टीपलचेज में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया है। अविनाश ने 8:19.50 मिनट के एशियन गेम्स रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता है।

## भारत ने तोड़ा रिकॉर्ड

भारत ने एशियाई खेलों के आठवें दिन 15 पदक जीते। खेलों के इतिहास में यह पहला अवसर है जब भारत ने इतने पदक एक ही दिन में जीत लिए। इससे पहले 2010 में भारत को एक दिन में 11 पदक मिले थे।

### ज्योति याराजी को रजत

भारत की एथलीट ज्योति याराजी ने 100 मीटर हर्डल रेस में रजत पदक जीता। वह 12.91 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रही थीं, लेकिन दूसरे पायदान रहने वाली चीन की खिलाड़ी वू यानी को डिस्क्वालिफाई कर दिया गया। इस तरह याराजी का पदक कांस्य से रजत में बदल गया।

### सविता पूनिया ने जीता कांस्य पदक

डिस्कस थ्रो में भारत की सीमा पूनिया ने कांस्य पदक अपने नाम किया। उन्होंने 58.62 मीटर दूर थ्रो फेंककर कांस्य पदक जीता। चीन की बिन फेंग ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, जियांग झिचाओ ने रजत पर कब्जा किया।

### नंदिनी ने जीता कांस्य

नंदिनी अगासारा ने 800 मीटर हेप्टाथेलॉन में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने इस स्पर्धा के फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया। उन्होंने 2:15:33 का समय लिया।

## एथलेटिक्स में अविनाश साबले ने जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी

**हांगझाऊ।** भारत के अविनाश साबले ने एशियाई खेलों में पुरूषों की 3000 मीटर स्टीपलचेस में स्वर्ण पदक जीत लिया है। अविनाश साबले एशियन गेम्स के इतिहास में 3000 मीटर स्टीपलचेज में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष एथलीट भी बन गए हैं। इसी के साथ ही एशियन गेम्स 2023 में एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड) में भारत का ये पहला गोल्ड मेडल भी है। साबले ने 8:19:50 समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। अविनाश के गोल्ड जीतने से भारत के अब कुल 42 मेडल हो गए है जिसमें 12 गोल्ड के अलावा 16 सिल्वर और इतने ही ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। गौर हो कि महाराष्ट्र के बीड़ के रहने वाले अविनाश कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में नेशनल रिकॉर्ड के साथ सिल्वर मेडल जीत चुके हैं। 2019 में दोहा में हुई एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने सिल्वर मेडल अपने नाम किया था।




### हॉकी में भारतीय महिला टीम ने कोरिया के साथ ड्रॉ खेला

महिला हॉकी में भारतीय टीम ने दक्षिण कोरिया के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला है। इसके साथ ही भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। तीन अक्तूबर को भारत अपने अंतिम ग्रुप स्टेज मैच में हांगकांग से भिड़ेंगा।

### किनान ने कांस्य पदक जीता



किनान ने भारत के लिए कांस्य पदक जीता है। वह 40 में से 32 शॉट निशाने पर लगाने में सफल रहे। किनान डेरियस चेनाई ने पुरुषों के ट्रैप व्यक्तिगत फाइनल में तीसरा स्थान हासिल किया। चीन को स्वर्ण और कुवैत को रजत पदक मिला।



### निकहत जरीन की हार

मुक्केबाजी में महिलाओं के 50 किलोग्राम भारवर्ग में निकहत जरीन को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। थाईलैंड की मुक्केबाज के खिलाफ वह 2-3 के अंतर से हार गईं। अब उन्हें कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ेगा।



### अदिति ने जीता रजत

अदिति अशोक ने रजत पदक अपने नाम किया है। थाईलैंड की अपिरचाया युबोल ने आखिरी दिन शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं, अदिति अशोक ने आखिरी दिन काफी साधारण प्रदर्शन किया। सात स्ट्रोक की लीड लेने के बाद वह मुकाबला खत्म होने तक दो स्ट्रोक पीछे हो गईं और स्वर्ण पदक से चूक गईं।

### परवीन ने पदक पक्का किया

महिलाओं के 57 किलोग्राम भारवर्ग में मुक्केबाज परवीन ने पदक पक्का कर लिया है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान की सितोरा तुदीर्बेकोवा को 5-0 के अंतर से हराया। परवीन 2022 एशियाई चैंपियनशिप स्वर्ण और 2022 विश्व कांस्य पदक विजेता हैं। उन्होंने सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ ही पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया है।

## चीन से हारा भारत, बैडमिंटन में मिला सिल्वर

हांगझाऊ में चल रहे 19वें एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम इतिहास रचने से चूक गई। उसे चीन के खिलाफ गोल्ड मेडल मैच में हार का सामना करना पड़ा और सिल्वर मेडल के साथ संतोष करना पड़ा। भारत ने इस इवेंट में शानदार शुरूआत करते हुए पहले 2 मैचों में बेहतरीन जीत दर्ज की थी। इसके बाद चीन ने वापसी करते हुए अगले तीनों मैचों में जीत दर्ज करने के साथ भारत को मात दे दी।




## नेपाल ने मालदीव को 138 रन से हराया

हांगझोउ। नेपाल ने रविवार को एशियाई खेलों में पुरुष क्रिकेट पुल ए मुकाबले में पहले शानदार बल्लेबाली और फिर अबिनाश बोहरा की 11 रन देकर छह विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी बदौलत प्रतिद्वंद्वी मालदीव को 138 रन से हरा दिया है। नेपाल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान रोहित पॉडेल की 27 गेदों में 52 रन की अर्धशतकीय पारी, कुशल मल्ला के नाबाद 20 गेंदों मे 47 रन, ओपनर कुशल भुर्तेल 18 गेंदों में 35 रन तथा गुलशन झा 21 गेंदों में 35 की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 212 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। नेपाल का पहला विकेट आसिफ शेख छह रन के रूप में गिरा। शेख का इस्माइल ने फरीद शियुस के हाथों कैच आउट कराया। उस समय टीम का स्कोर 20 रन था। कुशल भुर्तेल को मोहम्मद मियुवान ने पगबाध आउट कर दिया। बिनोद भंडारी 13 को नजवान इस्माइल ने इस्माइल अली कैच आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। उसके बाद खेलने आये संदीप जोरा पांच रन को इस्माइल का शिकार बने। गुलशन झा के रूप में नेपाल का पांच विकेट गिरा और उसे थोलई मोहम्मद राया ने हुसैन सादिन के हाथों कैच करवाया। रोहित पॉडेल छठे और दीपेंद्र सिंह ऐरी के रूप में सातवां विकेट गिरा। ऐरी को नजवान इस्माइल तथा पॉडेल को हसन रशीद/इस्माइल अली ने रन आउट किया।

मालदीव की ओर से सर्वाधिक तीन विकेट नजवान इस्माइल ने लिये। वहीं नसीर नाइल इस्माइल, मोहम्मद मियुवान और थोलई मोहम्मद राया को एक-एक विकेट मिला।

इसके बाद 213 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मालदीव ने पहले ओवर में ही अजीम रफीग को शून्य पर सोमपाल कामी बोल्ड आउट कर दिया। फरीद शियुस 10 रन के रूप में दूसरा विकेट गिरा। शियुस को बोहरा ने भुर्तेल के हाथों कैच आउट किया। छठें ओवर की चौथी गेंद पर बोहरा ने नजवान इस्माइल को शून्य पर पगबाधा और इसके बाद थोलई मोहम्मद राया को भी शून्य पर बोहरा ने पगबाधा आउट किया। इस्माइल अली तीन रन को गुलशन झा ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद हसन रशीद को शून्य पर लमिचाने ने पगबाधा आउट किया। मुआवियाथ गनी ने टीम के लिए 34 गेंदों पर सर्वाधिक 36 रन बनाये उन्हें भुर्तेल ने बोल्ड आउट किया। रशीद रसम 12 रन बनाकर नाबाद रहे। रशीद रसम, मोहम्मद मियुवान को बोहरा ने बोल्ड और नसीर नाइल इस्माइल को पगबाध कर मालदीव की पारी को 19.4 ओवर में 74 रन पर समेट कर 138 रन से मुकाबला जीत लिया।

## महिला क्रिकेट टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया

एजेंसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टी-20 मुकाबले में रविवार को ऑस्ट्रेलिया ने तालिया मैक्ग्रा 32 गेंदों में नाबाद 60 और अलिसा हीली की 29 गदों में 56 रन की शानदार पारी की बदौलत वेस्टइंडीज आठ विकेट से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया और पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज टीम ने हेली मैथ्यूज के 74 गेंदों में नाबाद 99 रन की बदौलत 20 ओवर में तीन विकेट के अनुसार पर 147 का स्कोर बनाया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को चौथे ओवर में पहला झटका दिया। ओपनर शबिका गजनबी 7 गेंदों में अपना खाता नहीं खोल पाईं उस समय टीम का स्कोर 22 रन था उसे डार्सी ब्राउन बोल्ड आउट किया। कप्तान हेली मैथ्यूज ने स्टेफनी टेलर के साथ संभलकर खेलते हुउ तेजी के साथ 36 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। दोनों ने स्कोर को 90 तक पहुँचाया। टेलर ने 20 गेंदों में 10 रन की धीमी पारी खेली। शेमेन कैम्पबेल ने अंतिम ओवर में आउट होने से पहले 21 गेंदों में 19 रन बनाये। मैथ्यूज ने अंत तक बल्लेबाजी की लेकिन वह अपना शतक नहीं पूरा कर पाईं। उन्होंने 74 गेंदों में 12 चौके और चार छक्के की मदद से 99 रनों की नाबाद पारी खेली और ऑस्ट्रेलिया को चुनौतीपूर्ण स्कोर दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से डार्सी ब्राउन और एश्ली गार्डनर को एक-एक विकेट मिला। जबकि

## 'तीन विश्व कप हो चुके हैं, अब मुझे इसकी आदत हो गयी है', चहल का छल्का दर्द

**नयी दिल्ली।** युजवेंद्र चहल को 2023 विश्व कप में जगह नहीं मिल पाने पर 'बुरा लग रहा है', लेकिन वह आगे बढ़ने और भारतीय टीम में वापसी के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए दृढ़ हैं। एक साक्षात्कार में चहल ने 2023 विश्व कप नहीं खेलने की निराशा पर खुलकर बात की, जिसकी मेजबानी पूरी तरह से भारत में की जाएगी। चहल को भारत की अंतिम पंद्रह में जगह नहीं मिली जिसकी पुष्टि 28 सितंबर को हुई। चहल ने कहा, 'मैं समझता हूं कि केवल 15 खिलाड़ी ही इसका हिस्सा हो सकते हैं, क्योंकि यह विश्व कप है, जहां आप 17 या 18 को नहीं ले सकते। मुझे थोड़ा बुरा लगता है, लेकिन जीवन में मेरा मकसद आगे बढ़ना है। मुझे अब इसकी आदत हो गई है... तीन विश्व कप हो गए हैं (हंसते हुए)।' 2016 में अपने पदार्पण के बाद से चहल ने एक भारतीय गेंदबाज द्वारा वनडे में तीसरे सबसे अधिक विकेट लिए है और कुलदीप यादव के बाद एक भारतीय स्पिनर द्वारा दूसरा सबसे अधिक विकेट लिया है।

### एशियन गेम्स : भारत की मेडल टैली

| खेल | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| शूटिंग | 7 | 9 | 6 | 22 |
| रोइंग | 0 | 2 | 3 | 5 |
| क्रिकेट | 1 | 0 | 0 | 1 |
| सेलिंग | 0 | 1 | 2 | 3 |
| इक्वेस्ट्रियन | 1 | 0 | 1 | 2 |
| वुशु | 0 | 1 | 0 | 1 |
| टेनिस | 1 | 1 | 0 | 2 |
| स्क्वैश | 1 | 0 | 1 | 2 |
| एथले. | 2 | 5 | 5 | 12 |
| गोल्फ | 0 | 1 | 0 | 1 |
| बॉक्सिंग | 0 | 0 | 1 | 1 |
| बैडमिंटन | 0 | 1 | 0 | 1 |
| कुल | 13 | 21 | 19 | 53 |

## एशियन गेम्स के स्क्वैश प्रतिस्पर्धा में भारत की ऐतिहासिक जीत, झारखंड के खिलाड़ियों में खुशी की लहर



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चीन के हांगझोऊ में आयोजित एशियन गेम्स 2023 के स्क्वैश प्रतियोगिता में भारत को ऐतिहासिक गोल्ड मेडल हासिल हुआ है। फाइनल में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर भारत की स्क्वैश टीम ने गोल्ड मेडल जीता है। साल 2014 के एशियाई खेलों के बाद भारत ने पहली बार स्क्वैश में पदक जीतने में कामयाबी हासिल की है। फाइनल के तीसरे मैच में भारत के अभय सिंह ने पाकिस्तान के जमान नूर को रोमांचक मैच में हरा, भारत को गोल्ड मेडल जितवाया है। भारत के इस जीत पर झारखंड के खेल प्रेमियों में भी खुशी की लहर है। इसी कड़ी में रांची के अल्बर्टएक्का चौक स्थित क्रॉस कोर्ट परिसर में खिलाड़ियों ने जश्न मनाया। भारत की इस उपलब्धि पर क्रॉस कोर्ट के संचालक आर्यन राज ने कहा कि यह देश की उपलब्धि है। इससे इस खेल को बढ़ावा मिलेगा और लोग इस खेल के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानेंगे।वही क्रॉस कोर्ट की ओनर स्वेता बुधिया ने बताया कि नेशनल गेम्स जो गोवा में होने वाला है उसमें जो झारखंड के खिलाड़ी जा रहे है वो अच्छा प्रदर्शन करे गे और भारत के लिए खलेंगे। मौके पर स्क्वैश कोर्ट के हेड कोच पुनीत पारीक, विजय उरांव, कोच उदय चंद्र राय, कोच निलेश पाल, कोच आदया,प्रिया शर्मा, आर्यन जालान, वियान चौधरी समेत अन्य बच्चे भी मौजूद रहे।

## अश्विन चेन्नई की परिस्थितियों से परिचित हैं भारतीय एकादश में होंगे शामिल : पीयूष चावला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम फाइनल हो गई है। विश्व क्रिकेट की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों से भिड़ने वाले 15 खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित खिताब पर अपना कब्जा जमाना चाहेंगे और अपने आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करना चाहेंगे। टूनामेंट से पहले भारतीय टीम में एक बड़ा बदलाव रविचंद्रन अश्विन के रूप में आया अक्षर पटेल के चोट के बाद टीम में जगह बनाई। इसी पर बात करते हुए पूर्व भारतीय क्रिकेटर पीयूष चावला ने कहा कि अश्विन अक्षर के समान विकल्प हैं और उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता की सराहना की। चावला ने कहा, 'हम सभी जानते थे कि एक बार जब अक्षर पटेल चोटिल हो गए और विश्व कप के लिए फिट नहीं थे तो रवि अश्विन अपने अनुभव और अतीत में उन्होंने जिस तरह से गेंदबाजी की है, उसके कारण सीधे पहली पसंद थे। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। यह कुछ इस तरह है जैसा कि वह बल्लेबाजी कर सकता है, और एक बहुत ही अच्छा बल्लेबाज है।'

इसके अलावा चावला ने अश्विन की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि वह एक स्ट्रीट स्मार्ट क्रिकेटर हैं। वह जानते हैं कि चेन्नई की परिस्थितियां कैसी हैं। महान खिलाड़ी हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह सफेद गेंद या लाल गेंद क्रिकेट में गेंदबाजी कर रहे हैं, वह हमेशा खेल के बारे में सोचते रहते हैं। वह हमेशा खेल से जुड़े रहते हैं। उन्होंने कहा, 'किसी ने नहीं सोचा था कि अश्विन खेलेंगे। लेकिन वह चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीधे अंतिम एकादश में शामिल हो रहे हैं, जो स्पिन का पक्षधर है। और उन्होंने इन परिस्थितियों का फायदा उठाने के

## राज्य स्तरीय खेलो झारखंड वुशू संपन्न, रांची बना चैंपियन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड के द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में राज्य स्तरीय खेलो झारखंड वुशू प्रतियोगिता रविवार को सम्पन्न हो गया। मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित ठाकुर विश्वनाथ शहदेव इंडोर स्टेडियम, में अयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य के वूशु के अंडर 17/19 बालक बालिका के विभिन्न 35 भार वर्गो में खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ विजय कुमार सिंह, (रजिस्ट्रार



सरला बिरला यूनिवर्सिटी रांची), थे जिन्होंने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के सफलता की कामना की।इस पर अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री शिवेंद्र दुबे, (कोषाध्यक्ष झारखंड ओलिंपिक संघ) श्री शैलेंद्र दुबे (महासचीव झारखंड वुशू संघ), श्री कुमुद प्रसाद साहू, श्री उदय साहू, श्री अमर प्रियदर्शी (निदेशक- झारखंड वूशु संघ) सहित रजि अहमद,रत्नेश कुमार,दीपक गोप, वहीद अली ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान किया। मंच का संचालन अमरेंद्र द्विवेदी ने एवं धन्यवाद ज्ञापन सुशील कच्छप ने किया।

**रांची ओवरऑल चैंपियन एवं रामगढ़ ओवरऑल रनर :** रांची की टीम 19 स्वर्ण, 12 रजत एवं 13 कांस्य पदक के साथ बनी ओवरऑल चैंपियन बनी। रामगढ़ की टीम 10 स्वर्ण, 6 रजत एवं 6 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रही। ज्ञातव्य हो कि इस प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसके पश्‍ात चयनित खिलाड़ी रांची में जनवरी में होने वाली राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 में राज्य टीम का प्रतिनिधत्व करेंगे।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्य एम मोदस्सर, समीर कुमार, प्रभात रंजन तिवारी, विद्या कुमारी, शंकर पाल, उमेश कुमार दास, जगजीत सिंह, कलावती कुमारी, मो जावेद अंसारी मुख्य भूमिका निभा रहे है।

स्पीड न्यूज

## प्रचार के लिए प्रखंडवार पर्यवेक्षक नियुक्त

**गोड्डा।** आज जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति के अध्यक्ष श्री बासुदेव सोरेन ने जिला समिति के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों से सलाह मशबिरा करने के उपरान्त,कल के बैठक के बाद लिए निर्णय के अनुसार सभी प्रखंडों के सदस्यता अभियान संचालन एवं सरकार के जनउपयोगी कार्यक्रमों के प्रचार प्रसार के साथ साथ सिद्धू कान्हु क्लब गठन हेतु, प्रखंडबार जिला से पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम की जानकारी राजेश मंडल पूर्व जिला अध्यक्ष झामुमो ने दी।

## पोषण सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन

**गोड्डा।** ठाकुर गांगटी प्रखंड मुख्यालय में आज पोषण सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम सहिया और स्वास्थ्य सेविकाओं द्वारा झंडोत्तोलन कर प्रारंभ किया गया। झंडोत्तोलन सेविका लवलिना ठाकुर और चांदा पंचायत सहिया सुमन रानी सिंह ने संयुक्त रूप से किया और इस कार्यक्रम को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। मौके पर उपस्थित सभी सेविका और सहियाओं ने इस कार्यक्रम में बहुत उत्साह से भाग लिया।

## पत्नी की हत्या के आरोप में फरार पति गिरफ्तार

**गोड्डा।** दिनांक 29/9/23 को वादिनि कंचन देवी पति विंदेश्वरी राय ग्राम —मंडरो थाना —मिर्जा चौकी, जिला साहिबगंज के फर्द बयान पर जिला गोड्डा के ठाकुर गंगटी थाना में कांड संख्या 57/23 दिनांक 29/9/23 को दफा 302 के साथ 316/34 धारा के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई थी। पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथूसिंह मीणा ने इस कांड को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने का निर्देश ठाकुर गांगटी थाना प्रभारी रफीक आलम को दिया। थाना प्रभारी ने अपने सहयोगियों को साथ मिलकर इसे पकड़ने में पथरगामा थाना का भी सहयोग रहा साथ ही विनोद साह पुअ नी ठाकुर गंगटी, अशोक शर्मा पुअ नी, और साथ पुलिस बल के जवान साथ थे।

## स्वच्छता ही सेवा सह बूथ सशक्ति करण कार्यक्रम

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के ठाकुर गंगटी मंडल के भगैया ग्राम के बुनकर भवन में रविवार को स्वच्छता ही सेवा सह बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम गोड्डा के विधायक अमित मंडल के प्रभार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी स्तर से संगठन की सभी इकाई को और अधिक मजबूत करने पर विचार विमर्श किया गया।

## स्वच्छता अभियान चलाया गया

**गोड्डा।** आज भाजपा कार्यकर्ता के द्वारा स्वच्छता अभियान के लिए श्रमदान कार्यक्रम शाहिद भगत सिंह चौक से मेन चौक तक स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम किया गया इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश कुमार झा जी हम लोगों को स्वच्छता के बारे में और मोदी जी के स्वच्छता अभियान के संबंध के बारे में बातों को बताया किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन झा जी इस मौके पर गोडडा नगर अध्यक्ष गौरव कुमार भगत जी शिवेंद्र सिंह जी जीतू सिंह सीताराम रावत जी एवं सैकड़ों भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## इमामों ने की बैठक

**पाकुड़।** रविवार को पाकुड़ शहर के लड्डू बाबू आम बगीचा में ऑल इंडिया इमाम एसोशिएशन के बैनर तले झारखंड प्रदेश संयोजक मो आसराफुल शेख के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष मौलाना मो बाकीबिल्लाह मोल्ला, केंद्रीय साधारण संपादक मौलाना सिराजुल इस्लाम, साधारण संपादक पश्चिम बंगाल मौलाना अब्दुल अजीज, मौलाना अमीनुल इस्लाम एंव कोषाध्यक्ष पश्चिम बंगाल मुमताजुल हक उपस्थित हुए। बैठक में झारखंड प्रदेश में वक्फ बोर्ड के द्वारा मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदायों के इमाम व मुअज्जिनों को भत्ता के रूप में झारखण्ड में लागू कराने हेतु चर्चा किया गया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष मौलाना मो बाकीबिल्लाह मोल्ला ने बताया कि वर्तमान में इमाम मुअज्जिनों की स्थिति अति देयनीय हैं।

# दुखु पोखर पर माफिया की नजर स्थानीय लोगों ने किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के अधिकांश पोखर का माफियाओं ने अस्तित्व ही समाप्त कर दिया है। अब बचे हुए पोखर भी उनकी नजर लग गई है। शहर के रसिकपुर में स्थित सालों पुराने दुखु पोखर को भी कब्जा करने की कवायद शुरू हो गई है। रविवार को स्थानीय लोगों ने इसका विरोध करते हुए काम बंद करा दिया। सोमवार को सीओ को आवेदन देकर रोक लगाने की मांग की जाएगी। श्रवण यादव का कहना था कि पोखरा पर दावा करने वाले अब इसे समाप्त करने पर लगे हैं। पानी सुखाने के लिए कचरा भरा जा रहा है। पिलर काट दिया गया है ताकि पानी धीरे धीरे निकल जाए। लंबे समय से इस तालाब पर सभी लोग कर्मकांड कराते आ रहे हैं। माफिया चाहते हैं कि पोखरा का अस्तित्व समाप्त कर इसे बेच दिया जाएगा। उनका कहना है कि पोखर का मालिक कहता है कि यह उनका निजी तालाब है। नियम है कि पोखरा का स्वरूप बदला नहीं जा सकता है। राजेश शर्मा का कहना था कि बाप दादा के जमाने के तालाब को भरने का काम किया जा रहा है। इसका घेराव करने के लिए पिलर बनाया जा रहा है। इसकी सफाई जरूरी है। पोखरा को न तो बेचा जा सकता है और न ही इसका स्वरूप बदला जा सकता है। सालों से लोग यहां पर पूजा करते आ रहे हैं। पिता के जमाने से पोखरा का उपयोग होता आ रहा है। अगर पोखरा पर फिर से काम शुरू होता है तो मुहल्ले के लोग इसका खुलकर विरोध करने के लिए बाध्य होंगे। अभी सारा काम बंद करा दिया गया है। सीओ को आवेदन देकर तालाब को बचाने की मांग की जाएगी।

**तालाब को भरने के लिए भरा जा रहा कचर**



**बयान :** अभी तक किसी का आवेदन नहीं मिला है। पोखरा को किसी भी हाल में भरा नहीं जा सकता है। लोग आवेदन देते हैं तो चल रहे काम को हमेशा के लिए बंद करा दिया जाएगा।
**अमर कुमार, सीओ दुमका**



# स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक



खबर मन्त्र संवाददाता

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत महात्मा गांधी की 154 वी जयंती से एक दिन पहले यानी रविवार को लिट्टीपाड़ा प्रखंड में आरएसएस के विभाग सेवा प्रमुख केवल मंडल के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान तिलका मांझी चौक, सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण सहित अन्य स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को अपने आस पास स्वच्छ रखने का संदेश दिया। साथ ही साथ स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान भाजपा नेता दानियल किस्कू ने कहा कि महात्मा गांधी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि के लिए आज पुरे लिट्टीपाड़ा में स्वच्छता अभियान चलाया गया।स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में स्टेट बैंक लिट्टीपाड़ा के कर्मचारी,समाज सेवी गणेश ठाकुर,निमाय मंडल,रक्षाकर साहा,शांतनु भारती सहित शिशु मंदिर के बच्चों ने हाथ बढ़ाया।

# रेलवे पदाधिकारी - कर्मचारी, ईजरप्पा के नेतृत्व में चलाया स्वच्छता अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** स्थानीय रेलवे परिसर पाकुड़ में सहायक अभियंता ( बी) पी के पाठक के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्वच्छता पखवाड़ा, स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत श्रमदान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से यातायात निरीक्षक ज्योतिर्मयी साहा, स्टेशन प्रबंधक लखीराम हेम्ब्रम, जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष बाबुधन मुर्मू, निरिक्षक प्रभारी कुलदीप, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता(पथ) आनंद मोहन, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (सवारी एवं माल डिब्बा) सुमन कुमार, चीफ लोको इंजीनियर एससी साहा, ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसाबी राय, सचिव राणा शुक्ला, अनिकेत गोस्वामी, ईआरएमयू के अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे, ईआरएमसी संतोष कुमार ठाकुर के सहित दर्जनों रेलकर्मी एवं ईजरप्पा के कार्यकर्तागण मौजूद थे।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत श्रमदान करते हुए रेलवे कॉलोनीयों, भुमिगत पथ, रेलवे ट्रेक, स्टेशन परिसर, रेलवे मैदान,रोड इत्यादि में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई किया गया। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी पीड्डकेड्ड पाठक ने आवागमन कर रहे रेल यात्रियों व रेल कर्मियों से गंदगी न फैलने स्टेशन परिसर, रेलवे कॉलोनी और साफ रखने का आग्रह किया। साथ ही यातायात निरीक्षक ज्योतिर्मयी साहा ने लोगों से अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखने, शौचालय का उपयोग करने सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने,जल जमीन को प्लास्टिक कचरा मुक्त करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मुन्ना रविदास, लाल्टू भौमिक, मोनी कुमार सिंह, चंदन प्रसाद,शब्बीर हुसैन,सुशील शाह, उजय राय, अंकित मंडल, निर्भय सिंह,तनयम पोद्दार, अमन भगत, रतुल दे, ओम प्रकाश नाथ, अंकित मंडल आदि मौजूद थे।

## जूते-चप्पल के दुकान में चोरी का प्रयास

**दुमका।** जिले में चोरी का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। ऐसा कोई दिन नहीं जा रहा है, जब चोर चोरी की घटना को अंजाम नहीं दे रहे हो। शनिवार की रात चोरों ने शहर के वीर कुंवर सिंह चौक में जूता की दुकान में चोरी का प्रयास किया। चोर ने दुकान का ताला तोड़ दिया, लेकिन अंदर घुसने से पहले ही भाग निकले। रविवार को घटना की जानकारी मिलने के बाद नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच छानबीन में जुट गई।

# इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों को मुर्शिदाबाद धुलियान मे किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों बेहतर कार्य निस्वार्थ भाव से मानव सेवा देते आ रहे है। पाकुड़ के इस संस्था ने रक्तदान से लेकर असहाय गरीब परिवार, यातिम जरूरतमंदो को मदद करते आ रहे है, रक्तदान के मामले मे बंगाल, बिहार जैसे राज्य मे अपना जलवा बिखर रहे है।

इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों 247 कही न कही खून कि जरूरत पड़ने पर खून की व्यवस्था करके देते है, समूह के अध्यक्ष ने कहा मानव का कोई विकल्प नहीं होता है सभी युवाओं से स्वस्थ जीवन मे रक्तदान करने कि किया अपील मुर्शिदाबाद धुलियान मे रक्तदान शिविर मे वर्ल्ड लाइफ फाउंडेशन एवं आल अलामीन वॉलफेयर ट्रस्ट के द्वारा एक रक्तदान शिविर और सम्मानित समारोह का आयोजन किया है, बहु चर्चित इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों को इनविटेशन किया।

सदस्यों को सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी देकर मंच मे सम्मान किया गया`समूह के अध्यक्ष बानिज शेख, उप अध्यक्ष सेनाउल अंसारी, अलाउद्दीन और मोसराफ शेख सह काफी सारे ट्रस्टी मौजूद रहे `इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों को बंगाल मे किया गया सम्मानित।

पाकुड़ इंसानियत फाउंडेशन के चर्चे अब बंगाल के कई जिलों मे हो रहा है जैसे मुर्शिदाबाद, मालदा, बिरभूम और कोलकाता आदि। रक्तदान मामले मे इस संस्था ने 247 घंटा कही न कही असहाय गरीब जरूरतमंदो को खून दान कर एवं आर्थिक दान मदद कर रहा है ज्यादातर युवा शिक्षित बेरोजगार है फिरभी हौसला कम नहीं है।



# बारिश के बीच मकान ढहा, प्रशासन से गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**हिरणपुर (पाकुड़ )।** अंचल क्षेत्र अंतर्गत मुगाडांगा पंचायत के खिदिरपुर गांव में हाराधान मंडल का कच्चा मकान बारिश के बीच ढह गया है। इसे लेकर पीड़ित ने अंचल कार्यालय में आवेदन देकर अंचलाधिकारी से मदद की गुहार लगाते हुए प्रधानमंत्री आवास निर्माण की मांग की है। पीड़ित के अनुसार वो काफी गरीब परिवार से है। किसी तरह मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता है। उसके पिता भी काफी बीमार रहते हैं। पीड़ित के अनुसार बीते दिनों हुई जोरदार बारिश के बीच उनका एक कच्चा मकान ढह गया। जिसमें वो खुद तो रहता ही था साथ ही बकरी, गाय व अन्य मवेशियों को भी रखता था। गनीमत रही की मकान ढहने के समय उसमें कोई मौजूद नहीं था। उसके अनुसार एक ओर छोटा सा कच्चा मकान है, वो भी गिरने के हालत में है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द मदद की गुहार लगाई है।



# पौष्टिक भोजन छात्र छोत्राओं के बीच वितरित की गई

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के खरखोदिया पंचायत अंतर्गत आदर्श मध्य विद्यालय खरखोदिया में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण कार्यक्रम के तहत ग्रामीण सह केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान चंदन कुमार झा द्वारा आठवीं कक्षा के सभी छात्रों को विशेष पौष्टिक रुचिकर भोजन पैकेट वितरित की गई। चंदन कुमार झा द्वारा पूडी, सब्जी, बुंदिया, जलेबी, मिठाई से भरा रुचिकर भोजन का पैकेट आठवीं कक्षा के 83 छात्र, छात्राओं को उपलब्ध कराया। चंदन कुमार झा इसी विद्यालय के छात्र रहे हैं। इसी आदर्श मध्य विद्यालय खरखोदिया में पढ़ लिखकर वे आज सरकारी सेवा में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल, महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, केरल आदि प्रदेशों में पूर्व से यह उच्च विचार का कार्यक्रम चल रहा है। झारखंड सरकार द्वारा भी अब इस पर पहल की गई है। उन्होंने कहा कि जैसे ही उसे इस बात का पता चला तो उन्होंने उत्सवी माहौल में स्कूली बच्चों को विशेष रुचिकर भोजन उपलब्ध कराया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कौशल किशोर ठाकुर ने कहा कि उत्सव माहौल में कोई भी ग्रामीण अपने क्षमता के अनुसार विद्यालय के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित कर रुचिकर पौष्टिक आहार उपलब्ध करा सकते हैं। कहा कि जब भी कोई ग्रामीण अपने घर पर किसी प्रकार का आयोजन करते हैं तो उसमें भी छात्र-छात्राओं को रुचिकर पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा सकते हैं। ताकि यह एक संदेश जाए और कमजोर बच्चों को भी इस प्रकार पौष्टिक आहार मिलते रहे। जिससे कि बच्चे स्वस्थ्य और सुरक्षित रहें। प्रधानाध्यापक कौशल किशोर ठाकुर के अलावे प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश रमन ठाकुर, मुखिया मनोरंजन कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अनिल यादव,प्रखंड साधन सेवी अनीता झा, शिक्षक संदीप सिंह, हरिशंकर झा, अक्षय तिवारी, देव कुमार मिश्रा, कंचनमालानंद झा, रंजुला देवी, रसोईया सावित्री देवी, ललिता सोरेन, छात्र-छात्राएं शामिल थे।



## बिजली का करंट लगने से मजदूर की मौत

**दुमका।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मुड़ाबहाल में रविवार को दुकान में काम करने के दौरान करंट लगने से 60 साल के लडरू राय की मौत हो गई। परिजनों के अनुरोध पर पुलिस ने बगैर पोस्टमार्टम के शव को सौंप दिया।जानकारी के अनुसार मुड़ाबहाल का लडरू चौक में एक मिठाई दुकान में काम कर रहा था। इसी क्रम में उसने पानी का मोटर चलाने के लिए हाथ बढ़ाया। बारिश की वजह से जमीन नम थी और वह नंगे पैर था। इसलिए मोटर में हाथ लगाते ही करंट लग गया। बेहोशी की हालत में उसे फूलों-झानो मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराने का प्रयास किया।

**एक नजर में**

## मतदाताओं को सीओ ने किया सम्मानित

**गढ़वा।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के मौके पर रविवार को 80 वर्ष से अधिक उम्र वाले मतदाताओं को सम्मानित किया गया। घर-घर जाकर गढ़वा विाानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाचक निबांन पदाािकारी सह सीओ कुमार मयंक भूषण ने घर-घर जाकर वृद्धजन मतदाताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर वृद्धजन मतदाताओं से श्री भूषण ने मतदान दिवस के दिन अपने मत का इस्तेमाल अवश्य करने का अनुराा किया। उन्होंने कहा कि आपके मत का प्रयोग करने से नई पीढ़ी भी मतदान के लिए प्रेरित होगी।

## जय मां शेरावाली संघ का पुनर्गठन

**गढ़वा।** जय मां शेरावाली संघ भगलपुर टंडवा की एक बैठक आयोजित कर दुर्गा पूजा महोत्सव ाूमाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा के सफल संचालन के लिए कमिटी का पुनर्गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सुनील कुमार को सातवीं बार अयक्ष बनाया गया।

## जायंट्स ग्रुप ने की श्रमदान कर साफ सफाई

**गढ़वा।** गांाी जयंती के अवसर पर एक घंटे एक साथ पूरे देश मे स्वच्छता कार्यक्रम के तहत जायन्ट्स ग्रुप अफ गढ़वा के तत्वावधान में श्रमदान कर पूरनचंद चौक एवं आसपास साफ सफाई की गयी। इस दौरान पलामू के गांाी के रूप में जाने जाने वाले पूरनचंद की प्रतिमा की सफाई कर उन्हें माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर पदाािकारियों ने महात्मा गांाी को याद किया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही।

## सामूहिक विवाह को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के द्वारा चलाए जा रहे दहेज प्रथा बाल विवाह को बहिष्कार के लिए अभियान तथा छह दिसंबर को आयोजित 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह को सफल करने के लिए जिले के विशुनपुरा प्रखंड में बीडीओ हीरक मानक करकट्टा, प्रखंड प्रमुख, 20 सूत्री अयक्ष शैलेंद्र देव, विाायक प्रतिनिाि ष्णा विश्वकर्मा, जेएसएलपीएस के प्रबांक मोनिका उपायक्ष व पंचायत सचिव आंगनबाड़ी सेविका, रोजगार सेविका एवं सेवक के साथ संस्था सचिव विकास कुमार माली ने एक बैठक की।

## मेराल प्रखंड झामुमो युवा मोर्चा का गठन

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेष कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मेराल प्रखंड झामुमो युवा मोर्चा का गठन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला सचिव मनोज ठाकुर, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह छोटू, शरीफ अंसारी, सुड्डू, फुजैल अहमद आदि लोग उपस्थित थे।

## भाजपा महिलाओं ने घायल महिला का लिया हालचाल

**गढ़वा।** भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं ने रविवार को सदर अस्पताल पहुंचकर सदर प्रखंड के जाटा गांव निवासी घायल ईमली देवी का हालचाल लिया। वहीं पुलिस प्रशासन से न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। सदर अस्पताल से लौटने के बाद पत्रकार वार्ता आयोजित कर महिला मोर्चा की जिलायक्ष अनीता गुप्ता ने कहा कि शहर से सटे जाटा गांव में एक गरीब महिला की निर्वस्त्र कर पिटाई की घटना घटी है। इस मामले में ना ही पुलिस रुचि ले रही है और ना ही गढ़वा विाायक कोई यान दे रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### झारखंड में आफत...

बरियातू, लालपुर और गोंदा थाने की पुलिस उसकी तालाश में लगी है। उसके परिजन, पुलिस सब मिलकर बोडिया नदी तक उसकी तलाश में जुटे हुए थे, लेकिन उसका शव नहीं मिला। अंधेरा हो जाने की वजह से फिलहाल ऑपरेशन रोक दिया गया है। देव प्रसाद राम के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। तीन साल पहले भी इसी तरह तेज बारिश के दौरान कोकर खोरहा टोली आइटीआइ लेन के पुलिया के ऊपर दो युवक बह गये थे। एक को तो किसी तरह बचा लिया गया था, पर दूसरा बाइक समेत बह गया था।

### एक दिन में तीन ...

तेजिंदारपाल ने पहले दो प्रयास में फाउल करने के बाद तीसरे प्रयास में 19.51 मीटर का थ्रो लगाया। उनका चौथा थ्रो 20.06 मीटर का रहा लेकिन पांचवां थ्रो फिर फाउल हो गया। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास आखिरी थ्रो पर 20.36 मीटर था जिसने उन्हें स्वर्ण पदक दिलाया।

**बैडमिंटन टीम ने रजत पदक :** भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम स्वर्ण पदक से चूक गयी। चीन ने फाइनल में भारत को 3-2 से हरा दिया है। भारत को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। टीम इंडिया ने इस स्पर्धा में 37 साल बाद कोई पदक जीता है। भारत की एथलीट ज्योति याराजी ने 100 मीटर हर्डल रेस में रजत पदक जीता। डिस्कस थ्रो में सीमा पूनिया ने कांस्य पदक अपने नाम किया। नंदिनी अगासारा ने 800 मीटर हेप्टाथेलॉन में कांस्य पदक हासिल किया। भारत के मुरली श्रीशंकर ने लॉन्ग जंप में रजत पदक जीता है। पुरुषों के 1500 मीटर दौड़ में भारत को दो पदक मिले। अजय कुमार सरोज ने रजत पदक पर कब्जा किया। वहीं, जिनसॉन जॉनसन ने उनसे पीछे रहे और उन्हें कांस्य से संतोष करना पड़ा। महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में भारत को हरमिलन बैंस ने रजत पदक दिलाया।

### मोदी ने उठाया झाड़ु...

वीडियो में पीएम मोदी झाड़ू लगाते और कचरा उठाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में धीरे-धीरे स्वच्छता का वातावरण बन रहा है। अब तो बच्चे भी बड़ों को गंदगी फैलाने पर टोकने लगे हैं। इस मौके पर पीएम ने कहा, मैं ज्यादा एक्सरसाइज नहीं करता लेकिन रोजमर्रा की जिंदगी के लिए जितना चाहिए... अनुशासन का पालन करता हूं। दो चीजों में अभी अनुशासन का पालन नहीं कर पा रहा हूं। एक तो खाने का टाइम नहीं... और दूसरा, सोने के लिए मुझे समय देना चाहिए, वह मैं दे नहीं पा रहा हूं। इस मौके पर बैयानपुरिया ने कहा, आपसे मिलने का सपना था, वह पूरा हो गया। इससे पहले, केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने बताया कि इस अभियान के तहत देशभर में 9.20 लाख से अधिक स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### सरना धर्म कोड और...

राज्य के सपनों को जगाने के लिए आजसू पार्टी आगे बढ़ चुकी है। सामाजिक न्याय और विकास आधारित होता है। गिव एंड टेक की पॉलिटिक्स करने वालों को हमारे महाधिवेशन और विचार मंथन की समझ नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ों को छला है। आदिवासी समाज के वीरों के सपनों को हाशिये पर छोड़ा है। उन्होंने कहा कि शासन कमजोर, गैरजवाबदेह, भ्रष्टाचार में संलिप्त हो और बेलगाम प्रशासन के हाथों खेलता हो, आम आदमी, पंच, गांव की चौपाल की सत्ता में भागीदारी नहीं हो, तो वहां सुशासन की बात बेमानी होगी।

**समाज, व्यवस्था परिवर्तन आंदोलन होगा :** आजसू सुप्रीमो ने कहा कि उनकी पार्टी दलित, आदिवासी, ओबीसी, अल्पसंख्यक के सामाजिक आधार के दम पर झारखंडी अस्मिता एवं पहचान को पुनर्स्थापित करने के लिए संघर्ष करेगी। पार्टी के संगठनात्मक ढांचों में हर स्तर पर दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़े वर्ग का उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा। आजसू पार्टी युवाओं एवं महिलाओं को गोल बंद कर समाज के सभी वर्गों के सहयोग से स्वशासन से सुशासन तक के समाज एवं व्यवस्था परिवर्तन का आंदोलन प्रारंभ करेगी। उन्होंने कहा कि एक स्कूल में एक शिक्षक है। इतिहास की शिक्षक रसायन शास्त्र भी पढ़ाते हैं। बच्चों का भविष्य से खिलवाड़ है। अस्पताल में चिकित्सक नहीं।

स्पीड न्यूज

### नौसेना के उप प्रमुख बने वाइस एडमिरल तरुण सोबती

**नयी दिल्ली।** वाइस एडमिरल तरुण सोबती को नौसेना स्टाफ का नया उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। उन्होंने रविवार को पदभार ग्रहण किया।

### मप्र में हेलीकॉप्टर ध्रुव की इमरजेंसी लैंडिंग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के बैरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम डूंगरिया में रविवार को वायु सेना के एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव की इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। हेलीकॉप्टर में वायुसेना के 6 जवान सवार थे, जो सुरक्षित हैं।

### जीएसटी संग्रह सितंबर में 10 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** देश में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सितंबर महीने में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 1.62 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में यह चौथा महीना है, जब कर संग्रह 1.6 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है।

### हिमाचल से लौट गया मानसून

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भारी कहर बरपाने वाले दक्षिणी-पश्चिमी मानसून की विदाई शुरू हो गयी। मैदानी क्षेत्रों से मानसून की विदाई हो गयी है। अगले दो-तीन दिनों में पूरे प्रदेश से मानसून वापस हो जायेगा। इस बार मानसून की सामान्य से 20 फीसदी अधिक बारिश हुई है। पिछले चार साल की बारिश का रिकॉर्ड टूट गया है।

### कश्मीर में 30 किलो कोकीन जब्त

**बनिहाल/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित एक आतंकी (नार्को-टेरर) मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक वाहन से 30 किलोग्राम कोकीन बरामद किये हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे बनिहाल इलाके से कोकीन की बरामदगी के बाद पंजाब के दो निवासियों को गिरफ्तार किया गया है।

### भारत में अफगानिस्तान का दूतावास बंद

**नयी दिल्ली।** भारत में अफगानिस्तान के दूतावास का कामकाज रविवार (1 अक्टूबर) से बंद हो गया है। अफगानिस्तान ने शनिवार की रात को घोषणा की कि वह एक अक्टूबर से यहां अपना कामकाज बंद कर रहे हैं।

### असम में 32 जिलों में आफ्सपा खत्म : डीजीपी

**गुवाहाटी।** असम के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने कहा है कि तीन जिलों को छोड़कर रविवार को से असम में आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर एक्ट (आफ्सपा) समाप्त हो जायेगा।यह केवल तीन जिलों डिब्रूगढ़, चराइदेव और शिवसागर में लागू रहेगा।

# विकसित राष्ट्र के लिए आधुनिक हथियारों के साथ मजबूत सशस्त्र बल भी जरूरी : राजनाथ

## रक्षा मंत्री ने रक्षा लेखा विभाग के वार्षिक समारोह में शुरू की कई डिजिटल पहल




**नयी दिल्ली (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) के वार्षिक समारोह में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इसके लिए आधुनिक उपकरणों के साथ मजबूत सशस्त्र बलों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए उत्पाद के बाजार को समझना भी आवश्यक है, इसलिए अनुसंधान और रक्षा क्षेत्र के अधिकारियों को एक स्थायी समिति गठित करने का सुझाव दिया गया है।

अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने डीएडी को रक्षा वित्त का संरक्षक बताया और पारदर्शी एवं कुशल प्रणाली के माध्यम से देश की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयासों को सराहा। राजनाथ सिंह ने कई डिजिटल पहल शुरू करने के साथ ही विभाग की दक्षता और कार्यप्रणाली बढ़ाने के लिए भी सुझाव दिये। उन्होंने डीएडी के अधिकारियों से लगातार बदलते समय में उत्पन्न होने वाली जटिलताओं से निपटने के लिए अपनी पेशेवर क्षमताओं को विकसित करने का आह्वान किया। राजनाथ सिंह ने प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करने और अपनाने के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएआइ) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया।

राजनाथ ने कहा कि जिस तरह बड़े बैंक और वित्तीय संस्थान घरेलू आर्थिक खुफिया और अनुसंधान टीमें विकसित करते हैं, इसी तर्ज पर डीएडी को बाजार अनुसंधान और खुफिया जानकारी के लिए एक इन-हाउस टीम विकसित करने की जरूरत है। इसके लिए उन्होंने अनुभवी लोगों की एक स्थायी समिति बनाने का सुझाव दिया, जो बाजारों पर शोध और अध्ययन करके अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता वाली खुफिया जानकारी दे सके। रक्षा मंत्री ने बाजार स्थितियों के व्यापक अध्ययन के लिए उद्योग संघों, बिजनेस स्कूलों आदि के साथ सहयोग की भी सिफारिश की।

रक्षा मंत्री ने आंतरिक सतर्कता तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि का तुरंत पता लगाकर उसकी समीक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि इससे न केवल समस्या से जल्द निपटने में मदद मिलेगी, बल्कि विभाग के प्रति लोगों का भरोसा भी बढ़ेगा। राजनाथ ने जोर देकर कहा कि सरकार ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है और डीएडी इसे साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा कि अगर हम एक विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं, तो हमें आधुनिक हथियारों और उपकरणों के साथ मजबूत सशस्त्र बलों की आवश्यकता होगी, इसलिए वित्तीय संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करना आवश्यक है।

## ग्लोबल इंडियन अवार्ड पाने वाली पहली महिला बनीं सुधा मूर्ति

एजेंसी



**टोरंटो।** इंफोसिस के सह-संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति की पत्नी प्रसिद्ध लेखिका सुधा मूर्ति को इंडो-कैनेडियन समारोह में कनाडा इंडिया फाउंडेशन द्वारा 'ग्लोबल इंडियन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। ग्लोबल इंडियन अवार्ड हर साल एक प्रमुख भारतीय को दिया जाता है, जिसने अपने चुने हुए क्षेत्र में एक प्रमुख छाप छोड़ी है। इस अवार्ड की राशि 50,000 डॉलर है।

कनाडा इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष सतीश ठक्कर ने शनिवार की रात कहा, 'हमें सुधा मूर्ति को ग्लोबल इंडियन अवार्ड प्रदान करते हुए बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने अपना पूरा करियर आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके द्वारा चुने गए क्षेत्र में सफलता पाने का मार्ग प्रशस्त करने में बिताया है। वह समाज को कुछ वापस देने के लिए उत्साहित हैं। भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा से पुरस्कार स्वीकार करते हुए सुधा मूर्ति ने कहा, आपके देश से यह पुरस्कार पाना मेरे लिए सम्मान की बात है। इस पुरस्कार के लिए उन्हें चुनने के लिए कनाडा इंडिया फाउंडेशन (सीआइएफ) को धन्यवाद देते हुए मूर्ति ने कहा, सीआइएफ महाभारत में कृष्ण की तरह है। कृष्ण देवकी के भी पुत्र हैं और यशोदा के भी। देवकी उनको जन्म देने वाली मां थीं और यशोदा ने उनका पालन-पोषण किया। आप भारत में पैदा हुए हैं, लेकिन यहीं बसे हैं, यह यशोदा है और आपकी माता भारत है। उन्होंने कहा, आप एक अलग भूमि में भारतीय संस्कृति के वाहक हैं। कृपया इसे जारी रखें। सुधा मूर्ति ने हंसी के बीच कहा, इस पुरस्कार के बारे में एक मजेदार बात है, क्योंकि नारायण मूर्ति को भी यह पुरस्कार 2014 में मिला था और मुझे यह 2023 में मिला है। इसलिए पुरस्कार प्राप्त करने वाले हम पहले जोड़े हैं। उन्होंने पुरस्कार राशि द फील्ड इंस्टीट्यूट, टोरंटो विश्वविद्यालय को दान कर दी।

## ओपीएस बहाली को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में जुटे सरकारी कर्मी

एजेंसी

### हुड्डा ने कहा, इस आंदोलन को पूरा समर्थन

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को पुरानी पेंशन स्कीम की मांग को लेकर लगभग 20 अधिक राज्यों के सरकारी कर्मचारी लाखों की संख्या में इकट्ठा हुए। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कर्मचारियों के इस आंदोलन का अपना समर्थन दिया है। बता दें कि इस समय देश के पांच राज्यों में पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) लागू है। इसमें कांग्रेस शासित राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश भी शामिल हैं। इसके अलावा, महागठबंधन शासित प्रदेश झारखंड और आम आदमी पार्टी के शासन वाला पंजाब भी शामिल है। कांग्रेस पार्टी भी इसे वापस लाने की मांग कर रही है। सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि वे कर्मचारियों के इस आंदोलन का पूरा समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन स्कीम कर्मचारियों का हक है। सरकार को इसे लागू करना चाहिए। हुड्डा ने सोशल मीडिया एक्स पर रामलीला मैदान में प्रदर्शन कर रहे लाखों कर्मचारियों की वीडियो पोस्ट कर लिखा, आज दिल्ली के रामलीला मैदान में ओल्ड पेंशन स्कीम बहाली के लिए कर्मचारियों और श्रमिक संगठनों द्वारा किये जा रहे आंदोलन को मेरा पूर्ण समर्थन है।

## अजय माकन बने कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय माकन को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पहले यह जिम्मेदारी पवन कुमार बंसल संभाल रहे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री माकन की नियुक्ति की जानकारी पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को एक विज्ञप्ति के जरिये दी। दो जनवरी 1964 को जन्मे अजय माकन दो बार संसद सदस्य और तीन बार दिल्ली विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं। वे केंद्र और दिल्ली सरकार में मंत्री रहे हैं।

## 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में शामिल हुए अमित शाह



**अहमदाबाद (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती से पहले रविवार को देशभर में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान चलाया गया। 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के संबंध में नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 1 अक्टूबर को देश भर के जन-प्रतिनिधियों के नेतृत्व में महत्तम लोकभागीदार और 'एक तारीख, एक घंटा' के नारे के साथ जगह-जगह महाश्रमदान के कार्यक्रम आयोजित किये गये। गांधीनगर के सांसद और केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद के राणीप में एक तारीख, एक घंटा के स्वच्छता अभियान के साथ आयोजित महाश्रमदान अभियान में भाग लिया।

गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पहुंचे और उन्होंने यहां झाड़ू लगाकर सफाई की। साथ ही, मशीन से भी सफाई करके स्वच्छता का सकारात्मक संदेश दिया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को राजस्थान के कोटा में आयोजित स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर बिरला ने कहा कि स्वच्छता से स्वास्थ्य और समृद्धि आती है।

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार की सुबह स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत दिल्ली के झंडेवाला की अंबेडकर बस्ती में सफाई की। उनके साथ संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी और भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, महासचिव योगेंद्र चांदोलिया सहित कई नेता थे।

## किसानों-पिछड़ों के हितों की अनदेखी कर रही तेलंगाना सरकार : नरेंद्र मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तेलंगाना सरकार पर किसानों और पिछड़ों के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य की वर्तमान स्थिति के लिए दो परिवारवादी पार्टियां (बीआरएस और कांग्रेस) जिम्मेदार हैं। मोदी ने तेलंगाना के महबूबनगर में पार्टी की जनसभा में कहा कि राज्य की भ्रष्ट सरकार ने केवल खोखले वादे किये हैं। कर्जमाफी के वादे के पूरे न होने से कितने ही किसानों को अपनी जान गंवानी पड़ी। राज्य की बीआरएस सरकार ने सिंचाई परियोजनाओं को अपनी काली कमाई का जरिया बना दिया है। यह ऐसी परियोजनाएं हैं, जिनसे राज्य के लोगों को सिंचाई के लिए पानी भी नहीं मिला है। अपनी सरकार के किसान हितैषी कार्यों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि धान किसानों को 27 हजार करोड़ रुपये इस साल की खरीद में दिये गये हैं। यह 2014 के मुकाबले आठ गुना है। किसान सम्मान निधि से किसानों को 10 हजार करोड़ रुपये दिये गये हैं।

## महात्मा गांधी की जीवंत विचारधारा हमेशा प्रासंगिक रहेगी : राष्ट्रपति

एजेंसी

### कहा- गांधी जी ने इतिहास की धारा बदल दी और देश को आजादी मिली

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि महात्मा गांधी की मजबूत और जीवंत विचारधारा दुनिया के लिए हमेशा प्रासंगिक बनी रहेगी। उन्होंने लोगों से देशहित में उनकी विचारधारा और शिक्षाओं का अनुशरण करने का भी आह्वान किया।

गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, गांधी जी की सत्य और अहिंसा के आदर्शों ने दुनिया के लिए नया मार्ग प्रशस्त किया है। गांधी जी ने अपने पूरे जीवन में न केवल अंहिसा के लिए लड़ाई लड़ी, बल्कि उन्होंने स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और किसानों के अधिकारों के लिए भी काम किया। वह अस्पृश्यता, सामाजिक भेदभाव और निरक्षरता के खिलाफ लड़े। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने लोगों को स्वतंत्रता संघर्ष में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया और बड़े आंदोलन का नेतृत्व किया। इससे इतिहास की धारा बदल गयी और आजादी मिली। राष्ट्रपति ने कहा, मैं सभी नागरिकों की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 154वीं जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

उन्होंने कहा कि मार्टिन लूथर किंग जूनियर, नेलसन मंडेला, बराक ओबामा और दुनिया के कई अन्य नेता गांधी जी के विचारों से प्रभावित हुए। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, गांधीजी की मजबूत और जीवंत विचारधारा हमेशा दुनिया के लिए प्रासंगिक रहेगी। आइये, खुद को देश के कल्याण के लिए समर्पित करने के वास्ते गांधी जयंती के इस पावन अवसर पर हम उनके मूल्यों और शिक्षाओं को अपने विचारों, वाणी और कार्य में शामिल करने का संकल्प लें।

### सुशांत की याद में दिशा ने शेयर किया इमोशनल पोस्ट



भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के जीवन पर आधारित फिल्म एमएस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी को रिलीज हुए सात साल हो गये हैं। इस मौके पर दिशा पटानी ने सुशांत की याद में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। 2016 में रिलीज हुई इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत ने महेंद्र सिंह धोनी का किरदार निभाया था। इसके साथ ही इस फिल्म में दिशा पटानी और कियारा आडवाणी ने भी अहम भूमिका निभायी थी। इस फिल्म को रिलीज हुए सात साल हो गये हैं। इस मौके पर दिशा पटानी ने सुशांत की याद में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। दिशा ने पोस्ट में फिल्म की एक छोटी सी क्लिप शेयर की और लिखा, इस खूबसूरत सफर के लिए आभारी हूं और हिंदी सिनेमा में मेरी पहली फिल्म के लिए प्यार।

## वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर वर्जन का फर्स्ट लुक आया सामने



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश की पहली सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर वर्जन का पहला लुक सामने आ गया है। सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। बता दें कि वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर वर्जन की पहली ट्रेन अगले साल फरवरी के अंत तक पटरियों पर आने की संभावना है। ज्ञात हो कि 15 फरवरी 2019 को पहली वंदे भारत ट्रेन शुरू हुई थी।

जानकारी के अनुसार, वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर वर्जन में 857 बर्थ होंगी। इनमें 823 बर्थ यात्रियों के लिए और 34 वर्ष स्टाफ के लिए आरक्षित रखी जायेंगी। प्रत्येक कोच में एक मिनी पैंट्री भी होगी। वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर कोच का लुक अच्छा दिख रहा है। बता दें कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने चेन्नई में एक कार्यक्रम में कहा था कि अगले साल मार्च 2024 में वंदे भारत एक्सप्रेस का स्लीपर वर्जन लांच हो जायेगा। अभी देश में 30 से अधिक रूटों पर चेयर कार वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन हो रहा है।

चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के जनरल मैनेजर बीजी माल्या ने 16 सितंबर को बताया था कि इसी वित्त वर्ष के दौरान वंदे का स्लीपर वर्जन लांच किया जायेगा। साथ ही, वंदे मेट्रो भी चालू वित्त में लांच की जा सकती है। माल्या ने बताया कि अभी स्लीपर वंदे भारत ट्रेन को बनाया जा रहा है और इसे मार्च 2024 में लांच किया जायेगा।

### अमेरिका में शटडाउन के बादल छंटे, कांग्रेस ने भी दी फंडिंग बिल को मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस ने भी फंडिंग बिल को मंजूरी प्रदान कर दी। अमेरिकी कांग्रेस ने संघीय एजेंसियों को अगले 45 दिन तक चालू रखने और सरकारी शटडाउन को रोकने के लिए शनिवार को 11वें घंटे में फंडिंग बिल को पारित कर दिया। उम्मीद जतायी जा रही है कि राष्ट्रपति जो बाइडन इस पर हस्ताक्षर करेंगे। हालांकि, इस समझौते में राष्ट्रपति के अनुरोधित युद्धग्रस्त यूक्रेन को सहायता नहीं दी गयी है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गयी है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अगर यह बिल पास नहीं होता, तो लाखों सरकारी कर्मचारियों को बिना वेतन के घर भेजा जाना तय था। यही नहीं, सैन्य अभियानों, खाद्य सहायता से लेकर संघीय नीति निर्धारण तक प्रभावित हो सकता था। इससे पहले, अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने संघीय सरकार के 45 दिन की फंडिंग के लिए पेश किये गये बिल को मंजूरी दी है। प्रतिनिधि सभा ने समझौता निधि उपाय बिल को 335-91 मतों के अंतर से पारित किया।

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति : चंद्रयान 3 की तरह बन रहा पूजा पंडाल

### खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चंद्रयान-3 की सफलता की कहानी इस बार राजधानी के पूजा पंडालों में देखने को मिलेगी। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति 56 सेट इस वर्ष अपनी 61वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस वर्ष को खास बनाने के लिए पूजा समिति ने चंद्रयान 3 का प्रारूप बनाने का निर्णय लिया है।

समिति के अध्यक्ष गोपी दुबे ने बताया कि पूजा समिति द्वारा चंद्रयान 3 का प्रारूप बनाया जा रहा है। यह राजधानी में विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। पंडाल के निमार्ण में कोलकाता के कारीगर दिन-रात लगे हुए है। पंडाल की ऊंचाई 40 फीट चौड़ाई 35 फीट लंबाई 40 फीट होगी।

पूजा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि पूजा पंडाल में मां भागवती की नौ दिनों तक विधि विधान के साथ पूजा होती है। इस मौके पर बच्चों के लिए कई प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि देवी दुर्गा सहित अन्य देवी देवताओं के मूर्ति का निर्माण स्थानीय मूर्तिकार कर रहे हैं। पूजा समिति के सचिव विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि अष्टमी और नवमी के दिन भोग का वितरण किया जायेगा। पूजा पंडाल के आसपास विशेष विद्युत सज्जा की जायेगी। समिति के संस्थापक सदस्य कपिल देव सिंह, मुख्य संरक्षक आलोक दुबे, अध्यक्ष गोपी दुबे, सचिव विजय कुमार गुप्ता, मुख्य पुजारी उदय शंकर मिश्रा पूजा को भव्य बनाने में दिन-रात लगे हुए हैं।

### बरसात होने पर सड़क की स्थिति ठीक नहीं रहती है, यहां पर डस्ट गिराने की जरूरत है : गोपी दुबे



**पूजा समिति** के अध्यक्ष गोपी दुबे का कहना है कि बरसात होने पर में सड़क की स्थिति ठीक नहीं रहती है। यहां पर डस्ट गिराने की जरूरत है, जिससे लोगों को सुविधा हो। हम लोग स्थानीय विधायक से निवेदन करेंगे कि पूजा से पहले सड़क पर डस्ट गिरा दिया जाए।

### जय श्रीराम के उद्घोष कर संतों ने देखा राम मंदिर का निर्माण कार्य

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे भव्य दिव्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आमंत्रण पर रविवार को रामनगरी के तीन सौ से अधिक साधु-संतो, महंतों ने निर्माण कार्य का अवलोकन कर आह्लादित हुए । निर्माण स्थल पर पहुंचते ही सभी ने जय श्रीराम का उद्घोष गुंजायमान किया। ट्रस्ट ने अयोध्या के सभी प्रमुख संतों को राम मंदिर निर्माण की प्रगति से अवगत कराया और निर्माण स्थल पर फोटो, वीडियो बनाने का मौका दिया। निर्माण स्थल पर प्रवेश करने पर सभी संत महन्त प्रसन्न दिखायी दिये। सभी ने गर्भगृह, निर्माण स्थल पहुंचकर मंदिर निर्माण की प्रगति को देखते हुए अर्ध निर्मित मंदिर के विभिन्न हिस्सों में खड़े होकर सेल्फी और ग्रुप फोटो भी खिंचवायी। संतों ने मीडिया से बातचीत में कहा कि आज अयोध्या ही नहीं, पूरे भारत और पूरे विश्व के सनातनी और संत समुदाय मुदित हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !